# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

सोमवार, 03 नवम्बर , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 296, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## कंपनियों की पूंजी 95447 करोड़ बढ़ी

10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 95,447 .38 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 14

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन की आज शुरुआत करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन नवंबर को पहले उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। } 16

# भारत की बेटियों ने रचा इतिहास, बनी वर्ल्ड चैंपियन

### टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया, दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया

मुंबई। भारत की महिला टीम इतिहास रच दिया है। टीम इंडिया ने महिला वनडे विश्व कप 2025 के फाइनल में द. अफ्रीका को 52 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में सात विकेट पर 298 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 246 रन पर सिमट गई।

दीप्ति शर्मा ने पांच विकेट लेकर मैच पलट दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल वोल्वार्ट की 101 रन की पारी बेकार गई। 298 का यह किसी भी विश्व कप फाइनल में भारत का सबसे बड़ा स्कोर है और ओवरऑल महिला वनडे विश्व कप फाइनल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे ऊपर केवल 2022 में ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड के खिलाफ 356/5 का स्कोर है, जो अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने 58 रन और शेफाली ने 87 रन की पारी खेली। इसके अलावा स्मृति मंधाना ने 45 रन बनाए। वहीं, ऋचा घोष ने 24 गेंद में 34 रन की तूफानी पारी खेली। जेमिमा रॉड्रिग्स 24 रन और कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, अमनजोत कौर ने 12 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने तीन विकेट लिए। वहीं, मलाबा, डी क्लर्क और क्लो ट्रायोन को एक-एक विकेट मिला। (विस्तृत खेल पेज पर)







खेल के मैदान में ऑपरेशन सिंदूर। नतीजे बिल्कुल वैसे ही है। भारत जीता। हमारे क्रिकेटरों को शुभ कामनाएं। प्रिय टीम इंडिया, विश्व कप में आपकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प काबिले तारीफ था। आपने पूरे जोश के साथ खेला और देश का नाम रोशन किया। हम आज और हमेशा आपके साथ हैं। — नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



ऐतिहासिक विजय !विश्वविजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हार्दिक अभिनंदन। देशवासियों को हृदयतल से बधाई। आप सभी देश का गौरव हैं। भारत माता की जय। — योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

## संक्षेप

### अमेरिका में शटडाउन से खाद्य वितरण केंद्रों पर लगीं लंबी कतारें

लुइसविले। अमेरिका में सरकारी शटडाउन के कारण संघीय सरकार ने सप्लीमेंटल न्यूट्रिशन असिस्टेंस प्रोग्राम (एसएनएपी) पर रोक लगा दी, जिसके बाद खाद्य वितरण केंद्रों और दुकानों पर मुफ्त भोजन एवं किराने का सामान लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। न्यूयॉर्क के ब्रॉन्क्स इलाके में शनिवार को वर्ल्ड ऑफ लाइफ क्रिश्चियन फेलोशिप इंटरनेशनल पैंट्री में सामान्य से लगभग 200 अधिक लोग पहुंचे। कुछ लोग सुबह चार बजे ही पहुंच गए ताकि वे फलों, सब्जियों, ब्रेड, दूध, जूस, सैंडविच आदि सामान हासिल कर सकें। इस पैंट्री में स्वयंसेवा करने वालीं मैरी मार्टिन खुद भी यहां से खाद्य सहायता लेती हैं। मार्टिन ने कहा, अगर मेरे पास यह पैंट्री न होती, तो मुझे नहीं पता हम कैसे जीते।

### हत्या के 3 दोषियों को आजीवन कारावास

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने हत्या के मामले में आरोपी तीन लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी है और उनपर जुर्माना भी लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द्वितीय) रामलाल ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद शनिवार को हत्या के तीन आरोपियों- मनीष कुमार वर्मा, नन्हे लाल वर्मा एवं सुनील वर्मा को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उनपर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि एक किशोर आरोपी का मामला किशोर न्याय बोर्ड को विचारार्थ भेज दिया गया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के ओरी का ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था से ही पूरे होंगे सुशासन के लक्ष्य : योगी

### विश्वविद्यालयों में ई-कोर्ट, साइबर लॉ और एआई आधारित प्रशिक्षण पर सरकार दे रही जोर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रदेश और देश दोनों के लिए गौरव का विषय है। यहां से निकलने वाले छात्र समाज और राष्ट्र की न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में दिया जाने वाला दीक्षा मंत्र, 'सत्यं वद्, धर्मं चर' (सत्य बोलो, धर्म का आचरण करो) भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा की नींव है। यही भावना हमारे संविधान, संसद और न्यायपालिका के बोधवाक्य धर्मो रक्षति रक्षितः और यतो धर्मस्य ततो जयः में भी प्रतिबिंबित होती है। सीएम योगी ने कहा कि धर्म हमारे लिए जीवन पद्धति का हिस्सा है, जबकि उपासना आस्था का विषय है। धर्म का अर्थ है अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना। इसी भावना के साथ युवाओं को आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता के लिए एक सुदृढ़ न्यायिक प्रणाली अत्यंत आवश्यक है। न्याय व्यवस्था जितनी मजबूत होगी, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना उतना ही सरल होगा। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्राचीन काल का रामराज्य भेदभाव रहित और न्यायसंगत शासन का प्रतीक था, जिसे आज की आधुनिक व्यवस्था में सुशासन के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ई-कोर्ट प्रणाली, वैकल्पिक विवाद निपटान (अऊफ़), साइबर लॉ प्रशिक्षण, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर विशेष जोर दिया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में आधुनिक प्रशिक्षण कक्ष, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और छात्रावास के निर्माण कार्य भी कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारियों, अभियोजकों, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के स्किल डेवलपमेंट और प्रशिक्षण के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के ...शेष पृष्ठ 14 पर



# इसरो ने नौसेना के लिए लॉन्च किया जीसैट-7आर सैटेलाइट

एजेंसी

हरिकोटा। इसरो ने श्रीहरिकोटा से भारतीय नौसेना के लिए निर्मित अपने शक्तिशाली रॉकेट एलवीएम3-एम5 के जरिए सीएमएस-03 (जीसैट-7आर) संचार उपग्रह को आज सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। तकरीबन 4000 किलोग्राम वजनी यह उपग्रह अब तक का भारत का सबसे भारी संचार उपग्रह है। इसके जरिए नौसेना को समुद्र में बेहतर संचार सुविधा और समुद्री क्षेत्र की निगरानी में बड़ी मदद मिलेगी।

इस उपग्रह में कई देश में विकसित अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण लगाए गए हैं, जो भारतीय नौसेना की संचालन क्षमता को और मजबूत बनाएंगे। इसरो के अनुसार, सीएमएस-03 रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हुआ है, इसरो ने इसे परफेक्ट इंजेक्शन बताया है। इसरो के एलवीएम-एम5 द्वारा सीएमएस-03 संचार उपग्रह के प्रक्षेपण पर, इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा, 'सीएम-03 उपग्रह एक बहु-बैंड संचार उपग्रह है, जिसकी कवरेज भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में है, और इसे कम से कम 15 वर्षों तक संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह में कई नई तकनीकों का समावेश है और यह आत्मनिर्भर भारत का एक और ज्वलंत उदाहरण है। मैं देश की संचार ...शेष पृष्ठ 14 पर



# उत्तराखंड आस्था, संस्कृति और प्रकृति का अद्भुत संगम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में दो महत्वपूर्ण आगंतुक केन्द्रित परियोजनाओं फुट ओवर ब्रिज और घुड़सवारी क्षेत्र का लोकार्पण किया।

इन दोनों सुविधाओं के उद्घाटन के

> ❍ राष्ट्रपति निकेतन में आगंतुक केन्द्रित दो परियोजनाओं को किया लोकार्पित

साथ राष्ट्रपति निकेतन को आधुनिक अवसंरचना, सुरक्षा और हिमालयी सांस्कृतिक विरासत के संगम के रूप में एक नया आयाम प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उत्तराखंड की धरती पर पर्वतों की शांति, नदियों की निर्मलता और लोकजीवन की जीवंतता एक साथ धड़कती है। यह राज्य न केवल प्रकृति की गोद में बसा है, बल्कि भारत की आध्यात्मिक आत्मा का भी प्रतिबिंब है। राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन परिसर में निर्मित यह 105 फीट लंबा फुट ओवर ब्रिज अपनी भव्यता और पारंपरिक स्थापत्य के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। 9 करोड़ की लागत से राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा केवल छह महीनों में पूर्ण की गई इस परियोजना को 'हिमालयी डिजाइन की आधुनिक मिसाल' कहा जा रहा है। पुल के निर्माण में स्थानीय पत्थर, लकड़ी और इस्पात का समन्वित उपयोग किया गया है, जिससे यह परंपरा और तकनीक दोनों का संगम प्रस्तुत करता है। रैंप, रेलिंग और एंटी-स्लिप पथ जैसी ...शेष पृष्ठ 14 पर



# चुनाव में हिंसा बर्दाश्त नहीं

कानपुर। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव कानून-व्यवस्था के दायरे में पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे। कुमार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, निर्वाचन आयोग चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। बिहार में चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे तथा सभी मतदाताओं को लोकतंत्र का उत्सव मनाने का अवसर मिलेगा। मतदान कानून-व्यवस्था के दायरे में होगा। उन्होंने कहा, किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मतदाता शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से अपना वोट डाल सकेंगे। निर्वाचन आयोग इसके लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, मैं यह स्पष्ट कर देना ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भीषण सड़क हादसे में 15 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

जोधपुर। जोधपुर जिले के मतोड़ा क्षेत्र में रविवार शाम एक टैंपो ट्रैवलर के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से 15 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। । हादसे में मारे गए सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन कर जोधपुर लौट रहे थे। सभी जोधपुर के सूरसागर इलाके के निवासी हैं।

फलोदी के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में 10 महिलाएं, चार बच्चे और एक चालक शामिल हैं। वहीं घायलों को मतोड़ा से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हादसे की खबर मिलते ही जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश मथुरादास माथुर एमडीएम अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक डॉ. विकास राजपुरोहित के साथ घायलों के इलाज की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। फलौदी थाना प्रभारी अमानाराम ने बताया कि ये परिवार कोलायत मेला दर्शन के लिए गए थे। वापसी के दौरान ये भीषण हादसा हो गया। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामले में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा है कि सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को सभी घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति दें तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।



**विशेष खबर** प्रधानमंत्री मोदी ने पटना में रोडशो किया, राजग के घोषणा पत्र को बिहार के विकास का दस्तावेज बताया

# विकसित बिहार का मतलब है युवाओं को रोजगार देना

एजेंसी

आरा/नवादा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि विकसित भारत की बुनियाद बिहार है और विकसित बिहार का अर्थ है राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार की जनता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को रिकॉर्ड संख्या में सीट दिलाने जा रही है और जंगलराज को करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री ने आरा में आयोजित एक चुनावी सभा में कहा कि राजग का घोषणापत्र बिहार के तेज विकास के लिए समर्पित एक दूरदर्शी दस्तावेज है। यह ईमानदार और स्पष्ट सोच वाला घोषणापत्र है, जबकि जंगलराज वाले झूठे वादों का पुलिंदा लेकर आए हैं। लेकिन, ये जनता है, सब जानती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों के हित में कदम और महिलाओं के सशक्तीकरण के उपाय-ये सभी राजग के घोषणापत्र के प्रमुख बिंदु हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम यहां एक रोडशो का नेतृत्व किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री और जद (यू) नेता राजीव रंजन सिंह ललन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद के साथ दिनकर गोलंबर से रोडशो शुरू किया। प्रधानमंत्री ने अपने वाहन से शहर की सड़कों से गुजरते समय सड़क के दोनों ओर और इमारतों के ऊपर खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। मोदी ने कहा कि 1.30 करोड़ महिलाओं को उनके खातों में 10,000 रुपये मिले हैं। बिहार में देश की सबसे अधिक युवा आबादी है, इसलिए हमारा घोषणापत्र युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) और कुटीर उद्योगों के नेटवर्क का और अधिक विस्तार किया जाएगा तथा बिहार जल्द ही पूर्वी भारत का प्रमुख वस्त्र और पर्यटन केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा, बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राजग प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत छोटे किसानों को 6,000 रुपये दिए हैं, ...शेष पृष्ठ 14 पर



# दुलार चंद यादव हत्याकांड में अनंत सहित तीन गिरफ्तार

एजेंसी

पटना। बिहार के मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड)-जद (यू) के उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक अनंत सिंह को जन सुराज समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में रविवार तड़के गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो अन्य व्यक्तियों मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम को भी गिरफ्तार किया गया है। राजधानी पटना से करीब 200 किलोमीटर दूर बाढ़ स्थित आवास से अनंत सिंह को हिरासत में ले लिया गया। तीनों आरोपियों को दिन में अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, यादव की हत्या बृहस्पतिवार को पटना जिले के मोकामा क्षेत्र में हुई थी, जब वह जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। यह घटना भदौर और घोसवरी थाना क्षेत्रों के बीच हुई थी। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा ने शनिवार देर रात जिलाधिकारी एस एम थायागराजन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया, पुलिस ने दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में तीन लोगों अनंत सिंह, मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि यादव की मौत हृदय और फेफड़ों पर किसी कठोर ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 29.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 19.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- बौद्धिक निश्चितता पर सवाल उठाएं विधि छात्र : न्यायमूर्ति सूर्यकांत (पृष्ठ-02)
- एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में उत्तराखंड ने रचा इतिहास (पृष्ठ-02)
- वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने शेयर बाजार में 14610 करोड़ डाले (पृष्ठ-14)
- त्योहारी सीजन में पेट्रोल की बिक्री बढ़ी (पृष्ठ-14)

# बौद्धिक निश्चितता पर सवाल उठायें विधि छात्र : न्यायमूर्ति सूर्यकांत

## अदालतें वकीलों की ऊंची आवाजों की नहीं बल्कि सबसे तैयार दिमाग की इज्जत करती हैं : मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत के भावी प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने विधि छात्रों को हमेशा जिज्ञासु बने रहने, लगातार सीखने की ललक रखने और बौद्धिक निश्चितता पर सवाल उठाते रहने की नसीहत देते हुए रविवार को कहा कि वे तंत्र को तात्कालिक रूप में स्वीकार करने के बजाय उसे वैसा बनाने की कोशिश करें, जैसा उसे होना चाहिये।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने लखनऊ स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि वे हमेशा जिज्ञासु बने रहें। उन्होंने कहा कि सीखना एक निरंतर प्रक्रिया है, इसलिए सीखना कभी बंद न करें और बौद्धिक निश्चितता पर भी सवाल उठाना सीखें। उन्होंने कहा, मैं आज पक्के विश्वास के साथ कह रहा हूं कि कानून का पेशा आपका होगा, इसलिए नहीं कि यह आपके सामने एकमात्र रास्ता है, बल्कि इसलिए कि यह वह रास्ता है, जिसे बदलने के लिए आप पूरी तरह से तैयार हैं।

- डॉक्टर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के धूमधाम से मना चौथे दीक्षांत समारोह




न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने छात्र-छात्राओं को बेहतर अधिवक्ता बनने का सूत्र देते हुए कहा, एक विचार जो आपके साथ रह सकता है, वह है उन वकीलों के बीच का फर्क जो सिर्फ जिंदा रहने के लिए काम करते हैं और जो सच्चे मायनों में कामयाब होते हैं। यह फर्क इससे तय नहीं होता कि आप शुरू में कितना जानते हैं, बल्कि आपके जिज्ञासु बने रहने और कभी सीखना बंद न करने की इच्छा से निर्धारित होता है। उन्होंने कहा कि यह विधि विश्वविद्यालय डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के नाम पर है। उन्होंने कहा, लोहिया एक ऐसे इंसान थे जो मानते थे कि बौद्धिक निश्चितता आराम की सबसे खतरनाक श्रेणी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, लोहिया की विरासत हमें सिखाती है कि आगे बढ़ने के लिए यह पूछने की हिम्मत चाहिए कि क्या यह (काम) इस तरह होना चाहिए, या (किसी) अलग तरह से नयापन तब शुरू होता है जब हम सवाल करने की हिम्मत करते हैं। कानून के क्षेत्र में अपने सफर का एक शुरुआती सबक याद करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वह एक बार दो भाइयों के बीच सम्पत्ति के झगड़े के मुकदमे को अति आत्मविश्वास की वजह से हार गए थे। उन्होंने कहा, मुझे खुद पर इतना विश्वास हो गया था कि मैंने अपने ड्राफ्ट (मुकदमे का लिखित दस्तावेज) को दोबारा देखने या अपनी दलीलों को दोबारा जांचने की जहमत नहीं उठाई।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, जब मैं हार गया तो मुझे एहसास हुआ कि मैंने उस मुकदमे के जरूरी सवालों को नजरअंदाज कर दिया था। उस नाकामी ने मुझे हर बार शून्य से शुरू करना सिखाया। हर मामले का बारीकी से अध्ययन करना दरअसल नाकामी से पैदा हुई वह आदत बनी जो मेरी नयी सोच की नींव बन गई। उन्होंने विधि छात्र-छात्राओं से कानून के पेशे को उन्नत बनाने का आग्रह किया और कहा, सालों बाद जब आप इस दिन (दीक्षांत समारोह) के बारे में सोचेंगे तो मुझे उम्मीद है कि आपको सिर्फ यह समारोह ही याद नहीं रहेगा, बल्कि यह आपको ध्यान से सोचने, ईमानदारी से काम करने और हर तरफ से आने वाली जानकारी को स्वीकार करने के लिए भी याद रहेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, इस पेशे को आपकी जरूरत है। आपको इसे मौजूदा स्वरूप में स्वीकार करने की नहीं, बल्कि इसे वैसा बनाने की जरूरत है, जैसा इसे होना चाहिए।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अब अपने जीवन के एक निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुके हैं और अब उनके सामने पेशेवर क्षेत्र का पूरा फलक खुला है। उन्होंने कहा कि अब उपाधि धारकों के लिए कोई पाठ्यक्रम नहीं होगा, बल्कि अब उनके सामने सिर्फ मुवक्किल और कानूनी लड़ाई के नतीजे होंगे।

न्यायमूर्ति भंसाली ने विधि छात्र-छात्राओं को मुकदमों की बारीकी से तैयारी करने पर जोर देते हुए कहा, तैयारी का कोई विकल्प नहीं है। वाक्पटुता एक दिन के लिए चकाचौंध कर सकती है, लेकिन करियर तो तैयारी से ही बनता है। उन्होंने कहा कि अदालतें वकीलों की ऊंची आवाजों की नहीं बल्कि सबसे तैयार दिमाग की इज्जत करती हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीश उन वकीलों को याद नहीं रखते जिन्होंने सबसे ऊंची आवाज में बात की, बल्कि उन्हें याद रखते हैं जिन्होंने दमदार तरीके से बात रखी।

### दीक्षांत समारोह में इन विद्यार्थियों ने प्राप्त किये मेडल

डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में इस वर्ष कई छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विभिन्न श्रेणियों में मेडल प्राप्त किए। एलएलएम वर्ग में हर्षिता यादव ने गोल्ड मेडल, आकृति श्रीवास्तव ने सिल्वर मेडल और ऋषभ ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। वहीं बीए एलएलबी वर्ग में अभ्युदय प्रताप को गोल्ड मेडल, साइमा खान को सिल्वर मेडल तथा दर्शिका पांडेय को ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया गया। बीए एलएलबी ऑनर्स के अंतर्गत विषयवार सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में लॉ ऑफ टेक्सेशन में स्वर्णायती, क्रिमिनल लॉ में मुस्कान शुक्ला और कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ में दर्शिका पांडेय को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। विशेष पुरस्कारों में स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब दर्शिका पांडेय को, बेस्ट मोअरटर ऑफ द ईयर का सम्मान अभ्युदय प्रताप को तथा बेस्ट परफॉर्मेंस इन यूपीएससी/स्टेट पब्लिक सर्विस एग्जाम का पुरस्कार धीरज दिवाकर को मिला। इसी प्रकार साइबर लॉ विषय में अमन कुमार ने गोल्ड, संयुक्ता सिंह ने सिल्वर और प्रांजल पांडेय ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स में आत्रेय त्रिपाठी को गोल्ड, अक्षिता सिंह को सिल्वर और श्रेया अवस्थी को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया। वहीं मीडिया लॉ में राघव त्रिपाठी ने गोल्ड, इशिका गौतम ने सिल्वर और सान्या गांधी ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# देव दीपावली में दिखेगी काशी की दिव्यता और आस्था का संगम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देव दीपावली 05 नवंबर पर काशी एक बार फिर प्रकाश, आस्था और संस्कृति के अनुपम संगम का साक्षी बनेगी। वाराणसी के मनोरम घाटों पर देव दीपावली समितियों तथा कुण्डों और तालाबों पर स्थानीय समितियों द्वारा एक साथ लाखों दीप जलाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, राज्य सरकार तथा महोत्सव समिति, वाराणसी द्वारा 10 लाख से अधिक मिट्टी के दीपों की व्यवस्था की गई है। दीपक, तेल एवं बाती आदि का वितरण राजघाट से प्रारंभ हो चुका है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

- दीप पर्व कार्यक्रम के लिए कुल 20 सेक्टर बनाये गये : जयवीर सिंह



मंत्री ने बताया कि गंगा के घाटों और उसके पार के तटों को सम्मिलित करते हुए दीप पर्व कार्यक्रम के लिए कुल 20 सेक्टर बनाए गए हैं। इनमें प्रत्येक के लिए नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं ताकि व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत शंखनाद और डमरू की गूंज से होगी, जो भगवान शिव की उपस्थिति और काशी की दिव्य ऊर्जा का प्रतीक होगी। शो में भगवान शिव-पार्वती विवाह का दृश्य, भगवान विष्णु के चक्र पुष्करिणी कुंड की कथा, भगवान बुद्ध के धर्मोपदेश, संत कबीर और गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति परंपरा तथा आधुनिक युग में महामना मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित काशी हिंदू विश्वविद्यालय की गौरवशाली यात्रा को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। यह पूरा शो काशी की आत्मा, उसकी परंपरा और आध्यात्मिकता को एक सूत्र में पिरोते हुए यह संदेश देगा कि कण-कण में काशी और रस-रस में बनारस बसता है।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि देव दीपावली की पावन संध्या पर वाराणसी का आकाश रंग-बिरंगी रोशनी और आस्था के प्रकाश से जगमगाने वाला है। श्रद्धालु और पर्यटक इस अवसर पर मनोरम दृश्य के साक्षी बनेंगे, जब 25 मिनट का भव्य श्काशी-कथाश 3-डी प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। इस अद्भुत प्रस्तुति में काशी के प्राचीन गौरव, गंगा की महिमा और भगवान विश्वनाथ की नगरी की आस्था को आधुनिक तकनीक के माध्यम से दर्शाया जाएगा।

संयुक्त निदेशक पर्यटन, दिनेश कुमार ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में 8 मिनट का विशेष लेजर शो भी शामिल होगा, जो दर्शकों को दिव्यता और आधुनिकता के संगम का अनुभव कराएगा। पर्यटकों के लिए 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो का निःशुल्क प्रदर्शन तीन बार- रात्रि 08:15, 09:00 और 09:35 बजे किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस दृश्य का आनंद ले सकें। इसके साथ ही श्री काशी विश्वनाथ धाम के गंगा द्वार के सामने रात्रि 08:00 बजे 10 मिनट की ह्लग्रीन आतिशबाजीह्व का निःशुल्क आयोजन भी किया जाएगा, जो पर्यावरण के अनुकूल होते हुए भी आकाश को दिव्य रंगों से भर देगी। इस पूरे आयोजन का उद्देश्य काशी की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करना है, जिससे देव दीपावली की रात एक अविस्मरणीय अनुभव बन सके।

# प्रदेश में पर्याप्त खाद उपलब्ध : शाही

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में खाद की अद्यतन उपलब्धता की समीक्षा की गई और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है जिसे किसानों को उनकी जोत के अनुपात में उपलब्ध कराया जा रहा है।

- कृषि मंत्री ने की उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा

इसकी समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि रबी 2025-26 सीजन के लिए प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। एमएफएमएस पोर्टल के अनुसार 02 नवंबर 2025 तक कुल 35.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हो चुका है, जिनमें से 9.77 लाख मीट्रिक टन की बिक्री की जा चुकी है। इस प्रकार राज्य में 25.91 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपलब्ध है। यह गत वर्ष की इसी अवधि में उपलब्ध मात्रा 24.32 लाख मीट्रिक टन के सापेक्ष 1.59 लाख मीट्रिक टन अधिक है।



उन्होंने कहा कि रबी सीजन के लिए उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। अभी 4.35 लाख मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है, जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.94 लाख मीट्रिक टन अधिक है। एनपीके 4.80 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। जो गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2.60 लाख मीट्रिक टन अधिक है। इसके साथ ही यूरिया की उपलब्धता 12.71 लाख मीट्रिक है। इसी प्रकार एसएसपी की उपलब्धता 3.03 लाख मीट्रिक टन है। एमओपी की उपलब्धता 1.02 लाख मीट्रिक टन है। इसमें से सहकारिता (कोआपरेटिव सोसाइटी) के पास 5.27 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.80 लाख मीट्रिक टन डीएपी तथा 1.13 लाख मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। कृषि मंत्री ने किसानों से अपील की है कि समितियों और बिक्री केंद्रों पर भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई गई है इसलिए किसान एक साथ भारी संख्या में कतार लगाने के बजाय अपनी सुविधानुसार समितियों या प्राइवेट दुकानों पर जाकर खाद ले सकते हैं। सभी किसानों को उनकी जोत के अनुसार खाद उपलब्ध करायी जाएगी।

# बागवानी में निःशुल्क माली प्रशिक्षण योजना

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार बागवानी क्षेत्र में रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन (राष्ट्रीय बागवानी मिशन) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में माली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

यह प्रशिक्षण बागवानी में दक्षता अर्जित कर पौधशाला स्थापना एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकार की दूरदर्शी नीति का हिस्सा है, जिसके तहत नागरिकों को तकनीकी कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बागवानी और पौधशाला क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें इस प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि न्यूनतम 390 घंटे (लगभग 50 दिन) की होगी। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री तथा एक बार आने-जाने का किराया विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।

औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बस्ती को बस्ती, गोरखपुर एवं आजमगढ़ मण्डल की, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, मलिहाबाद, लखनऊ को अयोध्या, बरेली एवं देवीपाटन मण्डल की, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, खुशरूबाग, प्रयागराज को प्रयागराज, मीरजापुर एवं चित्रकूट मण्डल की, औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर को सहारनपुर, मुरादाबाद एवं मेरठ मण्डल की, अधीक्षक राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ को लखनऊ, झाँसी एवं वाराणसी मण्डल की, सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फार वेजीटेबल कन्नौज को कानपुर, आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के इच्छुक नागरिकों का पंजीकरण कराकर उन्हें माली प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त, किसी भी जनपद के नागरिक अपने निकटतम केंद्र पर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ भानु प्रकाश राम ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ को माली प्रशिक्षण के लिए झांसी, लखनऊ एवं वाराणसी मण्डल का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 1 जुलाई 2025 को अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा शैक्षणिक योग्यता के रूप में कम से कम कक्षा 5 उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य है। आवेदन पत्र 10 नवम्बर सायं 5:00 बजे तक किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राजकीय उद्यान, आलमबाग, लखनऊ में स्वयं जमा किए जा सकते हैं। चयन प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी हेतु मोबाइल/व्हाट्सएप 9451476482, 9919108242 और ईमेल– sgglko@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

- 390 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण, आवास-भोजन व यात्रा व्यय सरकार उठायेगी

# बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से चुनाव प्रबंधन करना होगा : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव बैठक में विगत कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्य एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की। धर्मपाल सिंह ने एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र की क्षेत्रशः समीक्षा की तथा क्षेत्र व जिला के संयोजक, सहसंयोजको से संवाद करते हुए माइक्रो प्लानिंग का मंत्र दिया।

- शिक्षक/स्नातक एमएलसी चुनाव बैठक में आगामी कार्य एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की

पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी चुनाव के प्रदेश संयोजक अमर पाल मौर्य ने विगत कार्यों का बिन्दुवार ब्यौरा बैठक में प्रस्तुत किया। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने संचालन किया। एमएलसी चुनाव के सहसंयोजक के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी, त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री शंकर गिरि व बसन्त त्यागी उपस्थित रहे।




प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से चुनाव प्रबंधन करना होगा, जिससे संख्यात्मक तथा गुणात्मक दृष्टि से परिणाम हमारे अनुकूल होंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूरी तरह से प्रबंधन का चुनाव है, इसलिए अधिकतम मतदाता बनाना, मतदाताओं से सम्पर्क एवं संवाद करना तथा मतदान के दिन अधिकतम मतदान के लिए जुटने की रणनीति बनाकर काम करना होगा।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर पर पार्टी के कार्यकताओं को मतदाता बनाने की जिम्मेदारी सौंपने के साथ ही हमें विचार परिवार के साथ मिलकर काम करना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को योग्यता और क्षमता के आधार पर जिम्मेदारी सौंपना है। व्यापक रूप से लोगों को इस अभियान से जोड़ना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश, क्षेत्र, जिला से लेकर विधानसभा, मंडल तथा बूथ स्तर तक सक्रियता, समन्वय तथा संवाद के साथ ही समीक्षा के फामूर्ले पर काम करना है। शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा विद्यालयों में पहुंचकर मतदाता बनाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे टारगेट तय करते हुए काम करने से काम आसान होता है। कॉलेजो की सूची तैयार करना है तथा टीम वर्क से मतदाता बनाने का काम करना है। स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए घर-घर पहुंचकर मतदाता बनाना है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि वर्तमान में पार्टी के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, सरदार पटेल 150वीं जयन्ती समारोह अभियान, वंदे भारत अभियान, बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव अभियान के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण अभियान चल रहे है। हमें सभी अभियानों में सहभागिता के साथ ही मतदाता पुनरीक्षण अभियान में विशेष रूप से जुटना है। शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव में निश्चित विजय के लिए लक्ष्य निर्धारित करके बड़ी संख्या में मतदाता बनाना है।

# एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में उत्तराखंड ने रचा इतिहास

प्रमुख संवाददाता

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)।** साहसिक खेलों के क्षेत्र में रविवार को उत्तराखंड में नया इतिहास रचा गया है। सीमांत व अतिदुर्गम आदि कैलाश में आज 60 किलोमीटर लंबी अल्ट्रा रन मैराथन आयोजित किया गया जिसमें देश के 22 राज्यों से 700 से अधिक धावकों ने भाग लिया। ऊंचाई, कठोर मौसम और चुनौतीपूर्ण हिमालयी ट्रैक के बीच प्रतिभागियों ने अदम्य साहस, धैर्य और फिटनेस का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश यात्रा के बाद इस क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों में तेजी आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आदि कैलाश जैसे पवित्र व आध्यात्मिक धाम में आयोजित यह ऐतिहासिक अल्ट्रा रन न केवल साहस और समर्पण की मिसाल है, बल्कि यह सीमांत क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन और खेल संस्कृति को नई दिशा देगा। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य और असीम संभावनाओं का प्रतीक है।

- आदि कैलाश में अल्ट्रा रन मैराथन का हुआ आयोजन
- ऐतिहासिक अल्ट्रा रन के आयोजन से साहसिक पर्यटन व खेल संस्कृति को मिलेगी नई दिशा : धामी



मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों का विकास हमारी प्राथमिकता है। अल्ट्रा मैराथन जैसे आयोजन न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देते हैं बल्कि युवा पीढ़ी में साहसिक खेलों के प्रति उत्साह भी पैदा करते हैं। आने वाले समय में उत्तराखंड साहसिक खेलों और पर्वतीय पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनेगा। उत्तराखंड के पौराणिक और आध्यात्मिक धरोहर स्थल आदि कैलाश की पवित्र छाया में आज राज्य की पहली हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह आयोजन उत्तराखंड की साहसिक खेल क्षमता, प्राकृतिक धरोहर और पर्यटन संभावनाओं के नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। रजत जयंती वर्ष के अवसर पर यह आयोजन उत्तराखंड की ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में दर्ज हुआ है, जो राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में एडवेंचर टूरिज्म और खेल संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। आदि कैलाश जैसे पवित्र और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थल से इस साहसिक पहल की शुरूआत को दूरगामी परिणामों वाला कदम माना जा रहा है। प्रतिभागियों ने उत्तराखंड सरकार और जिला प्रशासन की ओर से की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की जमकर प्रशंसा की। धावकों ने कहा कि आईटीबीपी तथा भारतीय सेना का सहयोग और मार्गदर्शन अतुलनीय रहा, जिसने इस कठिन रूट पर आयोजन को सफल और सुरक्षित बनाया।

कार्यक्रम में सचिव पर्यटन, आईटीबीपी के अधिकारीगण, जिला प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान स्थानीय जनता में भारी उत्साह देखने को मिला और हजारों लोगों ने धावकों का उत्साहवर्धन किया।

# निजीकरण और उत्पीड़न के विरोध में विद्युत अभियंता संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी ने पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस न ली गयी और अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं का समय रहते समाधान न किया गया तो प्रदेश के तमाम विद्युत अभियंता 20 नवंबर के बाद आंदोलन शुरु करेगें।

अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव में यह संकल्प दोहराया गया कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निजीकरण का टेंडर होते ही तमाम अभियंता सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारंभ करने के लिए बाध्य होगें जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्ताव में मुख्यतः संयुक्त उपक्रम में बनाई जा रही ओबरा डी और अनपरा ई परियोजना को उत्पादन निगम को दिया जाए, उत्पादन निगम में सैकड़ों की संख्या में अधिशासी अभियंताओं के पद रिक्त होने के बावजूद विगत 4 वर्षों से सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता के पद पर रुकी हुई पदोन्नति तत्काल की जाए, वर्टिकल रीस्ट्रचरिंग के नाम पर निजीकरण करने के लिए अभियंताओं के पदों को समाप्त करने की साजिश तत्काल बंद की जाए।

बैठक के बाद अभियंता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान और महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि विद्युत अभियंताओं ने निजीकरण के विरोध में आंदोलन के साथ-साथ प्रदेश को बेहतर बिजली आपूर्ति देने का सतत प्रयास किया है और अभी भी विद्युत अभियंता इस कार्य में लगें हैं किंतु पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन इसके बदले में अभियंताओं का तरह-तरह से उत्पीड़न करने पर आमदा है। जिसके विरोध में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया गया। अभियंता संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की आज लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यतः अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह, उपाध्यक्ष राहुल बाबू कटियार, संयुक्त सचिव आलोक श्रीवास्त, संगठन सचिव जगदीश पटेल, सहायक सचिव निखिल कुमार सहित तमाम क्षेत्रीय सचिव व शाखा सचिव उपस्थित रहे।

संक्षेप

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, पुलिस जांच में जुटी

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बसावन राहाटीकर में पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला हुआ। घटना शनिवार सुबह लगभग आठ बजे की है, जब पीड़ित गुलाब सिंह पुत्र राम महेश सिंह अपने खेत की ओर जा रहे थे। आरोप है कि पुल के पास नहर के किनारे गांव के ही श्यामलाल पुत्र ननकुट सिंह, रामचंद्र सिंह पुत्र समरजीत सिंह और अनीता देवी पत्नी रंजीत सिंह ने रास्ता रोककर उन पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। थानाध्यक्ष उदयपुर ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## देवी धाम से घंटा चोरी

प्रतापगढ़। देवी धाम में घंटा चोरी होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश पनप उठा। लालगंज कोतवाली के कैथौला बाजार स्थित माँ हरशंकरिन देवी धाम से रविवार को अराजक तत्वों ने मंदिर में लगा घंटा खोल ले गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना की जानकारी होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश पनप उठा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन किया, लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं लग सका। रानीगंज कैथौला चौकी प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। नगर स्थित जंगली वीर बाबा धाम पर रविवार को भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में नगर वासियों के साथ ही आसपास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संयोजक शिव प्रसाद यादव ने आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं का स्वागत किया। भंडारे के दौरान भक्तों ने भजन संकीर्तन भी किया। इस मौके पर चैयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, शिव कुमार गुप्ता, सुनील जायसवाल, जमुना तिवारी, लाल प्रताप सिंह, प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

प्रतापगढ़। आठ दिन पहले इरिक्शा की टक्कर से घायल युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोगों में चीखपुकार मच गई। शव घर पहुंचने पर पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। सांगीपुर थाना के भोजपुर निवासी 38 वर्षीय उमेश मिश्रा उर्फ बड़कऊ बीती चौबीस अक्तूबर को घर जाते समय ईरिक्शा की टक्कर से घायल हो गए थे। गंभीर हालत में उनका किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार की रात उनकी मौत हो गई। रविवार को मृतक का शव घर पहुंचा तो चीखपुकार मच गई। दोपहर बाद परिवार के लोग शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गए। मृतक के आठ वर्ष की एक बेटी है। सांगीपुर एसओ मनीष कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दलित युवक की चाकू मारकर हत्या

मुजफ्फरनगर। जिले में अज्ञात हमलावरों ने एक दलित युवक की चाकू से प्रहार करके हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने संवाददाताओं को बताया कि पीड़ित की पहचान 29 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उसका शव शनिवार को ककरोली थाना क्षेत्र के गढ़ी फिरोजाबाद गांव में एक गन्ने के खेत में मिला और शरीर पर चाकू के कई वार किए जाने के निशान हैं। घटनास्थल से खून से सना एक चाकू और युवक की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बंसल के मुताबिक, सोनू किसी का फोन आने के बाद घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हमलावरों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

## फांसी के फंदे से लटका मिला शव

मुजफ्फरनगर। जिले के फुगाना क्षेत्र में रविवार को एक व्यक्ति का शव पेड़ से फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस के मुताबिक मृतक के परिजनों ने हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाए जाने का संदेह जताया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फुगाना थाना क्षेत्र के खेड़ी गनी गांव के एक बगीचे में रविवार को 40 वर्षीय एक व्यक्ति का शव पेड़ पर लगे फंदे से लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान कृष्ण कश्यप (40) के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मोहाना थाने के दो फरार सिपाही मनाली में गिरफ्तार

## दो की खोज जारी, एसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था

जिला संवाददाता



सिद्धार्थनगर- मोहाना थाना क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे चार सिपाहियों में से दो राजन सिंह और मनोज यादव – शनिवार को हिमाचल प्रदेश के मनाली से गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों को वहां से तुरंत सिद्धार्थनगर के लिए रवाना कर दिया गया है और संभावना है कि रविवार तक इन्हें यहां लाया जाएगा। एसपी ने फरार सिपाहियों पर पहले ही 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। यह मामला कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर (चंपापुर) निवासी रजनीश पटेल पर हुए हमले से जुड़ा है। 22 अक्टूबर की रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर के पास हुई घटना ने पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया था। आरोपी सिपाहियों पर रजनीश को जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने और उन पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। रात में रजनीश अपनी समिति के साथ प्रतिमा लेकर जा रहे थे, तभी कुछ साथी पीछे रह गए। रजनीश ने प्रतिमा रुकवाई और साथियों को फोन कर बुलाया, इसी बीच चारों सिपाहियों ने बीच में आए और प्रतिमा रुकवाने के कारण पूछना शुरू किया। बात बढ़ी तो आरोप है कि सिपाहियों ने रजनीश को जबरन बाइक पर बैठाया और कहीं ले जाकर हमला कर दिया। कुछ देर बाद रजनीश ऊँची पेट्रोल पंप के पास बेहोश हालत में मिले, जिन्हें परिवार ने अस्पताल पहुंचाया। मामले की गंभीरता देखते हुए डीआईजी ने तत्काल जांच बैठाई और निष्कर्ष के बाद मोहाना थाना अध्यक्ष समेत चारों सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया। रजनीश के भाई अवनीश पटेल की तहरीर पर चारों के खिलाफ हत्या के प्रयास, अपहरण व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के बाद जिले में पुलिस विभाग की साख पर भी सवाल उठने लगे थे। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश में सात विशेष टीमें गठित कीं और तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन व होटल चेकिंग के सहारे दोनों तक पहुंच बनाई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मनाली में मौज-मस्ती की खबर मिलने पर विशेष टीम वहां गई और दोनों को गिरफ्तार कर लाई। बताया जा रहा है कि मोबाइल लोकेशन और होटल बुकिंग से अहम सुराग मिलें। गिरफ्तार सिपाहियों राजन और मनोज के अनुसार फरार साथी मंजीत सिंह व अभिषेक गुप्ता नेपाल सीमा क्षेत्र और दिल्ली में छिपे होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। दोनों से पूछताछ में और भी कड़ियाँ मिली हैं, जिन्हें खंगाला जा रहा है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश, बिहार व उत्तराखंड पुलिस से भी समन्वय कर रखा है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने कहा, दो सिपाही मनोज और राजन को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष दो की तलाश लगातार जारी है। पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं – जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। विभाग के भीतर से कोई भी दोषी बच नहीं पाएगा ह्व अधिकारियों ने यह भी कहा कि मामला विभाग की साख से जुड़ा है, इसलिए किसी भी कीमत पर चारों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## सपा-कांग्रेस छोड़ 30 कार्यकर्ता बसपा में शामिल



श्रावस्ती। जनपद की 290-श्रावस्ती विधानसभा के अंतर्गत विकास खंड जमुनहा के ग्राम सिटकहना में आज हारून उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी एवं समाजवादी पार्टी को छोड़कर लगभग 30 लोगों ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश गौतम, मण्डल प्रभारी श्रवण पासी एवं बसपा नेता मो० नसीम चौधरी उपस्थित रहे। मो० नसीम चौधरी ने सभी नव सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि हम सभी 2027 में बहन कु० मायावती जी के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी को श्रावस्ती की दोनों विधानसभाओं में विजयी बनाकर विधानसभा तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से हारून उर्फ गुड्डू, शरीफ खां, अहमद हुसैन, अन्सार अली, मुनीर भाई, हसीब खान, निजाम खां, नसीम, रामनिवास (पूर्व प्रधान), जगदीश प्रसाद (पूर्व प्रधान), छोटेलाल मास्टर, मारूप खान, फैजान, जीसान, दानिश, शमीर, अतिकुर्रहमान, गुलाम मो० हनीफ, इरफान अली, सलीम खां, शादाब अली, शफीक खान, जब्बार, अनी, रफीक, सहवाज, शेख कयूम खां आदि शामिल रहे।

## एनसीसी कैडेट्स ने श्रावस्ती में किया ध्यान



कटरा श्रावस्ती। स्थित बनवारी देवी अशोक कुमार स्मारक महाविद्यालय में चल रहे ऑल इंडिया ट्रैकिंग कैंप के छठवें दिन रविवार को 51वीं यूपी एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल व एडम ऑफिसर कर्नल अनुराग गंजवार के निर्देशन में हरियाणा निदेशालय के कैडेट्स ट्रैकिंग के लिए निकले। लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र कुमार चौहान एवं सूबेदार नंद सिंह की अगुवाई में हरियाणा से आए कैडेट्स ने अपने एनसीसी अधिकारियों के साथ श्रावस्ती भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने महामांकोल छाय धम्मा डिवोटेड लैंड वर्ल्ड पीसफुल सेंटर में ध्यान साधना की। यहां कैडेट्स ने वॉकिंग, सिटिंग व स्टैंडिंग मेडिटेशन किया। डॉ. वांगकोड सिंधीपाल के निर्देशन में ध्यान की विधि और सफल जीवन के सूत्र सीखे। उन्होंने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हर मनुष्य ईश्वर की संतान है, इसलिए अच्छे कर्म करें, अच्छे मित्र बनाएं, बड़ों का आदर करें और समाज तथा देश के हित में कार्य करें – तभी जीवन सफल होता है। कैडेट्स ने इसके बाद बुद्ध विहार व जेतवन परिसर का भ्रमण किया और सभा मंडप, गंध कुटी, बोधि वृक्ष, शिवली स्तूप, कौशाम कुटी, आनंद कुटी व सूर्यकुंड का अवलोकन किया। इस अवसर पर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में चरित्र, अनुशासन, भाईचारा, निस्वार्थ सेवा व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। एनसीसी राष्ट्रसेवा की भावना के साथ युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने हेतु प्रेरित करती है। कार्यक्रम में प्रोफेसर लेफ्टिनेंट डॉ. देवेंद्र चौहान, सूबेदार नंद कुमार सिंह सहित हरियाणा से आए अधिकारी व कैडेट्स उपस्थित रहे।

# वकीलों ने सुरक्षा के मुद्दे पर आंदोलन तेज करने की बनायी रणनीति

- प्रयागराज मंडलीय बैठक में रूरल बार एसोसिएशन ने हस्ताक्षर अभियान के प्रस्ताव पर लगाई मुहर, राष्ट्रपति को भेजा जाएगा ज्ञापन





प्रयागराज। अधिवक्ता सुरक्षा कानून की मांग को लेकर ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन ने आंदोलन को नया मोड़ देते हुए संघर्ष की रणनीति तैयार कर ली है। रविवार को शान्तिपुरम स्थित एसोसिएशन के मंडलीय कार्यालय में हुई मंडलीय एवं जिला इकाई की बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए और अपनी सुरक्षा की मांग को लेकर नारेबाजी की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल और राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी की अगुवाई में हुई इस बैठक में अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान के तहत राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने का प्रस्ताव पारित किया। अध्यक्ष शुक्ल ने कहा कि प्रयागराज समेत प्रदेश के कई जिलों में अधिवक्ताओं पर लगातार प्राणघातक हमले हो रहे हैं, जिससे वकीलों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक पारित नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश में बार काउंसिल के आगामी चुनावों में सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं को मतदान का अधिकार देने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि दो वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अधिवक्ताओं का सत्यापन पूरा न होना चिंताजनक है। इसके साथ ही, आगामी 16 और 17 जनवरी को प्रयागराज जिले के लिए प्रस्तावित बार काउंसिल चुनाव की तारीख मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए परिवर्तित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक का संचालन हाईकोर्ट बार की गवर्निंग पार्टी के पूर्व सदस्य अम्बुज कुमार शुक्ल ने किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु पाण्डेय, हरीश प्रताप सिंह, विजय मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, मधुकर शुक्ल, पवन शुक्ल, अखिलेश त्रिपाठी, एस.पी. शुक्ल, संतोष पाण्डेय, भानु प्रताप सिंह, श्रीश चंद्र पाण्डेय, राजेश तिवारी और दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पानी से भरे गड्ढे में मिले दो बच्चियों के शव

बुलंदशहर। जिले के डिबाई क्षेत्र में रविवार को एक खेत में पानी से भरे गड्ढे से दो बच्चियों के शव बरामद किए गए हैं। पुलिस ने यहां बताया कि डिबाई थाना क्षेत्र के देवी का नगला गांव में रहने वाले दो भाइयों मुकेश और ओमवीर की बेटियां शनिवार शाम खेलते समय लापता हो गई थीं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर कई थानों के पुलिस दलों ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर रात भर तलाशी अभियान चलाया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तेजवीर सिंह ने कहा, "रविवार सुबह बच्चियों के शव गांव के बाहर एक खेत में पानी से भरे गड्ढे में मिले। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि बच्चियां खेलते समय फिसलकर डूब गईं। दोनों की उम्र पांच से सात वर्ष के बीच है। पुलिस ने बताया कि परिवार की शिकायत के आधार पर डिबाई थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बच्चियों की मौत के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## महिला थाना ने बचाये टूटते परिवार, कांउसिलिंग के बाद दंपतियों को एक साथ किया विदा



सिद्धार्थनगर- महिला थाना ने पांच टूटते परिवारों को फिर से जोड़ा है। रविवार को मिशन शक्ति केंद्र में काउंसलिंग के बाद पांच जोड़ों को एक साथ ससम्मान विदा किया गया। वैवाहिक विवादों के बीच यह पहल इन परिवारों के लिए राहत भरी खबर बनी। यह कार्य पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सोरयान के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने अपनी काउंसलिंग टीम के साथ दोनों पक्षों को धैर्य और संवेदनशीलता से सुना। उन्होंने विवाद के मूल कारणों को समझकर मनमुटाव दूर करने और रिश्तों को फिर से जोड़ने का प्रयास किया। काउंसलिंग टीम में उपनिरीक्षक रामनारायण शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, रीना रावत, महिला आरक्षी संगीता गौतम, शिवानी सिंह और नेहा सिंह शामिल थीं। टीम ने सभी दंपतियों को रिश्तों में संवाद और विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।जिन दंपतियों को पुनः एक साथ विदा किया गया, उनमें इंदिरा देवी पत्नी सूरज कसुम्ही, उसका बाजार, लक्ष्मी पत्नी अजीत गनवरिया, इटवा, सजीहा पत्नी मुस्ताक अहमद पीरैला, इटवा, गुड़िया पत्नी शिवकुमार साड़ी, सिद्धार्थनगर और सुमित्रा पत्नी हरिप्रसाद बभनी, सिद्धार्थनगर शामिल हैं। महिला थाना सिद्धार्थनगर की इस पहल ने न केवल इन पांच परिवारों को फिर से जोड़ा है, बल्कि यह भी दर्शाया है कि महिला थाना केवल शिकायत और कार्रवाई तक सीमित नहीं है। यह समाधान आधारित पुलिसिंग और रिश्तों को बचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को ठोस समाधान लाये सरकारः हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि राज्य सरकार को उन विद्यालयों में अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ठोस समाधान लाना आवश्यक है, जहां गरीब ग्रामीणों के बच्चे पढ़ते हैं। अदालत ने राज्य सरकार को उन उपायों से अवगत कराने को कहा जो अन्य संस्थानों और विभागों में चल रहे हैं, जिससे विद्यालयों में अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके।

न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि बांदा जिले के पैलानी में स्थित एक विद्यालय की अध्यापिका इंद्रा देवी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। बांदा के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल में कथित तौर पर इंद्रा देवी के अनुपस्थित पाए जाने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। अदालत ने कहा कि देश की आजादी के बाद से एक प्रभावी उपस्थिति प्रणाली के नहीं होने से गरीब बच्चों की शिक्षा का संवैधानिक अधिकार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

इससे पूर्व, 16 अक्टूबर को अदालत ने राज्य के अधिकारियो को शैक्षणिक संस्थानों में उपस्थिति की निगरानी के लिए जमीनी स्तर पर एक व्यावहारिक नीति बनाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार के स्थायी अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि पूर्व के निर्देश के अनुपालन में प्रदेश के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई है। अदालत ने 30 अक्टूबर को दिए अपने आदेश में कहा, टेक्नोलॉजी के युग में अध्यापकों की उपस्थिति डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निर्धारित समय पर दर्ज की जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि मामूली देरी के लिए थोड़ी नरमी दिखाई जा सकती है, लेकिन आदतन अनुपस्थित रहने वाले अध्यापकों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 10 नवंबर, 2025 तय की।

# नवागत डीएम का स्वागत, निवर्तमान को दी विदाई



श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को भावनात्मक माहौल के बीच निवर्तमान जिलाधिकारी श्री अजय कुमार द्विवेदी को जनपद रामपुर स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई तथा नवागत जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अशोक कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार तथा कलेक्ट्रेट परिवार के अधिकारियों-कर्मचारियों ने निवर्तमान जिलाधिकारी को बुके, स्मृति चिन्ह व भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। तत्पश्चात नवागत जिलाधिकारी श्री अश्विनी का भी अधिकारियों द्वारा बुके और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवागत जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि निवर्तमान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के विकास कार्यों में दिया गया योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराते हुए श्रावस्ती को विकास के नए आयामों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य आधार राजस्व, कानून व्यवस्था एवं विकास है, और यदि सभी अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें तो जिले का सर्वांगीण विकास निश्चित है। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने कहा कि अजय एक कुशल प्रशासक और उत्कृष्ट व्यक्तित्व के अधिकारी हैं, जिन्होंने जिले में कार्य संस्कृति को नई दिशा दी। अपने सम्मान समारोह में निवर्तमान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि श्रावस्ती में सभी अधिकारियों के सहयोग से विकास कार्यों को गति मिली। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, जिन पर आगे भी कार्य जारी रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि उनके नेतृत्व में श्रावस्ती ने कई बार राजस्व और विकास रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जो उनकी कर्मठता का प्रमाण है। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, नाजिर चन्द्रमौली श्रीवास्तव, राजकुमार त्रिपाठी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट,उमेश सिंह,सुनील प्रियदर्शी, सूचना, कोषागार एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने प्राथमिक केंद्रों का निरीक्षण किया



सिद्धार्थनगर- मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने हाल ही में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पीएचसी देई पार और पीएचसी चकचई में कई कमियां पाई गईं, जिसके बाद सीएमओ ने तत्काल सुधार के लिए सख्त निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ ने स्वास्थ्यकर्मियों को अधिक संख्या में गोल्डन कार्ड बनवाने, प्रसवों की संख्या बढ़ाने और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार न होने पर कड़ी चेतावनी भी दी। सीएमओ के इन निर्देशों से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रबंधन को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# श्रावस्ती पुलिस का बहू-बेटी सम्मेलन अभियान सफल



श्रावस्ती। हर बेटी सुरक्षित, हर नारी सशक्त की भावना को साकार करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत श्रावस्ती पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में ह्वबहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती राहुल भाटी के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम एवं क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जिले के सभी 09 थानों – कोतवाली भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला, इकौना, नवीन मॉडर्न चैनपुर, श्रावस्ती व महिला थाना – की मिशन शक्ति एवं शक्ति मोबाइल टीमों द्वारा कुल 16 स्थानों पर सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों में लगभग 1900 महिलाएँ व बालिकाएँ शामिल हुईं, जिनमें आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, गृहिणियाँ, विधवा व तलाकशुदा महिलाएँ प्रमुख रहीं। कार्यक्रम चौपाल जैसी संवादात्मक शैली में हुआ, जहाँ महिलाओं को बताया गया कि – सशक्त नारी ही सशक्त समाज की नींव है, और अधिकारों की जानकारी ही सच्ची स्वतंत्रता है। महिलाओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृशक्ति सम्बल योजना तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न व साइबर अपराध की स्थिति में 1090, 181, 1930, 112, 108, 1098, 102 या मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर संपर्क करने की सलाह दी गई। किशोरियों को बाल विवाह, दहेज प्रथा, नशा, साइबर सुरक्षा और गुड टच-बैड टच जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। आत्मरक्षा के उपायों का प्रदर्शन कर उन्हें आत्मविश्वास और सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया।

श्रावस्ती पुलिस ने स्पष्ट किया कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से हर बेटी, बहू और माँ तक सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश पहुँचाना ही उनका संकल्प है।

# वाहन की टक्कर से अशोक स्तंभ क्षतिग्रस्त, वीडियो वायरल

मेरठ। शहर के नौचंदी मैदान में स्थापित अशोक स्तंभ के कथित तौर पर एक वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त होने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक , रविवार सुबह एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें स्तंभ को टूटा दिखाया गया है और इससे लोगों में नाराजगी फैल गयी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने यहां बताया कि नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित नौचंदी मैदान में पुलिस चौकी के निकट यह अशोक स्तंभ स्थापित था जो हमारा राष्ट्रीय चिह्न है। अधिकारियों ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन चालक ने शनिवार देर रात गाड़ी पीछे करते समय स्तंभ को टक्कर मार दी, जिससे वह क्षतिग्रस्त होकर गिर गया। रविवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने इसे देखा तो उन्होंने वीडियो बनाकर इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद नौचंदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त स्तंभ को हटवाकर क्षेत्र की सफाई कराई। पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिले हैं कि यह स्तंभ किसी वाहन की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुआ है। मौके से गाड़ी के शीशे के टुकड़े बरामद किये गये और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दोषियों का जल्द पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने कहा कि यह राष्ट्रीय प्रतीक के सम्मान से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को जांच निष्पक्ष रखनी चाहिए और यदि किसी असामाजिक तत्व की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने फिलहाल नौचंदी मैदान में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है।

## जंगली हाथियों ने बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला

पीलीभीत। माधोटांडा थाना क्षेत्र के ढकिया तालुके महाराजपुर गांव में शनिवार देर रात घुसे जंगली हाथियों के झुंड ने झोपड़ी में सो रहे पुन्नू (58) को कुचलकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, इन हाथियों ने उस झोपड़ी पर हमला कर दिया जहां पुन्नू सो रहे थे। रात करीब दो बजे घटी इस घटना में हाथियों ने पुन्नू को कुचल डाला। वन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि घटनास्थल क्षेत्र दुधवा नेशनल पार्क के करीब का है जहां गैंडों और हाथियों का अक्सर आवागमन होता है। मृतक के परिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियम के अनुसार पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि हाथियों का झुंड कई बार आसपास के जंगलों में देखा गया है, लेकिन इस बार उन्होंने सीधे गांव पर हमला कर दिया।

# रवि किशन को मिली एक और उपलब्धि...

## फिल्म फेयर के बाद दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 से भी नवाजा गया




गोरखपुर। गोरखपुर के सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें 2025 दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार से भी नवाजा गया है। जैसे ही इसकी जानकारी प्रशंसकों को हुई उनमें खुशियों की लहर दौड़ गई। लोग बधाई देने उनके आवास पहुंचे। बता दें कि रवि किशन फिल्मों के साथ ही राजनीति में भी सक्रिय हैं। फिलहाल वह गोरखपुर से दूसरी बार सांसद है। गोरखपुर के सांसद एवं फिल्म अभिनेता रवि किशन शुक्ला लगातार अपने बयानों और गतिविधियों के कारण चर्चा में बने रहते हैं। जौनपुर जिले के केराकत गांव निवासी रवि किशन गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से दूसरी बार बीजेपी से सांसद चुने जाने के अलावा भोजपुरी और हिंदी फिल्मों में भी लगातार सक्रिय हैं। फिल्मों के पिछले 33 वर्षों के लंबे संघर्ष के दौरान उन्होंने कई भोजपुरी और हिंदी फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा उन्होंने साउथ की फिल्मों में भी कई अच्छी भूमिकायें निभाई हैं। अभी हाल ही में उन्हें हिंदी फिल्म लापता लेडीज के लिए फिल्म फेयर अवार्ड से नवाजा गया था। इसके बाद ही उन्हें 2025 ₹दादा साहब फाल्के₹ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। जैसे ही इसकी जानकारी उनके समर्थको और चाहने वालों तक पहुंची, उनमें खुशी की लहर दौड़ गई।

### रविकिशन, अब तक विभिन्न भाषाओं में 200 फिल्मों में कर चुके हैं काम

रवि किशन ने अब तक विभिन्न भाषाओं की लगभग 200 फिल्मों में काम किया है जो भोजपुरी सिनेमा के लिए एक रिकॉर्ड है। आज उन्हें फिल्मों से लेकर सोशल मीडिया तक खूब पसंद किया जा रहा है, लोग उनके स्टेटमेंट और वीडियो को जमकर लाइक और फॉलो करते हैं।सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग करोड़ों में हो चुकी है। भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में इस समय बिहार चुनाव में प्रचार में व्यस्त हैं। दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पुरस्कार से नवाजे जाने के बाद रवि किशन ने वॉयस ऑफ लखनऊ से बातचीत में कहा कि यह सब मुझे, मेरे पूज्य माता-पिता के आशीर्वाद, समर्थकों के प्यार और गुरु गोरखनाथ बाबा के आशीष से प्राप्त हुआ है। बेहतर करने की प्रेरणा मुझे माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी और पूज्य महाराज योगी जी से मिलती है। वर्षो की कठिन तपस्या व मेहनत से इस मुकाम पर पहुंच पाया हुं। इसके लिए मैं सभी का ह्रदय की गहराईयों से आभार व्यक्त करता हूं।

### काम के प्रति लगन व कड़ी मेहनत से मिला यह मुकाम : पवन



सांसद व फिल्म अभिनेता रविकिशन शुक्ला को दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 के लिए नामित होने की घोषणा होने के बाद सांसद के पीआरओ पवन दुबे ने वॉयस ऑफ लखनऊ से बातचीत में बताया कि सांसद जी को फिल्म दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल₹ पुरस्कार मिलने की जानकारी शनिवार की रात हुई। सांसद जी के साथ मैं पिछले कई वर्षों से हूं, इन्होंने इस मुकाम को हासिल करने के लिए बहुत तपस्या और मेहनत की है, मैं इसका साक्षात गवाह हूं। आज उन्हें जो कुछ भी सम्मान मिल रहा है वह उनकी मेहनत और लगनशीलता का फल है।

## होम्योपैथ चिकित्सा में उत्कृष्ट सेवा के लिए थाईलैंड में सम्मानित होंगे डाक्टर विवेक मिश्र



गोला, गोरखपुर। होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले होम्योपैथिक चिकित्सक डा विवेक मिश्र विदेश में सम्मानित होंगे। वे होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज करने के लिए सुविख्यात है। बतातें चलें, होम्योपैथिक चिकित्सक डा विवेक मिश्र गोला तहसील क्षेत्र के चांदपार (पठखौली) गांव के रहने वाले हैं। डा मिश्र होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से जटिल-जटिल बीमारियों का इलाज करने के लिए सुविख्यात है। वे लगातार नौ वर्षो से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सेवा दे रहें हैं। उनके उत्कृष्ट सेवा को लेकर ही डा विवेक मिश्र को आगामी तीन दिसंबर को थाइलैंड में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार व सम्मान समारोह में सम्मानित किए जाएंगे। इससे पहले भी उन्हें एक अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार में सम्मानित किया जा चुका है।

## श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु



सरहरी, गोरखपुर। डोहरिया बाजार में खाटू श्याम बाबा का भव्य रूप से दरबार सजाकर श्री श्याम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। श्याम बाबा जागरण में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों पर श्रद्धालु भक्तिरस में गोता लगाते रहे। पूरा बाजार श्याम बाबा के जयघोष से गूंज उठा। श्री श्याम बाबा जन्मोत्सव पर आयोजित जागरण में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार पवन पंछी, बंटी बाबा, नंदनी जी, मनोहर संगम व अमर नाथ गोरखपुरी समेत सभी कलाकारों ने मधुर स्वरों में श्याम बाबा के भजनों को प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को खूब झूमाया। पांडाल में आकर्षक झांकियां भी सजाई गई। समारोह में श्याम प्रेमी रामानन्द प्रजापति, सदानंद प्रजापति, विकास मद्धेशिया, विनोद गुप्ता, सरवन प्रजापति, कमलेश शर्मा, गोविंद शर्मा, सोनू सिंह, निखिल गुप्ता, राकेश जायसवाल, राजू गुप्ता, अंश गुप्ता व मोहन गुप्ता आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डीएम ने पचनद में स्नान पर्व की तैयारियों का जायजा लिया



चकरनगर, इटावा ! पचनद संगम में पांच नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान पर्व की तैयारियों का जिलाधिकारी ने काफिले के साथ शनिवार को जायजा लिया। इस मौके पर मौजूद अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। शुरू कर दीं। सोमवार को बारिश के दौरान एसडीएम व तहसीलदार ने मौके का जायजा लिया। सुरक्षा की दृष्टि से सैंक्कुअरी की मोटर बोट, एनडीआरएफ व पीएसी की टीम को भी लगाया जायेगा। संगम में दो प्रदेशों सहित दर्जनों जनपदों के हजारों श्रद्धालु स्नान कर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। तहसील चकरनगर के अंतर्गत यमुना, चंबल, क्वारी, सिंध व पहूच पांच नदियों के संगम पचनद में कार्तिक पूर्णिमा पर भिंड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, ग्वालियर, इटावा, औरैया, कानपुर नगर व देहात, कंन्नौज, उन्नाव, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा सहित विभिन्न जनपदों के हजारों श्रद्धालु स्नान के बाद कालेश्वर भगवान पर पूजा अर्चना कर मन्नत मांगेंगे। कार्तिक पूर्णिमा पर चार नवंबर को दिन से श्रद्धालु पहुंचना शुरू होंगे, जो पांच नवंबर की अर्ध रात्रि 12 बजे से स्नान पर्व की शुरू होने वाली परंपरा शुरू हो जायेगी, जो पांच नवंबर को दिन भर चलेगी। कार्तिक माह के पूरे महीने भोर सुबह उठकर स्नान करने वाली अविवाहित व विवाहित युवतियां व किशोरियां कार्तिक पूर्णिमा पर पचनद में स्नान कर भगवान भोले शंकर से अपने पति की दीघार्यु और अविवाहित युवतियां सुंदर वर मांगती हैं। इसके उपरांत तुलसी की पूजा कर माह में भोर सुबह करने वाले स्नान का समापन करती हैं। इसके उपरांत कई प्रदेशों से पधारने वाले साधु संत भी कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के बाद पूजा अर्चना करेंगे। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ठीक रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम और एंबुलेंस भी लगाने का आदेश दिया। इस मौके पर पुलिस सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया तुलसी विवाह



गोला, गोरखपुर। देव उठनी एकादशी पर आज तुलसी विवाह का पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।प्रबोधिनी एकादशी के मौके पर महिलाओं ने तुलसी माता का हार-श्रृंगार करके बड़ी श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना कर शालीग्राम के साथ विवाह रचाया। तुलसी विवाह दिवस के अवसर पर महिलाओं ने दिन भर अपने आंगन और मंदिरों में स्थापित तुलसी माता के स्थान को विभिन्न रंगों के साथ चित्रित कर हार-श्रृंगार किया। शाम को महिलाओं ने प्रबोधिनी एकादशी और तुलसी विवाह की कथा सुनी और पूजा अर्चना करने के बाद तुलसी माता को गन्ने और मूली अर्पण कर प्रदक्षिणा ली। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा मंगल गीत गायें गये। महिलाओं ने अपने परिवार के साथ सभी के कुशल मंगल की कामना की। छोटी अयोध्या उपनगर गोला की बबीता व रंजिता, देवकली-गोपालपुर की अंकिता, बनवारपार की सीमा समेत क्षेत्र की महिलाओं ने विधि विधान से पूजन-अर्चन कर तुलसी विवाह दिवस मनाया।

## मेधावी छात्र- छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन



चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा क्षेत्र के सरैया चौराहा स्थित एक निजी हाल में चौहान वंश के महान शक्तिशाली राजा पृथ्वीराज चौहान की स्मृति में संचालित संगठन के बैनर तले मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा डा राधामोहन दास अग्रवाल उपस्थित रहे।। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय महामंत्री डा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदुपरांत डा अग्रवाल ने चौहान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। तथा इस अवसर पर कहा कि भारत वीरों की भूमि है। इस भूमि की वीरागाथाओं को इतिहास में पढ़ा-सुना जा सकता है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान भी भारत के महान वीर शासकों में शुभार थे। सम्राट पृथ्वीराज चौहान की वीर गाथा व कहानी को भी युवा पीढ़ी को पढना चाहिए। ताकि युवा पीढ़ी सम्राट की वीरगाथाओं एवं शौर्य से रूबरू हो सकें। साथ ही युवा पीढ़ी को सम्राट की कहानी से समझना चाहिए कि हम अपनी गलतियों की वजह से ही गुलाम हुए थे। इसलिए हमेशा एकता रखनी चाहिए। उन्होने कहा कि तराइन के पहले युद्ध में मोहम्मद गोरी के खिलाफ अपनी वीरता के लिए जाने वाले पृथ्वी राज चौहान, जिनके जीवन चरित्र से पता चलता हैं कि उनकी शिक्षा उच्च कोटि की थी। पृथ्वीराज चौहान के विषय में कहा गया है कि उन्होंने छह भाषाओं में निपुणता प्राप्त की थी। अंत में कार्यक्रम आयोजक राजकुमार चौहान व पूर्व सभासद- नपं सहजनवां यशवंत चौहान ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मुजरी सतीश चौहान, फजिला पंचायत सदस्य राम उग्रह चौहान, रितुराज चौहान, अधिवक्ता अमन चौहान, सोनू चौहान व अखिलेश चौहान आदि मौजूद रहे

## 5001 दीपों से जगमगाया राप्ती तट

### गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने मनायी देव दीपावली



**गोरखपुर।** देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार की शाम राप्ती नदी तट पर दीपों की अद्भुत छटा बिखर उठी। गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित देव दीपावली महोत्सव में पूरा तट 5001 दीपों की आलोकमालाओं से जगमगा उठा। आतिशबाजियों की रंगीन चमक और भक्तिमय संगीत के बीच उपस्थित जनसमूह जय माता राप्ती के जयघोष से गूंज उठा। राप्ती तट पर दीपों का यह अनुपम दृश्य देखने के लिए आसपास के क्षेत्र से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे और सभी ने इस भव्य देव दीपावली के आयोजन को गोरखपुर की गौरवपूर्ण परंपरा बताया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें शवदाह कर्म में लगे परिवारों के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने पत्रकारों के साथ मिलकर दीप जलाए और आतिशबाजियों के बीच दीपावली का आनंद लिया। इससे कार्यक्रम को सामाजिक समरसता और संवेदनशीलता का विशेष स्वरूप प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ देव दीपावली का यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह ने बताया कि विगत 15 वर्षों से लगातार देव दीपावली का यह भव्य आयोजन राप्ती नदी तट पर किया जा रहा है। इस बार भी पत्रकारों और समाजसेवियों ने मिलकर पूरे उत्साह के साथ राप्ती तट की सफाई कर दीपों से सजावट की और माता राप्ती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न की।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति, नदी और जीवन के प्रति आभार प्रकट करने का प्रतीक है। अध्यक्ष श्री सिंह ने आगे कहा, ह्लनदियां जीवन का श्रोत होती हैं। वे भेदभाव नहीं करतीं न उनका कोई पराया होता है, न अपना। वे सबको समान रूप से पोषित करती हैं। माता राप्ती की आरती कर हम उनके जीवनदायिनी स्वरूप के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

इस अवसर पर सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव, गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब अध्यक्ष रितेश मिश्र व महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, जगदीश लाल श्रीवास्तव, वहाब खान, घनश्याम कसौधन, दामोदर उपाध्याय, दुर्गेश यादव, विनय सिंह, प्रिंस पांडेय, मनोज यादव, ओंकारधर द्विवेदी, अजीत यादव, दिलीप सिंह, शीलवर्धन प्रताप सिंह, अरकान आलम, नीरज सिंह, मौली शेखर सिंह, जयप्रकाश प्रजापति, सूरज शर्मा, ओंकार सिंह, मनोज श्रीवास्तव, गणेश, अरुण सिंह, मृत्युंजय शंकर सिंह, अखिलेश चंद, अनिल शर्मा, प्रमोद टेकरीवाल, पंकज झा, राजेंद्र तिवारी, दिलीप सिंह, अरविंद चौरसिया, सुनील शर्मा, राजीव सिंह वैद्य, प्रदीप त्रिपाठी, शशिभूषण ओझा, शैलेंद्र सिंह, राकेश रावत, श्वेता यादव, सोनी शुक्ला, दयाराम सोनकर, अजय पटवा, विष्णु, अदिति राय, नीलम वर्मा, दिव्येंदु, पल्लू सहित बड़ी संख्या में पत्रकार, समाजसेवी और आमजन उपस्थित रहे।

## ग्रामीण अंचल के विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी आत्म निर्भर भारत की झलक



इटावा ! जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश के अनुपालन में रघुवर दयाल पाठक इण्टर कालेज जाखन में विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों द्वारा नवीकरणीय उर्जा,सड़क सुरक्षा, क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया, वायु प्रदूषण एवं गणितीय अवधारणा पर आधारित लगभग दो दर्जन मॉडल एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये गये। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डा. मुकेश यादव के कर कमलों द्वारा किया गया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण एवं प्रधानाचार्य सचिन कुमार यादव द्वारा मुख्य अतिथि डा. मुकेश यादव और विशिष्ट अतिथिगण प्रधानाचार्य संजय शर्मा, प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य डा. उमेश यादव एवं प्रधानाचार्य बृजेश कुमार को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। डा. मुकेश यादव सहित सभी अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाये गये माडलों के निरीक्षण के पश्चात छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रधानाचार्य सचिन कुमार एवं शिक्षक पंकज कुमार दीक्षित की सराहना की ! निर्णायक मंडल मे शामिल स.अ. अमित कुमार, प्रदीप कुमार जैन एवं शम्भूनाथ द्वारा चयनित शीर्ष तीन माडलों के विजेताओं का विवरण किया ! संचालन डा. लवलेश यादव एवं सुखराम ने किया !

## थाना बकेवर में रक्तदान शिविर का आयोजन



बकेवर, इटावा। रक्तदाता समूह इटावा के तत्वावधान में आज थाना बकेवर परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद रोगियों की सहायता के लिए रक्त संकलित करना था। शिविर में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई की ब्लड बैंक टीम की उपस्थिति में कुल 9 यूनिट रक्त संकलित किया गया। विपिन मालिक थानाध्यक्ष बकेवर, सब इंस्पेक्टर स्वदेश सिंह लखना चौकी प्रभारी, हेड कांस्टेबल रामजी पाल ,हेड कांस्टेबल सुरेंद सिंह , कांस्टेबल सुनील कुमार , कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह , कांस्टेबल अभिषेक कुमार, होमगार्ड अमन तिवारी, बकेवर कस्बा से अनुज तिवारी (मस्ताना मोबाइल बकेवर), एंड.केतन शर्मा ,प्रतीक कुमार कपिल पोरवाल , बृजमोहन भदौरिया और बृजमोहन कठेरिया, रक्तदाता समूह इटावा से शरद तिवारी, सौरभ परिहार, डा.इंदूमोहन तिवारी, अर्पित चौहान, और जीतू कुशवाहा मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरूआत बकेवर कस्बा चैयरमेन विवेक यादव सन्नी ने कि , विवेक यादव ने बताया कि रक्तदान जीवनदान है एक यूनिट रक्त से चार जिंदगियां बचाई जाती है– यह सबसे बड़ा मानव धर्म है। समूह का लक्ष्य हर थाना क्षेत्र में इस तरह के शिविर लगाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर थाना बकेवर प्रभारी को समूह की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय रक्त केंद्र से डा.ज्योति कला भरती,डा.राम प्रकाश तिवारी, डा. राकेश मीणा, प्रेमलाल जी , दीपक,अमन पाल , प्रियंका ,विजय , कपिल दुबे, अवध, राजेश और सुशांत ने रक्तदान शिविर को संपन्न करवाया !

## भगवत कथा का दूसरा नाम है अमर कथा : आचार्य महेंद्र नाथ



मझगांवा,गोरखपुर। गगहा विकास खण्ड के ग्राम सभा घेवरपार गांव में चल रही सप्त दिवसीय भगवत कथा में अयोध्या से आये महेंद्र नाथ पाण्डेय ने भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कहे कि । भगवत कथा का दूसरा नाम अमर कथा है यह कथा सबसे पहले नारद जी ने सनत, सन्नदन रिसी द्वारा सुने उसके बाद पार्वती जी द्वारा जीद्द करने पर शिव जी ने पार्वती जी को यह कथा सुनाए एक सप्ताह की कथा में पार्वती जी चार दिन तक ही कथा सुनी उसके बाद वह सो गयी । उसके बाद की कथा एक जीव ने सुना वह अमर हो गया जब यह शंकर भगवान को मालूम पड़ा तो उन्होंने ने त्रिशूल से उनके उपर प्रहार किया लेकिन अमर होने के कारण वह जिन्दा रहे जिन्हें सुखदेव जी के नाम से जाना जाता है।श्री पाण्डेय जी ने कहा कि भगवत कथा सुनने से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते है पार्वती जी ने शंकर जी से कहा कि आप अपने गले में यह मुन्ड की माला क्यों धारण किये है तो उन्होंने बताया कि यह तुम्हारे प्रेम का प्रतीक है ।जब तुम्हारी मृत्यु हो जाती है तो मैं तुम्हारे सर को अपने गले में धारण कर लेता हूं ।तब पार्वती जी ने कहा कि हमें भी भगवत कथा अमर कथा सुनाईये तब शिव ने पार्वती जी को अमर कथा सुनाए। कथा के मुख्य यजमान श्रीभागवत शाही रहे इस अवसर पर श्री निवास शाही,हरी शाही, इन्द्रजीत शाही, महेश नारायण शाही,कृपाल शर्मा,अनिल गुप्ता, मुन्नी लाल गुप्ता,बिकानू धोबी ,नेवासा, गंगा यादव,दीपक सिंह,रामपृत सिंह,दीपक शाही, सहित तमाम दर्शक मौजूद रहे।

### अच्छे संस्कार से भी हो सकता है प्रभु के दर्शन : आचार्य अनिल



उरुवां, गोरखपुर। उरुवां क्षेत्र के रामपुर सनाथ में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा में आचार्य पंडित अनिल कुमार पाण्डेय जी महाराज ने श्रोताओं को भगवान श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने महाभारत में भी धर्म की बात कहते हुए अर्जुन के साथ सारथी का काम किये। साथ ही कहा कि बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है, वह जीवन भर उसका ही स्मरण करता है। ऐसे में बच्चों को धर्म व आध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव जी को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान अनिल कुमार त्रिपाठी व उषा त्रिपाठी, राजकुमार त्रिपाठी, अनिल, रविन्द्र नाथ उपाध्याय, हरिद्वार गुप्ता, केशव त्रिपाठी, विजय कुमार त्रिपाठी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत बहू पर जहर देने का आरोप लगाया

सिद्धार्थनगर- मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। इस मामले में परिवार के सदस्य एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। मृतक के पिता ने अपनी बहू पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है, जबकि मृतक की पत्नी ने अपने चचेरे ससुर पक्ष पर शराब में जहर मिलाकर पति की हत्या करने का आरोप लगाया है ! मृतक के पिता आज्ञाराम ने मिश्रौलिया थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बहू सुनैना (संतोष की पत्नी) ने उनके बेटे को जहर देकर मार डाला। आज्ञाराम के अनुसार शनिवार को संतोष की तबीयत अचानक बिगड़ी, जिसके बाद परिजन उसे इटवा के सरकारी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने संतोष को माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान शनिवार देर रात करीब 12 बजे संतोष की मृत्यु हो गई। पिता आज्ञाराम का दावा है कि बहू सुनैना लंबे समय से उनके बेटे को प्रताड़ित कर रही थी। उनके बीच कई बार मारपीट हुई और मामला थाने तक भी पहुंचा। संतोष और सुनैना की शादी तीन साल पहले हुई थी और उनका एक डेढ़ साल का बेटा भी है। आज्ञाराम के मुताबिक विवादों के चलते सुनैना अक्सर अपने मायके में रहती थी। करीब तीन महीने पहले दोनों बढ़या चौराहे पर किराए के कमरे में अलग रहने लगे थे। पिता का आरोप है कि पुरानी रंजिश और विवाद के कारण ही बहू ने उनके बेटे को जहर दिया है। हालांकि, इस मामले में मृतक की पत्नी सुनैना की कहानी बिल्कुल अलग है। सुनैना ने अपने ऊपर लगे जहर देने के आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

## पुलिस मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

### 23 मुकदमों में वांछित आरोपी के पैर में गोली, चोरी की बाइक और तमंचा बरामद



इटावा। अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत इटावा पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना जसवंतनगर पुलिस ने शनिवार रात सिरहौल नहर के पास हुई मुठभेड़ के दौरान एक अन्तरजनपदीय हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में दबोच लिया गया।

जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देश पर थाना जसवंतनगर पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक तेज रफ्तार से कचौरा बाईपास की ओर से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा और पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली लगने से बदमाश घायल हो गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान अभिमन्यु यादव उर्फ राजा उर्फ हनी पुत्र रविन्द्र निवासी नगरिया यादवान थाना भरथना, जिला इटावा के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि अभिमन्यु यादव एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ इटावा, औरैया व मैनपुरी जिलों में लूट, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत 23 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

घटना स्थल से पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, तीन मोबाइल फोन, एक हजार रुपये नकद और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थानाध्यक्ष जसवंतनगर कमल भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अंजाम दिया। क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने बताया कि इटावा पुलिस का यह अभियान जिले से अपराधियों के सफाए की दिशा में लगातार जारी रहेगा। मुठभेड़ में घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

## फैशन वीक का आयोजन में युवक युवतियों ने भाग लिया

इटावा ! जनपद के नवयुवक एवं युवतियों कि मॉडलिंग के प्रति प्रतिभाओ को निखारने मे फयूजन औरा क्रिएशन फाउंडेशन की तरफ से एक मंच ऐसे युवक व युवतियों के लिए साझा किया गया है जिनके अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच के माध्यम से आगे प्रोत्साहित किया जा सके। बीती 30 सितंबर को फ्यूजन और क्रिएशन फाउंडेशन की तरफ से इटावा टाइम्स औरा फैशन वीक का आयोजन किया गया जिसमें इटावा व आसपास जनपद के युवक व युवतियों द्वारा प्रतिभाग लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन तनीश सक्सेना एवं एडवोकेट विशाखा मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बॉलीवुड सेलिब्रिटी के तौर पर स्नेहा उल्लाल को बुलाया गया वहीं मुख्य अतिथि इटावा के भाजपा जिला अध्यक्ष अरुण गुप्ता अन्नू को बनाया एवं सदर विधायक सरिता भदौरिया को बनाया गया। आयोजित हुए कार्यक्रम में डिजाइनर सबिया खान व आरिबा खान द्वारा डिजायन किए हुए कपड़े मॉडलों को पहनाकर रैंप पर उतारा गया जिनकी लोगों ने अच्छी खासी प्रशंसा भी की। कार्यक्रम की आयोजक एडवोकेट विशाखा मिश्रा ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से एक फैशन शो का आयोजन किया गया था जिसमें एक अवॉर्ड सेरिमनी भी रखी गई थी जिसको हम लोगों द्वारा कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रतिभागियों को दिलवाया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह था कि जो कार्यक्रम की डिजाइनर थी सबिया खान उनके द्वारा जिन वस्त्रो को मॉडलों को पहना कर रैंप वॉक कराया गया था उसे इटावा की जनता देखें और समझ पाए कि हम लोग इन वस्त्रो को भी फैशन के रूप में प्रयोग में ला सकते है।

संक्षेप

## दबंग बाग से काट ले गये पेड़, कार्रवाई की मांग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम नगरा सलेमपुर में बाग से कई पेड़ों को चोरी से काट ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित वरुण कनौजिया ने थाना हैदराबाद में तहरीर देकर गांव के ही व्यक्ति पर पेड़ चोरी और नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। वरुण ने बताया कि वर्ष 1996 में उनके पिता की जमीन पर शीशम, बड़हर और जामुन आदि के पौधे लगाए गए थे। वे व्यापार करते हैं और उनका भाई बाहर नौकरी पर है, जिसके कारण खेत पर नियमित रूप से आना-जाना नहीं हो पाता। 29 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे बटाईदार रामसहाय ने सूचना दी कि बाग में लगे एक शीशम, दो बड़हर व दो जामुन के पेड़ चोरी से काट लिए गए हैं। साथ ही बाग की तार की बैरिकेडिंग भी उखाड़कर ले जाई गई। मौके पर पहुंचे पीड़ित को पेड़ कटे मिले और जांच में एक पेड़ का टुकड़ा पास के गन्ने के खेत में मिला। चोरी हुए पेड़ों की कीमत लगभग 20,000 रुपये बताई जा रही है।

## दिल्ली से गोला आ रही बस में महिला से छेड़छाड़

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। दिल्ली से गोला आ रही एक प्राइवेट बस में महिला यात्री से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बस के हेल्पर को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। हैदराबाद थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने छोटे बच्चे और ननद के साथ दिल्ली के बवाना से प्राइवेट डीलक्स बस में गोला आ रही थी। महिला के अनुसार उसने स्लीपर केबिन बुक किया था और यात्रा के दौरान रात करीब एक बजे बस के हेल्पर ने उसके साथ अनुचित हरकत की। विरोध करने पर उसने अपने पति को फोन से सूचना दी। सुबह बस के गोला पहुँचते ही पीड़िता के पति ने पुलिस को सूचना देकर बस चालक, परिचालक और हेल्पर को पकड़वा दिया। बस किसी परवेज के नाम से पंजीकृत बताई जा रही है और इसे रियाज नामक व्यक्ति संचालित करता है। बस में शोएब, मोनिश और तस्लीम हेल्पर के रूप में कार्यरत बताए गए हैं। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी तस्लीम (निवासी जहानी खेड़ा, थाना पिहानी) के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है, कोतवाल अमर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना में कुछ विवाद किराए को लेकर भी सामने आया है। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

## मारपीट में घायल अधेड़ की मौत

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के ताला मझवारा गांव में 24 अक्टूबर को हुई मारपीट में की घटना हुई थी। घटना में पिता और पुत्र ने मिलकर 45 वर्षीय अधेड़ तथा उसकी बेटी को मार पीटकर लहूलुहान कर दिया था। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया। घटना में घायल रितिका पाण्डेय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के निवासी अवनीश पाण्डेय उर्फ नीरज पुत्र स्वर्गीय शेषमन पाण्डेय तथा उनका लड़का अंश पाण्डेय रॉड व डंडा लेकर बाइक से दरवाजे पर आये। उन लोगो ने आते ही रितिका तथा उसके पिता राजकुमार पाण्डेय पर हमला कर दिया था। हमले में राजकुमार को गम्भीर चोट आयी थी। वे कोमा में चले गए थे। वाराणसी में उनका उपचार चल रहा था। रविवार को उनकी मौत हो गयी। वाराणसी में पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाया गया।

# कबड्डी मुकाबलों में दिखा खिलाड़ियों का जज्बा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका परिषद गोला द्वारा स्वच्छ भारत-नगरीय मिशन के अंतर्गत आयोजित गोला खेल महोत्सव के दूसरे दिन गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. समर्पित मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित, प्रधानाचार्य बी.ए. खान, भारत विकास परिषद अध्यक्ष अनुज खरे, समाजसेवी दीपक हालन, विनीत भदौरिया, धीरज टंडन, प्रमोद सिंह, रामनरेश मिश्रा एवं नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के अलग-अलग मुकाबले कराए गए। बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि डॉ. स्मिता तिवारी रहीं। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ?101 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। पहला मुकाबला बालिका अंडर-17 वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अहमदनगर ने रन स्पोर्ट्स क्लब गोला को 23-7 से हराकर जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला अंडर-19 में बसलीपुर की टीम ने सेंट जॉनह्स गोला को 40-12 से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में चौहान क्लब ने इस्लामनगर को 27-16 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबलों में अंडर-17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय बांकेगंज ने रन स्पोर्ट्स क्लब को 18-16 से हराकर खिताब जीता। अंडर-19 बालिका वर्ग में रन स्पोर्ट्स क्लब गोला ने कृषक समाज इंटर कॉलेज को 25-12 से पराजित किया। बालक वर्ग में अंडर-17 में कृषक समाज इंटर कॉलेज ने गांधी विद्यालय गोला को 44-09 से मात दी, वहीं अंडर-19 वर्ग में बसलीपुर की टीम ने चौहान क्लब को 39-19 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया तथा दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनका उत्साहवर्धन किया। निर्णायक प्रियम शुक्ला की शैली दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर खेल महोत्सव संयोजक श्याम मूर्ति शुक्ला, सभासद सुरेश जायसवाल, साहिद अंसारी, कफील अहमद, एसआई संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई अनिल यादव, रविंद्र कटियार, पंकज वर्मा, धनंजय यादव, सारिका रानी, चित्रा त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## प्राचीन ठुठवा मेला क्षेत्र का एसपी ने किया भ्रमण

धौरहरा खीरी। थाना क्षेत्र ईसानगर में लगने वाले प्राचीन ठुठवा मेले की तैयारियों का जाएजा लेने रविवार को

- सी ओ,ईसानगर, खमरिया व धौरहरा प्रभारी रहें मौजूद
- सुरक्षा के लिहाज से मेला क्षेत्र में स्थापित होगी पुलिस चौकी



पुलिस अधीक्षक खीरी पहुंचे उनके साथ क्षेत्राधिकारी धौरहरा थाना प्रभारी खमरिया ईसानगर के साथ कोतवाल धौरहरा के साथ सरकारी अमला मौजूद रहा। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना क्षेत्र ईसानगर में घाघरा नदी के तट पर लगने वाले ठुठवा मेला परिसर का रविवार को पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए संम्पूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आवागमन के मार्गों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत करने के लिए मेला क्षेत्र में चौकी स्थापित करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह, थाना प्रभारी ईसानगर निर्मल तिवारी, खमरिया ओ पी राय व कोतवाली प्रभारी धौरहरा शिवाजी दुबे सहित अन्य प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## दो घरों से लाखों के सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

धौरहरा खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम सेखनापुर में बीती रात चोरों ने दो अलग-अलग घरों में धावा बोलकर चोरी की दो बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया। इन घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली वारदात अमन श्रीवास्तव पुत्र अरुण कुमार श्रीवास्तव के घर पर हुई। अमन श्रीवास्तव परिवार समेत एक कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर दुलही थाना क्षेत्र पढुवा गए थे। इसी बीच चोरों ने लोहे के फार की मदद से घर के दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और बारीकी से तलाश कर कीमती सामान व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वही दूसरी घटना अमन श्रीवास्तव के पड़ोसी राजेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामसेवक श्रीवास्तव के घर पर घटी। चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और अलमारी में रखे नगदी व जेवरात चोरी कर ले गए। जानकारी होने पर ग्रह स्वामियों ने 112 को सूचना दी, दोनों घटनाओं की सूचना पर 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने लगातार हो रही चोरी की वारदातों पर नाराजगी जताते हुए पुलिस सतर्कता बढ़ाने की मांग की है। फिलहाल दोनों गृह स्वामियों द्वारा थाना खमरिया में जांच तथा कार्यवाही के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है।

## बीडीओ लखीमपुर की सरकारी गाड़ी हुई सीज

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर सदर ब्लॉक के बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह की सरकारी गाड़ी बिना बीमा और फिटनेस के सड़क पर दौड़ रही थी। बताया जाता है कि बीडीओ के वाहन पर हूटर भी लगा रखा था जो नियमों के तहत प्रतिबंधित है। संकटा देवी चौराहे पर प्रवर्तन अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ने वाहन को रोककर चालान कर सीज कर दिया। वही बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया की फिटनेस व बीमा संबंधित जानकारी हमें नहीं थी। हमको यह गाड़ी सरकारी कामकाज के लिए मिली है।

## विश्वामित्र मुनि का आगमन व ताड़का वध लीला का हुआ मंचन

सिंगाही खीरी। कस्बे में चल रही रामलीला मेला में विश्वामित्र मुनि का आगमन और ताड़का वध लीला का मंचन किया गया। रविवार को रामलीला मेले में अयोध्या वासी कलाकारों ने अयोध्या में मुनि विश्वामित्र का आगमन तथा ताड़का वध लीला का मंचन किया। इस अवसर पर राजा दशरथ से मुनि विश्वामित्र ने राम लक्ष्मण को यज्ञ की सुरक्षा के लिए मांगा जिस पर राजा दशरथ ने राम लक्ष्मण को देने से मना कर दिया तब विश्वामित्र मुनि बहुत क्रोधित हुए उनके क्रोध को देखकर वशिष्ठ मुनि ने राजा दशरथ से राम लक्ष्मण को देने में ही भलाई समझने की बात कही। विश्वामित्र ने कहा राजन अब हम खुश हैं भगवान राम ने मुनि द्वारा किए जा रहे यज्ञ में खलल पैदा करने वाली राक्षसी ताड़का का वध कर दिया। जिसको लेकर देवताओं में खुशी की लहर फैल गई। इस अवसर पर क्षेत्र की जनता ने रामलीला का आनंद लिया।

## टांडा गांव में दो घरों से लाखों की चोरी

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के दम्बल टांडा गांव में अज्ञात चोरों ने शनिवार की देर रात चोरों ने दो घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात, नकदी सहित लाइसेंसी बंदूक की चोरी कर ली। एक ही रात में दो घरों से चोरी के कारण पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने देर रात छानबीन शुरू कर दी।

भीरा थाना एवं पुलिस चौकी बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामेश्वरापुर के मजरा दम्बल टांडा निवासी जगदीश पुत्र बचान के घर में शनिवार देर रात चोर रोशनदान काटकर घर में दाखिल हो गए। चोरों ने लोहे की अलमारी में रखे सोने का हार, झाला, नथ, मांगबेदी, मंगलसूत्र, पायल, अंगूठी कंगन सहित नकदी चोरी की। वहीं कुछ दूरी पर इसी गांव के पूर्व प्रधान जगत सिंह पुत्र रामस्वरूप के घर में भी चोरी हुई। चोर खिड़की के रास्ते घर में घुसे और उनके बेटे के कमरे को बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद, चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा सामान सहित एक कमरे में रखी डबल बैरल लाइसेंसी बंदूक चुरा ली। रात करीब ढाई बजे जगत सिंह की पत्नी सुदामा देवी की नींद खुली उन्होंने अज्ञात लोगों को देखकर शोर मचाया शोर सुनकर चोर खेतों के रास्ते फरार हो गए। चोरी की सूचना मिलने पर रात करीब 3 बजे बिजुआ पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। कुछ देर बाद भीरा थाना प्रभारी गोपाल नारायण सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। सुबह लगभग 4 बजे पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए। सुबह स्वाट टीम भी मौके पर पहुंचकर पड़ताल में जुट गई। मौके पर पहुंचे सीओ गोला रमेश तिवारी ने मौका मुआयना किया।

## गौशाला में पानी व भूसा की पर्याप्त मात्रा उपलब्धः डीएम



आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार ने तहसील बुढ़नपुर ब्लॉक कोयलसा के हुंसेपुर सनूप ग्राम में स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यहां कुल 66 गोवंश संरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि गौशाला में भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। संरक्षित गोवंश के लिए हरे चारे की बुवाई हो चुकी है। यहां पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने उपस्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि पूरे जनपद में 93 गौशाला है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि सभी गौशालाओं में अच्छी से अच्छी सुविधा प्रदान की जाए, ताकि मुख्यमंत्री की आकांक्षा के अनुसार गोवंशों को संरक्षित किया जाए तथा बेहतर वातावरण में रखा जाए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को खड़ंजे को उखाड़ कर उसका लेवल सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उसका स्लोप अच्छा बनाया जाए, ताकि बारिश का पानी रुकने न पाए। उन्होंने कहा कि गौशाला ड्रेनेज बनाकर पानी निकल जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीमार पशुओं को अलग रखा जाए, तथा उनका प्रापर तरीके से इलाज सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ड्यूटी रजिस्टर एवं संरक्षित पशुओं के रजिस्टर का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने गौशाला में संरक्षित पशुओं को गुड़ एवं केला खिलाया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे मिट्टी की कटान से दुर्घटना की आशंका

म्योरपुर, सोनभद्र। मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर आश्रम मोड़ तिराहे से लगभग 100 मीटर की दूरी पर रेणुकूट जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे दोनो पटरियो पर मिट्टी की कटान दो पहिया वाहन सवार और भारी वाहनो एवं राहगीरों और बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। खाई जैसा गड्ढा बन गया है। मिट्टी की कटान की वजह से जो ग्रामीण पालतु जानवर चराने के लिए जाते है उनको भी इस गड्ढे से डर बना रहता है कि जल्दबाजी मे वे इस गड्ढे मे न आ जाए नही तो गरीबी मे बहुत दिक्कत खड़ी हो जाएगी। पशुपालक ही नही इस मार्ग से जाने वाले राहगीर भी डरते है। सामने से भारी वाहन आने पर लोग संतुलन खोकर गिरने की स्थिति में इस खाई जैसे गडडे मे गिर सकते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के किनारे यह गड्ढा लगातार गहरा होता जा रहा है, लेकिन अभी तक विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विभाग कुंभकर्णी निद्रा मे अभीतक सो रहा। आपको बताते चले कि रविवार को एक बाइक सवार राहगीर म्योरपुर से रेणुकूट की ओर हिंडालको काम करने जा रहे थे कि जैसे ही इस सड़क के किनारे बाइक सवार राहगीर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रही भारी भरकम ट्रक पर उनकी नजर पड़ी और उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह गिरने से बाल-बाल बचे। क्षेत्रीय ग्रामीणो सहित अन्य लोगों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द गड्ढा भरवाने की मांग की है, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है जिससे परेशानी आम जनता जनार्दन को होगी।

## भक्ति और संकीर्तन में डूबी छोटी काशी, खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। देवउठनी एकादशी पर कंजा बरमबाबा देवस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में श्रीश्याम सेवा समिति द्वारा खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिविधानपूर्वक पूजा-अर्चना और भजन संकीर्तन से हुई।

श्रद्धालुओं ने जय श्री श्याम के जयकारों के बीच केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव मनाया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु दर्शन और संकीर्तन में सम्मिलित होने पहुंचे। श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। भजन संध्या में अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है, खाटू वाला श्याम है, श्रृंगार तेरा बाबा कहो किसने सजाया है, सांवरे सलोने का ना कोई जवाब, और आज दिन जन्मदिन श्याम काह्ना जैसे भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालु नाचते-झूमते नजर आए और पूरा परिसर भक्ति रस से सराबोर रहा। मंदिर परिसर में फूलों और इत्र की वर्षा ने वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण से हुआ। मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, विजय महेश्वरी, प्रधान राजेश गिरि सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, अनिल जलोटा, अनिरुद्ध गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, शिवम गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुधीर गुप्ता, सुमित राठौर सहित कई सेवादारों का विशेष योगदान रहा।

## सप्तशक्ति संगम में मातृशक्ति का सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती शिशु वाटिका/मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रस्तुत किए—माता जीजाबाई, रानी दुर्गावती, अहिल्याबाई, सावित्रीबाई फुले और मीराबाई के जीवन मूल्यों को दशार्या। समाजसेवा एवं प्रेरणादायक कार्यों हेतु शिखा शुक्ला




प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुई।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अंजू भोगल (प्राचार्या, गुरुनानक कन्या महाविद्यालय गोला) और शांति देवी (प्रवक्ता, हरिकिशन महाविद्यालय गोला) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता निधि द्विवेदी (सह क्षेत्रीय बालिका शिक्षा प्रमुख एवं सप्तशक्ति संगम संयोजिका) ने की। सुनयनी ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन किया, जिसमें 11 महिलाओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मातृशक्ति ने प्रेरणादायक स्वरूप दर्शन (समाजसेवी), सुप्रिया और डॉ. आशुतोष की पत्नी को सम्मानित किया गया। दो बहनों ने अनुभव साझा किए और संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कुल 194 मातृशक्ति उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अनु शुक्ला ने किया। अतिथि परिचय एवं भूमिका उर्मिला शर्मा (संचालिका, शिशु वाटिका) ने रखी। आभार सुमन गुप्ता (बालिका प्रमुख) ने व्यक्त किया और संकल्प कार्यक्रम हीरा सिंह (क्षेत्रीय शिशु वाटिका प्रमुख एवं संगम संयोजिका) द्वारा संपन्न हुआ।

## 31वें श्री रामचरितमानस नवाह्न पाठ महायज्ञ की तैयारी शुरू

सोनभद्र। श्रीरामचरितमानस नवान्ह पाठ महायज्ञ समिति की ओर से 31वें वार्षिक महायज्ञ की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। इस क्रम में समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 3 नवंबर सोमवार की रात 8 बजे रॉबर्ट्सगंज स्थित रामलीला मैदान के हाल में आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जैन ने बताया कि विगत 30 वर्षों से आरटीएस क्लब परिसर में निरंतर आयोजित हो रहे श्री रामचरितमानस महायज्ञ ने नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का अद्वितीय वातावरण बनाया है। इस वर्ष भी यह परंपरा भव्यता के साथ निभाई जाएगी। उन्होंने सभी संरक्षकों और सदस्यों से समय से उपस्थित होने की अपील की। महामंत्री सुशील पाठक ने कहा कि बैठक में 30वें वर्ष के महायज्ञ का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया जाएगा तथा 31वें वर्ष के आयोजन की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके साथ ही महायज्ञ की तैयारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। समिति ने नगर के श्रद्धालु जनों से भी महायज्ञ में सहयोग एवं सहभागिता की अपील की है।

## कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष बने प्रदीप गुप्ता

सोनभद्र। कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ का शहर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को बनाये जाने पर जहाँ एक ओर कांग्रेसजनों मे प्रसन्नता व्याप्त है वहीं पार्टी के इस निर्णय से आम व्यापरियों में खुशी की देखी जा रही है। प्रदीप गुप्ता के शहर अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसजनों का आभार जताया। इसके बाद प्रभु हनुमान जी के मंदिर जाकर मत्था ठेका और आशीर्वाद लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज गौड़ ने इस अवसर पर विश्वास व्यक्त किया कि प्रदीप गुप्ता के शहर अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को काफी मजबूती मिलेगी। एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियां पूर्ण रूप से व्यापारी विरोधी हैं। प्रदीप गुप्ता व्यापारी हितो की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे और व्यापारियों को हो रही दुस्वारियों से उन्हें निजात दिलाने का काम करेंगे। इस अवसर पर बधाई देने वाले प्रमुख नेताओं कार्यकताओं और व्यापारियों में शैलेंद्र चतुर्वेदी शहर अध्यक्ष सेवादल, दिनेश धर दुबे, रजनीश चैबे एडवोकेट, लॉरेंस एंथोनी, दीपक कोहली, सुनील मिश्रा, पिंटू सिंह रामवृक्ष व अन्य कई प्रमुख थे।

## बरसात से बर्बाद हुई फसल का बनाया जाये मुआवजाः भूपेश चौबे



सोनभद्र। पिछले दिनों हुई बारिश से किसने की फसल तबाह हो गई है, इसे देखते हुए रविवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने राजस्व कृषि व बीमा कंपनियों के लोगों के साथ आमडीह चकया वैनी दूबेपुर पवनी सहित कई गांवों का भ्रमण कर बर्बाद हुई फसलों का निरीक्षण किया व किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार के द्वारा मिलने वाली समस्त सहायता राशि व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी।

जनपद में पिछले 5 दिनों लगातार हुई बे मौसम बारिश व आंधी से धान की फसल को काफी क्षति पहुंची है रविवार की सुबह सदर विधायक भूपेश चौबे, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपालों को लेकर नगवा विकास खंड के गांव में पहुंचे, उनके साथ कृषि विभाग व बीमा कंपनियों के अधिकारियों भी साथ थे, सदर विधायक ने इस मौके पर कृषि विभाग व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की फसल की क्षतिपूर्ति का मुआवजा बनाते समय जरा भी कोताही न बरती जाए, मुआवजा यदि कम बनाया गया या किसी भी किसान को मुआवजे के लिए परेशान किया गया तो संबंधित अधिकारी कार्रवाई के लिए तैयार रहे, उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश में यदि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार किया गया तो यह सरकार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी धान की फसल के अलावा कुछ गांव में आलू सरसों मटर व मरचा की फसल को भी क्षति पहुंची है उसका भी मुआवजा बनाया जाए। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष यादवेन्द्र द्विवेदी नगवा ब्लॉक प्रमुख आलोक सिंह, देवी सिंह, महेश पटेल, अवधेश पटेल, सूर्यकुमार कनौजिया, विकास मिश्रा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में मनु सतरूपा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के नीलकंठ मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास आचार्य नरोत्तम शास्त्री ने मनु-सतरूपा प्रसंग एवं सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भगवान ने सृष्टि की रचना हेतु मनु व सतरूपा का अवतार किया, जिनसे देवहूति, आहुति, प्रसूति सहित दो पुत्र प्रकट हुए।

कथा व्यास ने देवहूति-कर्दम विवाह व भगवान कपिल के अवतरण का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा जीवन को परम शुद्धि की ओर ले जाती है। कथा स्थली पर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति रस में डूबकर अमृतमयी कथा का श्रवण करते रहे। मुख्य यजमान परीक्षित अमित गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी सोनल गुप्ता ने श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की। विशेष यजमानों में मनोज त्रिवेदी-शालिनी त्रिवेदी, श्रीराम राजपूत-शशि राजपूत शामिल रहे। वृंदावन



धाम से पधारे आचार्य आनंद शास्त्री ने भागवत का मूलपाठ कर भक्तों को भावविभोर किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, श्रीराम बाजपेई, मुनेन्द्र शुक्ल, सुभाष मिश्रा, कृष्ण कुमार बाजपेई, मनोज तिवारी, पवन बाजपेई, कमल बाजपेई, वेदप्रकाश बाजपेई, दिनेश तिवारी, नत्थूलाल अवस्थी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बारातियों पर हमला कर छीना चेन और मोबाइल

जौनपुर। लाइनबाजार क्षेत्र के सैदनपुर गांव में बारात में गए युवकों को मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इसके अलावा एक युवक का सोने की चैन तथा एक कि मोबाइल भी छीन कर लेकर चले गए। घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। जलालपुर के बीबनमऊ गांव निवासी ज्ञानदास मौर्य के पड़ोस से बारात ऊक्त क्षेत्र के सैदनपुर गांव के रमेश चन्द्र मौर्य के घर गयी थी। वहां पर गोलू पुत्र सुनील सोनकर निवासी सैदनपुर प्रियांशु पुत्र ज्ञानदास मौर्य के गले से चैन छीन लिया और भाग गया। उसके बाद ऊक्त गांव के ही सुनील सोनकर पुत्र लल्लन, बबलू सोनकर पुत्र कल्लन, सचिन पुत्र भैयालाल, मनोज उर्फ लोदर बिन्द पुत्र शंकर लोहे का पंच, लाठी डंडा, लेकर आये और हमला कर दिया। हमले में प्रियांशु मौर्य पुत्र ज्ञानदास मौर्य, विशाल व दीपक पुत्रगण भगवान दास, प्रदीप पुत्र सूर्यबली, विशाल पुत्र हरिलाल निवासी बीबनमऊ को मारपीट कर घायल कर दिया। सभी को उपचार के लिए ले जाया गया। ज्ञानदास की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## बारिश से धान की बालिया हुई अंकुरित

जौनपुर। विगत दिनों से मोथा तूफान ने किसानों को बर्बाद कर दिया। किसान अपनी धान की फसल की नही बचा सके। सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के कई गांवों में बरसात से धान की अधिकांश फसल जमीन में गिर चुकी है। काफी किसानों ने फसल काट के लेहनी खेत मे सूखने के लिये छोड़ा था। उनकी फसल अब भीगने के बाद अंकुरित होने लगी है। किसानों के आंखों में फसल की बबार्दी देख कर आँसू आ जा रहे है। बहरीपुर गांव के अनिरुध्द सिंह, बिनीत सिंह, वीरभानपुर के विजय मिश्र, कल्याणपुर के हल्दी यादव, खरचल पुर के मनोज यादव, राजेपुर के अमन मिश्र, गयासपुर के पप्पू सिंह, केशवपुर के बृजेश सिंह, सहित लगभग हर गांव के बड़े धान की खेती करने वाले किसानों का हाल बेहाल है। अब लोगो की सबसे बड़ी चिंता जानवरों के चारे का हो गया है। धान के पुआल से कई महीने किसानों के जानवरों का चारा मिल जाता था। अब चारा नही मिलेगा। किसान महंगे दाम पर भूसा खरीदने को मजबूर होंगे। वह भी बाहर से लाना होगा। किसान अब सरकार की मदद के इंतजार में है। उनको उम्मीद है शायद उन्हें मुआवजा मिल जाये।

संक्षेप

## बेटे और बहू की लाठी से पिटाई मुकदमा दर्ज

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के काकोपुर गांव की एक महिला ने अपने बेटे और बहू पर लाठी-डंडों से पिटाई करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। काकोपुर गांव निवासी पीड़िता शर्मा देवी पत्नी अच्छे लाल सिंह ने शनिवार की शाम को सुरेरी थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया की बीते शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे उनका पुत्र मुकेश सिंह तथा पुत्रवधू अर्चना सिंह ने मिलकर उसे लाठी-डंडों से मारा-पीटा और जान से मार देने की धमकी भी दी। महिला ने सुरेरी थाने पर प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं सुरेरी पुलिस पीड़िता की तहरीर पर बी एन एस की धारा 115(2), 352, 351(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया की पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध असलहे से हर्ष फायरिंग

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मांगलिक कार्यक्रम में डांस करने के दौरान एक युवक द्वारा अवैध असलहे से हर्ष फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वायरल वीडियो को किसी ने एक्स पर पोस्ट कर दिया। इस पर पुलिस रविवार को तड़के सुबह ही पुलिस फोर्स जांच करने उक्त गांव में पहुंच गई। रविवार को सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक मांगलिक कार्यक्रम में डांस करने के दौरान असलहे से एक युवक द्वारा हर्ष फायरिंग की गई। इस वीडियो को किसी ने एक्स पर पोस्ट कर दिया। वायरल वीडियो की संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने तत्काल थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर प्रवीण यादव को जांच करने का निर्देश दिए। जिस पर रविवार को सुबह आठ बजे ही थानाध्यक्ष प्रवीण यादव, एसएसआई मंशा राम गुप्ता को साथ लेकर फोर्स के साथ बकथरी गांव पहुंच गए। वायरल वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान करने में जुट गए। थानाध्यक्ष ने बकथरी गांव के कई लोगो से इस वीडियो के बारे में पूछताछ की। इस बाबत सीओ केराकत अजीत रजक ने बताया कि असलहे से हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ है। जिसकी जांच खुद थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर प्रवीण यादव को गांव में भेजकर कराया जा रहा है। युवक की पहचान होते ही उक्त युवक पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## देवोत्थानी एकादशी पर निकाली गयी प्रभातफेरी

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार में देवोत्थान एकादशी पर्व के उदयातिथि पर रविवार सुबह रामलीला कमेटी ड्रमंडगंज के अध्यक्ष अंजनी सोनी के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। एकादशी प्रभातफेरी में राधा कृष्ण का रूप धारण किए बालक लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। प्रभातफेरी में शामिल लोग हरे राम हरे कृष्ण का कीर्तन करते हुए ड्रमंडगंज बाजार के शिव मंदिर राधाकृष्ण मंदिर, संस्कृत महाविद्यालय स्थित ठाकुर जी मंदिर सहित बाजार के विभिन्न मंदिरों की परिक्रमा करते दुर्गा मंदिर पहुंचे। वहां से पुनः वापस लौटकर प्रभातफेरी का रामलीला मैदान में समापन किया गया जहां भजन कीर्तन के पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। बाजार वासियों ने पुष्प वर्षा कर प्रभातफेरी का स्वागत किया। प्रभातफेरी में अंजनी सोनी, बैजू केशरी, ज्ञानदास गुप्ता विजयपाल, कल्याण दास, हजारी लाल केशरी, अनुज केशरी, कैलाश केशरी आदि शामिल रहे।

## सहस्त्रबाहु अर्जुन का जयन्ती महोत्सव 9 को

जौनपुर। श्री राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का जयन्ती महोत्सव आगामी 9 नवम्बर दिन रविवार को होगा। इसके तहत नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जायेगी। यह आयोजन जायसवाल समाज सेवा समिति के बैनर तले होगा। समिति के महामंत्री सुरेन्द्र जायसवाल ने बताया कि उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे सभी भण्डारी रेलवे स्टेशन के पास स्थित राज कालेज के मैदान पर एकत्रित होंगे। वहां से निकली शोभायात्रा सुतहट्टी बाजार, सब्जी मण्डी, कोतवाली, चहारसू, ओलन्दगंज चौराहा होते हुये जोगियापुर, शेषपुर के बाद मियांपुर में स्थित मंगलम लॉन में पहुंचकर समाप्त होगी।

# पारदर्शी हो मतदाता सूची में नाम जोड़ने- हटाने की प्रक्रिया



आजमगढ़। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने जनपद में हो रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर शनिवार को देरशाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों, कार्यक्रमों और इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा ली जाए। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इसके लिए, पूरी सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का अनुरोध करें, जो पुनरीक्षण कार्यों में बीएलओ का सहयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि गणना प्रपत्रों का मुद्रण, वितरण, मिलान एवं इनका संग्रहण समय से हो। डुप्लीकेट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओं को लेकर पूरी सावधानी रखें। इसी प्रकार किसी भी मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता न हो। उन्होंने कहा कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार एक सप्ताह के अंदर जिस स्कूल में मतदान केंद्र/मतदेय स्थल बनाए गए हैं, उसकी सूची बेसिक शिक्षा अधिकारी से लेकर सत्यापन कर ले तथा जिस विद्यालय को गिराना है, उसको सूची से हटा दें, इसके लिए सभी मतदेय स्थलों का सही से स्थलीय निरीक्षण कर ड्राफ्ट प्रकाशन

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा**

से पहले ही सम्भाजन की प्रक्रिया पूर्ण कर लें। उन्होंने कहा कि नए बनाए गए मतदेय स्थल के भवन का चिन्हांकन कर लिया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए की वह विवादित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा की पंचायत चुनाव के दृष्टिगत नए बूथों का सत्यापन तत्काल कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नए बूथों का सत्यापन कम से कम दो बार किया जाए। उन्होंने कहा कि जो भवन या स्कूल डिमोलिशन में गया है, उसका भी सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा कि मतदेय स्थल के चयन के लिए लेखपाल एवं सचिवों को लगाया जाए। उन्होंने कहा कि चयन किए गए मतदेय स्थल की सूची को राजनीतिक पार्टियों से भी शेयर कर लें। सम्भाजन के बाद नये मतदेय स्थलों के बनने पर बीएलओ की नियुक्ति भी समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि बीएलओ की विशेष ट्रेनिंग कराई जाए तथा बीएलओ एप का प्रशिक्षण भी दिया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं का वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान के कार्यों में गति लाएं, जिससे एसआईआर के दौरान कार्यों में बाधा न हो। उन्होंने ड्राफ्ट सूची में शामिल न होने वाले सभी मतदाताओं के दस्तावेज सुरक्षित रखने और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 01 जनवरी, 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए एसआईआर की प्रक्रिया पूरी करें तथा अर्हता तिथि 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर, 2026 के लिए भी अग्रिम आवेदन स्वीकार किये जाएं। उन्होंने वृद्ध, बीमार, दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी), निर्धन एवं अन्य अशक्त व्यक्तियों को यथासंभव सुविधा प्रदान करने के लिए आवश्यक तैयारी करें। जिलाधिकारी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र नवयुवकों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल हो। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को गणना प्रपत्र, घोषणा पत्र एवं फार्म-6 उपलब्ध कराने को कहा, मतदाता द्वारा भरे गए गणना प्रपत्र की एक प्रति बीएलओ अपने पास रखेंगे और दूसरी प्रति अपने हस्ताक्षर सहित मतदाता को लौटाएंगे। इस दौरान गणना प्रपत्र के अलावा अन्य कोई अभिलेख न लिए जाएं। उन्होंने बताया कि शहरी मतदाता, अस्थायी प्रवासी गणना प्रपत्र को ऑनलाइन भी भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ, लेखपाल को एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े कार्यों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को मिशन मोड में संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पुनरीक्षण कार्य की दैनिक प्रगति की निगरानी करें और निर्धारित समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण करें, जिससे पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में आसानी रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि 3 नवम्बर 2025 तक विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण किया जायेगा। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा एवं प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा।

# जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्वक करें निस्तारित

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील बूढ़नपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 65 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त आये, जिसमें से मौके पर 15 प्रकरणों को निस्तारित किया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र में राजस्व विभाग के 30, विकास के 15, पुलिस के 20 शामिल है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं



गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर नन्दिनी शाह, तहसीलदार बूढ़नपुर, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## झोपड़ी में सो रहे वृद्ध की गोली मारकर हत्या

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र की कड़ैला गांव में बीत रात झोपड़ी में सो रहे वृद्ध को तीन बदमाशों ने गोली मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कड़ैला गांव के निवासी विनोद कुमार ने बताया कि बीती रात करीब 11 बजे जब वह अपने घर में सो रहे थे तभी उन्हें सूचना मिली कि घर से करीब 50 मीटर दूर झोपड़ी में सो रहे उनके 75 वर्षीय पिता मखन्चू को तीन लोगों ने मार कर घायल कर दिया है। आनन-फानन में विनोद ने मौके पर पहुंचकर देखा तो पिता दर्द से तड़प रहे थे। इसके बाद उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंच एंबुलेंस से वृद्ध को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान गोली लगने की पुष्टि की। थोड़ी देर में उनकी मौत हो गई। जांच पड़ताल में पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक कार्यवाहक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि करीब 11 बजे थाना सरायख्वाजा के ग्राम कड़ैला में मखन्चू नामक व्यक्ति को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मारने की सूचना पर हम पहुंचे थे। उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। यहां उपचार के दौरान मखन्चू की मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के शीघ्र अनावरण हेतु चार टीमों का गठन किया गया है।

## तीन मनचलों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पुलिस ने महिलाओं व छात्राओं पर अश्लील इशारे व फब्तियां कसने वाले तीन मनचलों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्यवाही से शोहदों ने दहशत व्याप्त है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने सूचना के आधार पर चैकी प्रभारी राधेश्याम सिंह को कस्बे के मुख्य बाजार में तथा एस आई अनिल यादव को राजकीय बालिका विद्यालय के पास इसके अलावा एस आई जयदीप को जमैथा के अखड़ो घाट पूल के पास मय एन्टी रोमियो फोर्स के साथ तैनात रहकर शोहदों पर कार्यवाही का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर तीनों स्थानों पर पुलिस की टीम सक्रिय हो गयी। चैकी प्रभारी राधेश्याम सिंह ने हमराहियों दुर्गेश पाण्डेय आदि के साथ कस्बे के मुख्य बाजार से राजन चैहान पुत्र जयदीप चैहान निवासी मलक बहादुरपुर को फब्तियां कसते गिरफ्तार कर लिया। एस आई अनिल यादव ने हमराहियों के साथ राजकीय बालिका इंटर कालेज के सामने छात्राओं पर अश्लील इशारे करने वाले मनचले पप्पू यादव पुत्र बांकेलाल यादव निवासी काजीअहमदनूर कस्बा जफराबाद तथा एस आई जयदीप ने हमराहियों के साथ अखड़ो घाट पूल के समीप मनचले सुनील यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी तरीयारी थाना केराकत को महिलाओं पर फब्तियां कसते तथा अश्लील गाना गाते समय गिरफ्तार मर लिया। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने बताया कि तीनों पर बीएनएस की धारा 296 के तहत कार्यवाही की गई है।

## अद की विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित स्थापना दिवस समारोह मनाने पर हुई चर्चा

मीरजापुर। आगामी 4 नवंबर को वाराणसी में आयोजित होने वाले अपना दल (कमेरावादी) के स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को लालगंज स्थित खजूरी कैंप कार्यालय में विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी समाज के वंचित, गरीब और किसानों की आवाज बनकर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि अपना दल (कमेरावादी) गरीबों और पिछड़े वर्गों की लड़ाई लड़ने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा और विकास ही पार्टी का धर्म है। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस 4 नवंबर को वाराणसी में भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें बूथ से लेकर सेक्टर और विधानसभा स्तर तक के कार्यकर्ता शामिल होंगे। कहा हर कार्यकर्ता पार्टी की नीति और सोच को जनता के बीच पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाए। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष मंगल प्रसाद पटेल ने कहा कि पार्टी ने हमेशा गरीबों, किसानों और पिछड़ों के हितों की लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक संगठन की पकड़ मजबूत है और जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने में पार्टी लगातार सक्रिय रही है। बैठक में कार्यकताओं ने अपने सुझाव साझा किए और संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में जिला व विधानसभा स्तर के नेताओं ने वाराणसी में होने वाले स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में शारदा प्रसाद पटेल, चंद्रजीत पटेल, कृपा शंकर पटेल, रामराज पटेल, महेंद्र गौड़, राजकुमारी सिंह, लालमणि पटेल, रामदास, अनिल सिंह, विष्णु सिंह, राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह और शिवनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भक्ति परिवार और समाज में संस्कारों की स्थापना में भी सहायक होती है : भावानंद

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के जयकर स्थित आश्रम में रविवार को आयोजित कथा सभा में महाराज भावानंद ने उपस्थित भक्तों को संतों की भक्ति और आध्यात्मिक जीवन के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। महाराज ने कहा कि संतों जैसे मीरा, सबरी और अजामिल की भक्ति केवल दिखावे या भौतिक साधनों तक सीमित नहीं थी वह पूर्णतः आध्यात्मिक थी। उनकी भक्ति में जीवन के उच्च आदर्श, आत्मिक शांति और ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण का संदेश निहित था। महाराज भावानंद ने बताया कि संतों ने जो मार्ग दिखाया वह समय की सीमाओं में बंधा नहीं था। उनके दिखाए मार्ग से आज भी भक्तों के जीवन में प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति न केवल व्यक्ति की आत्मा को शांति देती है। भक्ति परिवार और समाज में संस्कारों की स्थापना में भी सहायक होती है। महाराज ने स्पष्ट किया कि मन भौतिक इच्छाओं और लालसाओं से भरा रहता है जबकि सच्ची भक्ति मन को ईश्वर की ओर मोड़ती है। भगवान का नाम जीवन का वास्तविक आश्रय है। उन्होंने भक्तों को समझाया कि भक्ति का लक्ष्य भौतिक लाभ नहीं बल्कि आत्मिक विकास, ईश्वर की कृपा और जीवन में संतुलन प्राप्त करना है। महाराज भावानंद ने विशेष रूप से यह संदेश दिया कि संतों की भक्ति का मार्ग परिवार और समाज दोनों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवन की ओर कदम बढ़ाकर व्यक्ति न हो केवल स्वयं को सुधरता है। वह अपने परिवेश में भी सकारात्मक बदलाव लाता है। इस दौरान भारी संख्या में भक्तों ने कथा का श्रवण किया।

# लोक निर्माण विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। सुरेरी-क्षेत्र के मोदफ में जगदीशपुर से सुरेरी जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ किये प्रदर्शन लगाए जमकर नारे, लोक निर्माण विभाग के जेई के जल्द सड़क रिपेयर कराने के आश्वासन पर शांत हुए ग्रामीण।

क्षेत्र के जगदीशपुर से सुरेरी को जाने वाली लगभग दो किलोमीटर लंबी सड़क क्षतिग्रस्त होकर गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिससे उस मार्ग पर आवागमन के दौरान क्षेत्रीय लोगों को समस्या होती है। क्षेत्रिय लोगों का आरोप है कि मार्ग को रिपेयर कराने के लिए कई बार विभाग व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। मजबूरन क्षेत्रीय लोगों को उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे आए दिन लोग मार्ग में बने गड्ढों में गिरकर चोटिल हो जाते हैं। रविवार को जगदीशपुर से सुरेरी जाने वाली उसी मार्ग पर मोदफ बाजार में भाजपा नेता अभिषेक सिंह (सप्पू) के नेतृत्व में इकट्ठा हुए आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क पर खड़े होकर लोक निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के दौरान लोगों का आरोप था कि उक्त मार्ग के रिपेयर के लिए कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों व लोक निर्माण विभाग से शिकायत की गई। लेकिन समस्या का हल नहीं हो सका जिसकी वजह से इस मार्ग से होकर गुजरने में राहगीरों को काफी समस्या होती है। आए दिन स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे व बुजुर्ग उक्त मार्ग पर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय लोगों की माने तो उसी रास्ते से होकर सुबह के समय आधा दर्जन से अधिक विद्यालय के बच्चे व विद्यालय की गाड़ियां गुजरती है। कभी-कभी सड़क में बने गड्ढों की वजह से एक साथ कई गाड़ियां आने से जाम की स्थिति बन जाती है। जिसके कारण विद्यालय के बच्चे समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते और उनको विद्यालय की डाट सुननी पड़ती है। लगभग 45 मिनट तक प्रदर्शन के बाद मोबाइल पर लोक निर्माण विभाग के जेई राजेश पाल से हुई तो बातचीत में जल्द सड़क रिपेयर कराने के आश्वासन दिए तब ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ व ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान यूनुस, पंकज मिश्रा, छेदीलाल गुप्ता, निहाल पटेल, रियाजु अली, हारून अली, जगजीवन, बेला पाल, इंद्रजीत, पाल, सिकंदर अली, बेदी राम रहे। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जेई राजेश पाल ने बताया जांच कराकर जल्द ही लोगों को सड़क की समस्या से निजात दिलाई जाएगी।

# पोर्टल के जरिये मिले 101 एंड्रॉइड मोबाइल



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। साइबर अपराध की रोकथाम और आमजन को तकनीकी माध्यम से न्याय दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल, एसओजी टीम और जनपद के सभी थानों की संयुक्त कार्रवाई के दौरान पोर्टल के माध्यम से तकनीकी ट्रेसिंग कर 101 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग रू 11 लाख बताई जा रही है। सभी मोबाइलों को वास्तविक स्वामियों को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए रविवार को सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जनपद पुलिस की तत्परता और तकनीकी दक्षता की काफी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सोनभद्र पुलिस ने जिस प्रकार पारदर्शी व त्वरित कार्रवाई की है, वह सराहनीय है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पूरी टीम की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस तकनीक के माध्यम से जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही आमजन से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराकर ब्म्प्त् पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें, ताकि शीघ्र कार्रवाई संभव हो सके।

# मोंथा चक्रवात से भीगी कटी व गिरी धान की फसलों में निकला अंकुरण

लालगंज, मीरजापुर। मोंन्था चक्रवात तूफान के बाद रविवार को धूप निकलने के बाद मौसम सामान्य होने से किसान राहत महसूस कर रहे हैं? मौसम के बिगड़ते मिजाज से किसानों की धान की फसल 30 प्रतिशत गाढ़ी कमाई चौपट हो गई।

आंधी तूफान से गिरी तथा कटी धान अंकुरित हो गई है। खेतों में जल जमावों के कारण पानी में धान लहरा रही है। वहीं रबी के सीजन में बोई गई अगैती फसल चना, मटर, मसूर, सरसों आदि के खेतों में जल जमावों के कारण बर्बाद हो गई है। तहसील क्षेत्र के रेही, लहंगपुर, गंगहराकलां, बामी, धसड़ा, कोठी, मझियार, बेलाही, राजापुर, कलवारी, तेंदुआ कलां, तेंदुआ खुर्द, तुलसी, बरडीहा, अमहा, कटाई, बरौंधा, रतेह, नदना, पड़री, मझिगवां, मतवार, बेलाही, कुशियरा, सगरा, मटिहरा, रामपुर नौडीहा, थोथा , सोनगढ़ा , सिकटा, राजपुर, वीरपुर, खमरिया, केवलझर, पिपरा, बढ़वार ,पंवारी खुर्द, बरया सहित पूरे लालगंज व हलिया विकासखंड में लगातार बारिश होने से खेत में काट कर रखी एवं खड़ी धान की फसल में अंकुरण निकल आया है। जिससे किसान काफी आहत हैं। किसानों ने जिला अधिकारी पवन कुमार गंगवार से मांग किया कि जिला कृषि अधिकारी सहित तहसीलदार से क्षेत्र में धान की फसल के नुकसान की जांच करा कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग किया है।

# पुलिस ने जागकरूकता के लिए किया नुक्कड़ नाटक

जौनपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरेरी थाने की पुलिस द्वारा रविवार को सुल्तानपुर, कसेरू, बासुपुर बाजार में बालिकाओं की सुरक्षा और जागरूकता के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक में यह दिखाया गया कि कुछ मनचले सड़क पर चलती हुई एक बालिका से छेड़खानी करते हैं। बालिका ने साहस दिखाते हुए मनचले का विरोध करती है व उन्हें सबक सिखाने के लिए तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को फोन करती है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मनचले को गिरफ्तार कर थाने ले गई। पुलिस का नाटक द्वारा महिलाओं की सुरक्षा व जागरूकता का यह अनोखा दृश्य देखकर, उपस्थित लोग महिलाओं के सुरक्षा के प्रति पुलिस की पहल की सराहना किये। और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश सहयोग का आश्वासन भी दिए। इस नाटक में सुरेरी थाने पर तैनात महिला कांस्टेबल प्रिया पटेल ने बालिका की भूमिका निभाई, जबकि मनचले का किरदार सुरेरी थाने के एक दरोगा शेषनाथ साहनी ने बखूबी निभाई, जिसकी उपस्थित हर किसी ने सराहना की। वहीं महिला कांस्टेबल प्रिया पटेल ने उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा के लिए जारी टोल फ्री नंबर 1090, 112, 1076, आदि के बारे में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने उपस्थित लोगों को जारी टोल फ्री नंबर व नये कानून की विधिवत जानकारी दिये। बताया कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को समाज में सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत पुलिस को दें पुलिस हर समय आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में दुकानदार, छात्रा व उनके अभिभावक समेत स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या मौजूद रहे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया मिशन शक्ति के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया।

## काउंसलिंग 6 नवम्बर को

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित नवीन ऊर्जा केंद्र के अन्तर्गत ह्लउन्नत पदार्थ विश्लेषण एवं उपकरण तकनीकह्व पर आधारित प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 06 नवम्बर को आयोजित किया जाएगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी उक्त तिथि को नवीन ऊर्जा केंद्र के अध्यक्ष एवं प्रो. राजेन्द्र सिंह (राज्जू भैया) भौतिक विज्ञान अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान से सम्पर्क कर उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं।

# मुआवजे के साथ किसानों के कर्ज माफ किए जायें



जिला संवाददाता

सोनभद्र। मोंथा तुफान के कारण पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण सोनभद्र में किसानों की फसल को भारी नुक्सान पहुंचा है।

रविवार को पूर्वांचल नव निर्माण किसान मंच के नेता गिरीश पाण्डेय ने घोरावल विकास खंड के दर्जनों गांवों में जाकर किसानों की बर्बाद हुई फसलों का जायजा लिया। गिरीश पाण्डेय ने बताया कि हरिहरपुर, ओड़ौली, इनम, कुसरठ, उमरी, नरैना, दुरावल कला, दुरावल खुर्द, लसडी, चौकड़ा, मसोई गांव में किसानों की फसल को भारी नुक्सान पहुंचा है। गिरीश पाण्डेय ने बताया कि हरिहर गांव के किसान अमरेश चंद्र शुक्ला एवं सुरेश चंद्र शुक्ला के सामूहिक परिवार की मिलाकर सौ बीघे से अधिक बासमती धान की फसल कटकर खेत में पानी भरने के कारण सड़ने से महकने लगी है, यहां तक कि अब अंकुरित भी होने लगी है। गिरीश पाण्डेय ने बताया कि इसी तरह ओड़ौली गांव के विजेन्द्र सिंह और लालवर्ती सिंह पटेल की पूरी फसल पानी में डूबकर जमींदोज हो गई है। लसड़ी गांव के प्रधान राजेश एवं कमला सिंह ने दावा किया कि उनके गांव में चालीस प्रतिशत से ज्यादा किसानों की फसल डूबी हुई है और लगातार खराब होती ही जा रही है। चोकडी गांव के बच्चा सिंह की फसल को भी भारी नुक्सान पहुंचा है। गिरीश पाण्डेय ने किसानों की हुई क्षति को देखकर गहरी चिंता जताई और कहा कि जिस तरह कुछ दिन पहले तक किसानों में अच्छी उपज होने का उत्साह था वह अब हताशा में मोथा तुफान ने बदल दिया है। क्षेत्रीय किसानों में अपने जीवकोपार्जन की चिंता के साथ साथ पशुओं को चारे की भी चिंता सताने लगी है। साथ ही आगामी रवि फसल की बुआई को लेकर भी किसान सशंकित हैं। गिरीश पाण्डेय ने बताया कि किसान बैंक और कोआपरेटिव कर्ज की देनदारी की भी चिंता क्षेत्र में जता रहे हैं। किसान नेता गिरीश पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ई-मेल के माध्यम से पत्र लिखकर किसानों की इस भीषण क्षति पर ध्यान आकर्षित कराते हुए किसानों के फसलों को होने वाले नुक्सान की शत-प्रतिशत क्षतिपूर्ति दिलाने की मांग के साथ किसानों का कृषि कर्ज, को-आपरेटिव कर्ज एवं बिजली बिल भी माफ कराने की मांग किया। कहा कि जब हमारे देश के बड़े कारोबारियों को नुक्सान होने पर सरकारें भरपूर सहायता करतीं हैं तो आज संकट की घड़ी में सरकार को किसानों के साथ संवेदनशीलता के साथ खड़े होने की आवश्यकता है जो किसान हित में होगा।

# मगध सम्राट जरासंध महाराज की मनायी 5228वीं जन्म जयंती

दुद्धी, सोनभद्र। अखिल भारत वर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा व चन्द्रवंशी समाज समिति शाखा दुद्धी द्वारा संयुक्त रूप से डीहवार बाबा स्थित मन्दिर परिसर वार्ड 2 दुद्धी में मगध सम्राट जरासंध महाराज की 5228 वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला व शाखा अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राज नारायण चन्द्रवंशी एवं जितेन्द्र सिंह चन्द्रवंशी द्वारा चन्द्रवंशी समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजा बृहद्रथ की दो रानियां थीं जिन्हें संतान सुख प्राप्त नहीं हो रहा था, राजा बृहद्रथ को ऋषि द्वारा पुत्र रत्न की प्राप्ति के लिए राजा वृहद रथ को फल दिया की अपनी रानियां को खिला दें परंतु राजा के दो रानियां थी जिसके कारण बराबर-बराबर दो भागों में फल को खिलाया जिससे दोनों रानियों के गर्भ से आधे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। परंतु चन्द्रवंशी समाज की कुलदेवी जरा माता जिसे वनदेवी के नाम से भी जाना जाता है द्वारा रानियों के गर्भ से उत्पन्न आधे आधे पुत्रों को शक्ति द्वारा जोड़ा गया। जिसके कारण जरासंध नाम पड़ा।

कहार कोई जाति नहीं अपितु पेशा है जो आजादी के उपरांत कहार शब्द जाति के रूप में साजिस के तहत थोपा गया। जबकि आजादी के दौरान तत्कालीन गवर्नर ने लिखित में चन्द्रवंशी, रवानी, क्षत्रिय लिखें जानें की पौराणिक पुष्टि उपरान्त संतुती की। संवैधानिक विसंगतियों के कारण कहार शब्द जोड़ा गया। जो विकास से आज भी वंचित और अति पिछड़ा है। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी नें कहाँ राजगीर बिहार में मगध सम्राट जरासंध महाराज की गौरव गाथा कण कण में राजगीर में विराजित है जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विशालकाय जरासंध महाराज की प्रतिमा स्थापित कर चन्द्रवंशियों के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने का काम किया। जरासंध अखाड़ा, सरोवर, जरामाता का मन्दिर आदि हजारों एकड़ में गौरव गाथा है सच्चे सनातनी चन्द्रवंशी गप सेवा समिति काशी द्वारा चन्द्रवंशी व उपजाति यदुवंशियों द्वारा आज भी हजारों वर्षों से काशी में बाबा विश्वनाथ का प्रथम दुधाभिषेक शिवरात्रि पर की जाती है। मनदीप कुमार चन्द्रवंशी द्वारा कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

संक्षेप

## गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की अस्थायी चौकी ढूंढते रह जायेंगे

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर बीते डेढ़ माह से चैबीसों घंटे रेल व यात्रियों की सुरक्षा के लिए जीआरपी पुलिस ड्यूटी बजा रही है, लेकिन महकमे के गैर जिम्मेदारानो की वजह से प्लेटफॉर्म पर आज तक चैकी नहीं खुल सकी।

जिसके कारण यहां से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को इसका भान ही नहीं होता।गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल ने अपर पुलिस महा निदेशक रेलवे लखनऊ को पत्र भेजकर रेलवे स्टेशन पर जल्द से जल्द जीआरपी चैकी खोले जाने की मांग की है।मालूम हो कि सभासद श्रीमती जायसवाल की मांग पर बीते 12 सितंबर को जीआरपी सटे गोसाईगंज रेलवे स्की तो चैकी केरेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी इंस्पेक्टर दीवान चंद्र रावत ने तत्काल एक एसआई (प्रभारी चैकी अस्थाई पुलिस चैकी)के साथ साथ 02 कांस्टेबल/हेड कांस्टेबल की तैनाती भी कर दी।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर के पैर में लगी गोली

जिला संवाददाता



**कुशीनगर**। जिले की पुलिस टीम द्वारा एक 25 हजार के इनामिया पशु तस्कर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अहिरौली बाजार क्षेत्रान्तर्गत पशु तस्कर के होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसमें थाना अहिरौली बाजार, थाना कप्तानगंज व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना अहिरौली बाजार क्षेत्रान्तर्गत अहिरौली-बोदरवार मार्ग पुलिया के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिससे व्यक्ति के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। अभियुक्त की पहचान राकेश कुशवाहा पुत्र छोटन कुशवाहा निवासी तरया लछिराम टोला मछार थाना तरयासुजान के रुप में हुयी है जिसको गिरफ्तार कर लिया गया। मौके/कब्जे से 01 तमन्चा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल, 900 रुपये नगद आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर सुसंगत धाराओं अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त राकेश कुशवाहा थाना अहिरौली बाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0-264/2024 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण व 11 पशु क्रुरता अधिनियम में वांछित था तथा उस पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था।

## अखंड भारत के प्रणेता थे सरदार वल्लभ भाई पटेल : भूपेंद्र सिंह

देवरिया : रविवार, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा नगर मंडल द्वारा नगर कार्यालय गरुलपार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल के जीवन और उनके योगदान को याद किया। इसी क्रम में क्षेत्र के औरा चौरी स्थित पार्टी मुख्यालय पर महिला मोर्चा द्वारा सरदार पटेल की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके नेतृत्व में देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया गया था। श्री सिंह ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम से हमें उनकी विरासत को याद करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि उनकी एकता और अखंडता की भावना आज भी प्रासंगिक है और हमें इसे अपनाने का प्रयास करना चाहिए।वहीं भाजपा जिला कार्यालय पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्री शकुंतला चौहान ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा की तथा सरदार पटेल को भारत की एकता और अखंडता की प्रतिमूर्ति बताया। जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अखंड भारत के निमार्ता को भुला दिया, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सरदार पटेल का सम्मान भाजपा सरकार कर रही है। नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर नगर में आगे भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया ने किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नगर महामंत्री रविशंकर नाथ त्रिपाठी उपाध्यक्ष बजरंगी मणि, अजय सिंह, अटल बरनवाल, विजय लक्ष्मी, संजू सोनी, नगर मंत्री अमन वर्मा, सुशील सिंह, अभिषेक मिश्रा, दीपू यादव, मिडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव बिल्लू, आईटी विभाग संयोजक नागेंद्र गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक दीपक श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, सुशील जायसवाल, राजेश दुबे, बलराम वर्मा, राजन पांडेय, आनन्द श्रीवास्तव, भरत मद्धेशिया, गोलू जायसवाल, अंकित शर्मा, वीरू राजभर, आशीष सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एसपी के निर्देशन में चला जागरूकता अभियान

**देवरिया**। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में नये आपराधिक कानूनों के और अधिक प्रभावी क्रियान्वयन व इन कानूनों के विविध प्रावधानों के बारे में व्यापक जनजागरूकता हेतु विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों तथा व्यापारी वर्ग को संवाद व प्रश्नोत्तर के माध्यम से नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (इठर) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) 2023, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (इरअ) 2023 के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा नये कानूनों की विशेषताओं जैसे—त्वरित न्याय की प्रक्रिया, अपराध पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्यों की वैधता, जमानत एवं गिरफ्तारी से संबंधित संशोधित प्रावधान, और लैंगिक अपराधों के प्रति कठोर दंडात्मक व्यवस्थाओं—की जानकारी आमजन को दी गई। इसके अतिरिक्त नये कानूनों की व्यापकता हेतु संवर्द्धित प्रावधानों यथा—जीरो एफआईआर, ई-एफआईआर, समयबद्ध न्याय(मुकदमों का निस्तारण), महिला एवं बाल संरक्षण के प्रावधान, नये अपराधों का समावेश व अप्रासंगिक प्रावधानों का निरसन, प्रौद्योगिकी और फोरेंसिक कौशल/तकनीक के उपयोग से संबंधित प्रावधान आदि के बारें में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही यह बताया गया कि नये आपराधिक कानूनों में पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसके अंतर्गत अपराध पीड़ितों को न्याय प्रक्रिया में अधिक सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान की गई है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा जनसामान्य से अपील की गई कि वे इन नये कानूनों की जानकारी प्राप्त करें तथा समाज में कानून के प्रति जागरूकता फैलाने में सहयोग करें, जिससे प्रत्येक नागरिक नये आपराधिक कानूनों से भली-भांति परिचित होकर कानून का सम्मान करते हुए एक सुरक्षित एवं न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सहभागिता कर सके।

## भंते ज्ञानेश्वर के निधन पर रालोद राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक



**कसया, कुशीनगर**। भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष और बर्मी बुद्ध बिहार के महंथ अग्ग महा पंडित भदंत ज्ञानेश्वर के निधन पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।रविवार को प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय, जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर बर्मी बुद्ध बिहार पहुंचे तथा दिवंगत बौद्ध धर्मगुरु ज्ञानेश्वर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा भंते गण से मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिंह और प्रदेश अध्यक्ष श्री राय का शोक संदेश सुनाया। श्री पांडेय ने कहा कि भिक्षु ज्ञानेश्वर ने बुद्ध की शिक्षाओं का मानव हित में प्रसार किया। वह कुशीनगर के शैक्षणिक विकास के लिए जाने जाएंगे। इस दौरान राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रिय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा, युवा नेता कुलदीप कुमार, समाजसेवी मुकेश यादव, देवेंद्र राय, सिताराम मौर्य, बिशेश्वर निगम, भोला प्रसाद, रविन्द्र पान्डेय सहित पार्टी जनों ने स्वर्गीय भंते को श्रद्धांजलि दी।

# बालिका शिक्षा में मील का पत्थर बना बौद्ध विद्यालय




**बरहज, देवरिया**।श्रुति कीर्ति बौद्ध कन्या महाविद्यालय शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है। श्रुति कृति स्मृति संस्थान एक महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। शिक्षा से जुड़ना महान कार्य है। शिक्षा प्रगति का रास्ता है। बेटी शिक्षित होती है तो परिवार शिक्षित होता है। देश का विकास ग्रामीण क्षेत्र के विकास में

● **श्याम प्यारी देवी संस्कार पर्व एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह**

निहित है। ग्रामीण क्षेत्र में महिला शिक्षा का उन्नयन महत्वपूर्ण है। यह देश के विकास में महत्वपूर्ण कड़ी है। यह बातें पंडित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने श्रुति कीर्ति स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित श्याम प्यारी देवी संस्कार पर्व एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए बरहज स्थित श्रुति कीर्ति बौद्ध कन्या महाविद्यालय में कहीं। कुलपति ने कहा कि छात्राएं अपने आसपास के परिवारों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें। आज देश प्रगति के नए आयाम को प्राप्त कर रहा है। ऐसे में अपनी टेक्नोलॉजी के विकास की जरूरत है। भारत युवाओं का देश है। युवाओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति आगे बढ़ना होगा।

अभिभावक बेटे बेटियों की शिक्षा को सामान अवसर दे। आज महाविद्यालय में विश्वविद्यालयों में अस्सी प्रतिशत मेडल बेटियों को मिल रहा है। 55 प्रतिशत बेटियां कॉलेज में पढ़ रही है। बेटियां अभिभावक और शिक्षकों के बातों को माने। पूर्व विधान परिषद सदस्य जे पी जायसवाल ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय की स्थापना ग्रामीण क्षेत्र के बेटियों की शिक्षा के लिए किया गया।

अपने स्थापना के 24 वर्षों में महाविद्यालय ने तमाम उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां से पढ़ कर निकली बच्चियां तमाम उच्च पदों पर आसीन हुई है। समारोह को प्रबंधक डॉक्टर अंतिमा जायसवाल, प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय मणि, रमेश चंद्र सिंह, वकील सिंह ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता ज्योतिषाचार्य युगल किशोर तिवारी व संचालन डॉक्टर रविकांत तिवारी ने किया। इस अवसर पर राजेश जायसवाल, रामेश्वर यादव, वकील सिंह, अनिल कुशवाहा, प्रदीप जायसवाल, वीरेंद्र गुप्ता, द्वारिका मद्धेशिया, दुर्गेश मद्धेशिया, अखंड प्रताप सिंह, माधव सिंह, शिवाजी मल्ल, कक्कू श्रीवास्तव, आलोक जायसवाल आदि मौजूद रहे। अंत में महाविद्यालय की ओर से लोगों में कंबल वितरण किया गया।

## श्याम जन्मोत्सव पर दशहरा बाग में भंडारे का भव्य आयोजन

**रुपईडीहा बहराइच**। दशहरा बाग में शनिवार को श्याम जन्मोत्सव के पावन पर्व के शुभ अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश सिंह रावत एवं विशिष्ट अतिथि शेर सिंहकसौधन संघ प्रचारक सर्वेश समाजसेवी इंजीनियर राजेंद्र कुमार सिंह ( राजू सिंह भैया) आयोजन समिति के सिद्धनाथ जायसवाल, अंकित जायसवाल, रवि वर्मा, मनोज वर्मा, सरवन गुप्ता, नंदलाल सोनी, गोविंद केवट, धर्मेंद्र सोनी, शिवा आदि ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए और श्याम बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान श्याम के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित कर प्रसाद वितरण किया आपको बताते चलेंकार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने कहा ऐसा आयोजन होना चाहिए इससे समाज में जागरूकता रहती है जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार संरक्षक रुपईडीहा पत्रकार संघ शेर सिंह कसौधन ने कहा हरे का सहारा बाबा श्याम हमारा जय श्री श्याम अधिघोष के साथ सभी श्याम प्रेमियों ने तालियां बजाकर श्याम बाबा की जय करके समर्थन किया श्याम महोत्सव महा पर्व के शुभ अवसर पर तेज प्रसाद वर्मा, रुपईडीहा पत्रकार संघ अध्यक्ष संजय वर्मा, रुद्र प्रताप मिश्रा, श्रवण कुमार गुप्ता, जिला संगठन मंत्री रमेश कुमार मिश्रा तथा सभासद ध्रुव राज वर्मा उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का स्वागगत पत्रकार पत्रकार , भाजपा रूपईडीहा मंडल उपाध्यक्ष कन्हैया वर्मा, पत्रकार रमेश सिंह , आशुतोष दुबे अंकित जायसवाल अमित जायसवाल शिव ठाकुर गुडबिन आदि उपस्थितरहे।

## श्याम प्यारी देवी संस्कार पर सम्मानित हुई श्रेष्ठ हस्तियां

**बरहज,देवरिया**। श्याम प्यारी देवी संस्कार पर्व और शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में शिक्षा, सामाजिक एवं पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन, पूर्व विधान परिषद सदस्य जे पी जायसवाल, डॉक्टर अंतिमा जायसवाल ने डॉक्टर अजय मणि, रमेश चंद्र सिंह, वकील सिंह, माधव सिंह, गणेश शंकर शर्मा, नीरज कुमार श्रीवास्तव, देवदत्त कुशवाहा, गोपाल प्रसाद, प्रदीप कुमार, आलोक मल्ल, अशोक कुमार सिंह, प्रबंधक अजय प्रताप यादव, सिंहासन यादव, विवेकानंद मिश्र, अजय पांडेय,सच्चिदानंद पांडेय,संजय सिंह, भगवान उपाध्याय, पवन पांडेय,मनीष मिश्र, संदीप तिवारी, विक्रम सिंह, मुकेश मिश्र, अधिवक्ता नागेंद्र सिंह, पंकज सिंह को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मुख्य आरक्षी ब्रजराज सिंह हुए सेवानिवृत्त, दी गई विदाई




**अयोध्या**। पुलिस सेवा में अपनी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता की अमिट छाप छोड़ने वाले मुख्य आरक्षी ब्रजराज सिंह रविवार को विधिवत सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर थाना कुमारगंज में एक भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सहकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें गर्मजोशी से विदा किया। मुख्य आरक्षी ब्रजराज सिंह ने वर्ष 1984 में पुलिस विभाग में भर्ती होकर अपनी सेवाएं आरंभ की थीं। 41 वर्षों की लंबी सेवा अवधि में उन्होंने कई जनपदों और थानों में अपनी कार्यकुशलता, समर्पण और ईमानदारी से पुलिस विभाग की गरिमा बढ़ाई। थाना कुमारगंज में उनका कार्यकाल लगभग छह वर्ष का रहा, जिसके दौरान उन्होंने जनता, अधिकारियों और कनिष्ठ साथियों से मधुर संबंध बनाए रखे। विदाई समारोह के दौरान थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने उन्हें राम दरबार का चित्र और शाल भेंटकर उनके स्वस्थ और सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं। समस्त पुलिसकर्मियों ने भी उपहार भेंट कर उन्हें स्नेहपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम के अंत में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने मानवीय संबंधों की अनूठी मिसाल पेश करते हुए स्वयं वाहन चलाकर मुख्य आरक्षी ब्रजराज सिंह को अयोध्या-सुलतानपुर सीमा तक छोड़ने गए। इस भावनात्मक क्षण पर उपस्थित सभी पुलिसकर्मी भाव-विह्वल हो उठे।

# भगवान कृष्ण की लीलाए भक्ति ,प्रेम और धर्म के गहरे संदेश है: साध्वी रिद्धिमा



**देवरिया** । शहर के रामनाथ देवरिया दक्षिणी मुहल्ले में श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में साध्वी रिद्धिमा ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव एवम उनकी लीलाओं का हदयस्पर्शी कथा कर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया । उन्होंने भगवान कृष्ण के जन्म लीला ,पूतना बध का माखन चोरी ,दामोदर लीला ,गोबरधन धारण,कालिया मर्दन आदि के का वर्णन करते हुए बताया कि ईश्वर बल से नहीं प्रेम से मिलता है ।गोवर्धन धारन के जरिए प्रकृति पूजा का संदेश घमंड का त्याग और कालिया मर्दन के जरिए अधर्म और विष का नाश और धर्म की रक्षा की कथा सुना ए ।श्री कृष्ण की बाल लीलाएं केवल कथाएं नहीं बल्कि भक्ति प्रेम निस का पत्ता और धर्म के कार्य संदेश देते हैं यह हमें सिखाती है कि ईश्वर सरलता में ही सबसे अधिक निकट होते हैं बाल लीलाए भगवान कृष्ण का जीवन , भक्ति, धर्म ,ज्ञान और मोक्ष का सन्देश है। कथा का मूल उद्देश्य भक्ति श्रद्धा की स्थापना कर भगवान के प्रति प्रेम और भक्ति जागृत करना है कथा बताती है कि ईश्वर की भक्ति ही जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है इससे मन बुद्धि और हृदय का शुद्धिकरण होता है और अंतःकरण निर्मल होता है ।श्रीमद् भागवत कथा बताती है कि मनुष्य का जीवन केवल भोग के लिए नहीं बल्कि आत्मबोध और मोक्ष जैसे उच्च उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए है । भक्त भक्त प्रह्लाद,अजामिल,, भरत ऋषभदेव आदि की कथाओं के अलावा पुरंजनोपाख्यान भी मनुष्य को जीने की कला सिखाता है ।इस प्रकार यह कथा समाज में संस्कार बनाए रखने के लिए एक अद्वितीय दीपक है अतः कथाओं का आयोजन बार बार होना आवश्यक है । शाद्धवि रिद्धिमा की भावपूर्ण कथा व भजन श्रवण करने लिए भारी संख्या में स्रोता प्रतिदिम पहुचकर रहे हैं ।मुख्य यजमान सपत्नीक कैप्टन वीरेंद्र सिंह और उनके परिजनों समेत , पौहारी शरण राय,ग्रा प ए के जिलाध्यक्ष नागेंद्र

## दिवंगत भंते ज्ञानेश्वर को देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने दी श्रद्धांजलि



**कसया, कुशीनगर**। म्यांमार मंदिर के प्रमुख दिवंगत बौद्ध धर्मगुरु भंते ज्ञानेश्वर को देशी विदेशी श्रद्धालुओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। करने के लिए देश, विदेश के बौद्ध श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

रविवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और सांसद जौनपुर बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व कमिश्नर नई दिल्ली श्रीकृष्ण आनंद, विजय कुशवाहा, नेपाल के ज्ञानी शाक्य, संजीव शाक्य, बसपा कोऑर्डिनेटर और पूर्व सांसद घनश्याम खरवार, बस्ती के सांसद राम प्रसाद चौधरी, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अखिलेश कटियार, सपा जिलाध्यक्ष विकास यादव, रमेश यादव, पूर्व विधायक सुरेश यादव, डॉ विवेक सिंह पटेल, पूर्व गृह मंत्री नेपाल सरकार देवराज कंडेल, वीरेंद्र तिवारी, प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय, प्राचार्य विनोद मोहन मिश्रा, आजमगढ़ से भिक्षु महा कश्यप, टीके राय, सहित म्यांमार, श्रीलंका, थाइलैंड, ताइवान, वियतनाम, तिब्बत आदि देशों और प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगल, दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश आदि राज्यों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह थाई भिक्षु डॉ पी सोम पोंग, भंते सों क्रान के नेतृत्व में विशेष शांति पाठ किया गया। म्यांमार के राजदूत जा ऊ ने थाई भिक्षुओं को चीवर दान दिया। तिब्बती भंते कंचुक लामा ने तिब्बती रीति रिवाज से शांति पाठ किया। इसी क्रम में बौद्ध धर्मगुरु ज्ञानेश्वर के 90 वें जन्मदिन 10 नवंबर को पर होने वाले सांस्कृतिक समारोह में म्यांमार की गायिकाएं अपनी प्रस्तुति देने वाली थीं लेकिन 31 अक्टूबर को उनका देहावसान हो जाने से उनकी यह हसरत अधूरी रह गई। गायिकाओं ने अपने गीतों के माध्यम से भंते को श्रद्धांजलि अर्पित कीं।

# नियम विरुद्ध है सुभाष की पदोन्नति, जांच का विषय

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। उच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा दिखाने व बिना पद के कुण्डली जमाये बैठे वरिष्ठ लिपिक सुभाष यादव का पदोन्नति नियम विरुद्ध है, ऐसा जानकारों का दावा है। जानकारों का तर्क है कि जब डीआईओएस दफ्तर मे वरिष्ठ लिपिक का पद ही नही सृजित है तो फिर डीआईओएस कार्यालय में कनिष्क लिपिक रहे सुभाष यादव का उसी डीआईओएस आफिस मे वरिष्ठ

● **बिना पद का नहीं हो सकता है पदोन्नति**

लिपिक के पद पर पदोन्नति कैसे हो गया? सवाल जायज है जो न सिर्फ जांच का विषय है बल्कि जिम्मेदारो की जवाबदेही भी है।बतादे कि जनपद सृजन के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय कुशीनगर मे डीआईओएस व लेखाधिकारी सहित कुल नौ पद सृजित है जिसमे कर्मचारियों की संख्या सात है। डीआईओएस और लेखाधिकारी के अलावा सात कर्मचारियों मे आशू लिपिक एक, लेखाकार एक, कनिष्ठ लिपिक एक, दफ्तरी,एक, अर्दली एक, चालक एक, व चपरासी का एक पद सृजित है। बताया जाता है कि वर्ष 2021 मे कुशीनगर डायट से कनिष्ठ सहायक के पद से स्थानांतरित होकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहुंचे सुभाष प्रसाद यादव ने 26 जुलाई -2021 को कनिष्ठ सहायक के पद पर ज्वाइनिंग किया था। कहना ना होगा कि डीआईओएस दफ्तर मे एक वर्ष दो माह अट्ठारह दिन कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्य करने के बाद सुभाष यादव ने 14 अक्टूबर-2022 को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मे वरिष्ठ सहायक के पद पर पदोन्नति हासिल कर लिया। मजे की बात यह है जिस वरिष्ठ सहायक के पद पर सुभाष यादव 14 अक्टूबर-2022 से पदोन्नति होकर कार्य कर रहे है वह पद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मे सृजित ही नही है ऐसे में सवाल मुनासिब है कि जब डीआईओएस दफ्तर मे पद ही नही है तो फिर सुभाष यादव का पदोन्नति हुआ कैसे? सूत्र बताते है कि सुभाष के पदोन्नति के दौरान गोरखपुर मण्डल मे आधा दर्जन कनिष्ठ सहायको का प्रमोशन हुआ था जिसमे अधिकांश बिना पद का नियम विरुद्ध पदोन्नति किया गया है जो जांच का विषय है इसमे सुभाष भी शामिल है।

### जानकार बोले

माध्यमिक शिक्षा के विशेषज्ञों का कहना है कि जिस विभाग मे पद सृजित न हो वहा बिना पद के पदोन्नति नही हो सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि डीआईओएस कार्यालय कुशीनगर मे वरिष्ठ सहायक का पद सृजित नही है ऐसे में कनिष्ठ सहायक का पदोन्नति वरिष्ठ सहायक के पद पर किसी भी सूरत मे नही हो सकती है। विधि विशेषज्ञों का दावा है कि सुभाष प्रसाद यादव का पदोन्नति नियम विरुद्ध व अवैध तरीके से हुई है निष्पक्ष जांच हुई तो दूध का दूध पानी का पानी साफ हो जायेगा।

### वरिष्ठ सहायक का कैसे ले रहे वेतन

जानकारों के तर्क के अनुसार अगर सुभाष प्रसाद यादव का पदोन्नति नियम विरुद्ध है तो फिर तीन वर्षों से वरिष्ठ सहायक पद का लाभ लेते हुए डीआईओएस दफ्तर में कुण्डली जमाये बैठे सुभाष यादव के वेतन आहरण पर भी सवाल उठना स्वभाविक है? यहां बताना जरूरी है कि सुभाष यादव की चपरासी के पद पर हुई नियुक्ति के बाद नियम विरुद्ध पदोन्नति पाकर बने वरिष्ठ सहायक तक सफर पर गौर करे तो सुभाष यादव लगभग 26 वर्षो से नौकरी कर रहे है। इस दरम्यान एक बार उनका स्थानांतरण देवरिया जनपद के रामपुर कारखाना स्थित डायट पर हुआ था किन्तु अपने रसूख के दम पर महज ढाई महीने बाद ही कुशीनगर वापस लौट आये जबकि शासनादेश के मुताबिक एक पटल पर किसी कर्मचारी को तीन वर्ष व जनपद मे पांच वर्ष तक ही रहने का प्राविधान है। ऐसे में सुभाष यादव का लगभग 26 वर्षो से कुशीनगर में जमें रहना भी सवाल के घेरे में है।

## दि आयुष्मान फाउंडेशन ने मनाया जन्मदिन

सोहावल-अयोध्या। दि आयुष्मान फाउंडेशन संस्था द्वारा संचालित अयोध्या बाल संस्कार केंद्र में आज दो विशेष अवसरों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था से जुड़ी दीपिका जायसवाल ने बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया।

## नागरी प्रचारिणी सभा में हुई श्रद्धांजलि सभा



**देवरिया**। हिन्दी के प्रख्यात उपन्यासकार, कवि, आलोचक एवं साहित्य शास्त्री प्रो रामदरश मिश्र के एक सौ एक वर्ष पूर्ण कर लेने के पश्चात आई निधन की सूचना पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नागरी प्रचारिणी सभा में हुआ। अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए डॉ चतुरानन ओझा ने कहा कि रामदरस मिश्र जी संवेदनशील एवं जन पक्षधर रचनाकार थे। वे साहित्य के किसी भी गुट या खेमे से निरपेक्ष रहे। उन्होंने आगे कहा कि मिश्र जी का प्रारंभिक जीवन संघर्षो से भरा रहा। चौरी चौरा के कछार से पैदल चलकर बरहज पढ़ने आते थे। उन्होंने बहुत सारे ऐसे ऐतिहासिक तथ्यों का जिक्र अपने साहित्य में किया है जो इतिहास के किसी पुस्तक में नहीं मिलेगा। साहित्य जगत ने उनके साथ उचित न्याय नहीं किया है। राम जी सहाय पी जी कालेज रुद्रपुर के प्रो संतोष यादव ने कहा मिश्र जी सहज सरल और संवेदनशील रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में रुद्रपुर और उसके आस पास का रहन सहन, संस्कृति, गांव की कठिनाइयां सम्मुख प्रत्यक्ष हो उठती हैं। ऐसे सम्पूर्ण साहित्यकार को मेरा प्रणाम। सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा मिश्र जी बड़े साहित्यकार के साथ साथ बड़े दिल के आदमी भी थे। वे सहयोगी विचार भाव के व्यक्ति थे। मेरे अंचल भारती पत्रिका के प्रकाशन में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निजी तौर पर मैं उनका ऋणी हूं। श्रद्धांजलि सभा में डॉ अभय कुमार द्विवेदी, ि. दिवाकर प्रसाद तिवारी, उद्धव मिश्र, डा. अचल पुलस्तेय, सरोज कुमार पाण्डेय, डा. मधुसूदन मणि त्रिपाठी, इन्द्र कुमार दीक्षित, मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी, आदि ने भी मिश्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जितेन्द्र प्रसाद तिवारी, डा मधुसूदन मिश्र, कौशल कुमार मिश्र, डॉ अभय कुमार द्विवेदी, अरुण कुमार राव, रवीन्द्र नाथ तिवारी, सुनील त्रिपाठी, ब्रजेश पाण्डेय अधिवक्ता, बृजेश पाण्डेय प्रबन्धक, पुण्य देव मणि त्रिपाठी, श्रीमती दुर्गा पाण्डेय, योगेन्द्र तिवारी योगी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां तेज

अयोध्या। भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। आगामी 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में मंदिर परिसर में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर न केवल राम मंदिर, बल्कि परकोटे के सभी छह मंदिरों में भी ध्वजारोहण किया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि मंदिर निर्माण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि ह्राम मंदिर का ध्वज देश के सभी मंदिरों में सबसे ऊंचा होगा, जो धरती से 191 फीट ऊपर फहराया जाएगा।ह्व उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। परिसर का सुंदरीकरण, फर्श बिछाने, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा उपकरणों की स्थापना का कार्य तेज गति से चल रहा है।

ट्रस्ट के अनुसार, 10 एकड़ क्षेत्र में पंचवटी का निर्माण किया जा रहा है, जहाँ श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक स्थलों और उद्यानों का निर्माण होगा। वहीं 3.30 किलोमीटर लंबी बाउंड्रीवाल को सुरक्षा मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। गर्भगृह में भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा स्थापित है और प्रथम तल पर राम दरबार के दर्शन भी शुरू हो चुके हैं। परकोटे के सभी मंदिरों में प्रतिमाएं, कलश और ध्वजदंड स्थापित किए जा चुके हैं।

# देश में आर्थिक स्थिरता

सतत् और टिकाऊ आर्थिक विकास हासिल करने के लिए हर समय आर्थिक और वित्तीय स्थिरता बनाए रखना एक आवश्यक शर्त है। बहरहाल इसे हासिल करना आसान नहीं है। खासतौर पर विकासशील देशों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। बीते कुछ दशकों में विकासशील देशों में आर्थिक संकट ने कई बार दस्तक दिया है। भारत को वर्ष 1991 में भुगतान संतुलन के संकट का भी सामना करना पड़ा था। बहरहाल समय के साथ हालात बदले हैं और बड़ी संख्या में विकासशील देशों ने अपने नीतिगत ढांचे में बदलाव किया ताकि वे आर्थिक मजबूती बढ़ा सकें। ऐसे वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में जहां एक के बाद दूसरा संकट आ रहा है, भारतीय नीति निर्माता वृहद आर्थिक स्थिरता हासिल करने में कामयाब रहे हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तुलनात्मक रूप से तेज गति से वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है। वास्तव में यह बात माननी होगी कि भारत को 1991 के बाद से कभी बाहरी संकट से नहीं जूझना पड़ा है। लेकिन उसके बाद से भारत ने आर्थिक सुधारों की जो राह अपनायी तो पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत ने एक लचीली विनिमय दर अपनाई है जो मोटे तौर पर बाजार संचालित है। परंतु रिजर्व



बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करता है ताकि अत्यधिक उतार-चढ़ाव को नियंत्रित किया जा सके जो आमतौर पर अचानक पूंजी की आवक या उसके बाहर जाने से उत्पन्न होती है। उदाहरण के लिए जब बड़े केंद्रीय बैंकों ने वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में भारी मात्रा में धन डाला और कोविड-19 महामारी के आरंभिक महीनों में नीतिगत ब्याज दरों को काफी कम कर दिया था। इससे भारतीय बाजारों में जबरदस्त पूंजी की आवक देखी गई। रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया ताकि अतिरिक्त नकदी की खपत की जा सके और आरक्षित कोष तैयार किया जा सके। भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार 2020-21 में 100 अरब डॉलर से ज्यादा की बढ़त हुई। उसी समय 2022 में बड़े वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने तालमेल के साथ अपनी ब्याज दरों में इजाफा कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि उभरते बाजारों से बहुत बड़ी मात्रा में पूंजी बाहर गई। इनमें भारत भी शामिल था। फिर रिजर्व बैंक के सक्रिय हस्तक्षेप ने विदेशी मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव को थामने में मदद की। मार्च से अक्टूबर 2022 के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में 100 अरब डॉलर की कमी आई। जब हालात में ठहराव आया तो रिजर्व बैंक ने अपना भंडार बढ़ाया। फिलहाल उसका विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है। विदेशी मुद्रा भंडार ने आर्थिक स्थिरता को जबरदस्त मजबूती प्रदान की। विदेशी मुद्रा प्रबंधन, देश की मजबूती का इकलौता स्तंभ नहीं रहा है। वर्ष2016 में भारत ने मौद्रिक नीति के लिए मुद्रास्फीति को लक्षित करने का लचीला ढांचा अपनाया। इससे न केवल मुद्रास्फीति संबंधी परिणामों के उतार-चढ़ाव को थामने में मदद मिली बल्कि नीतिगत पारदर्शिता में भी इजाफा हुआ और भारतीय नीति निर्माण में भरोसा मजबूत हुआ। भारत में एक नियम आधारित राजकोषीय नीति भी है। इस संदर्भ में सरकार ने अच्छा काम किया। खासतौर पर महामारी के बाद राजकोषीय घाटा बढ़ने पर। सरकार चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 4.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है, जो 2020-21 के 9.2 फीसदी की तुलना में काफी बेहतर है। राजकोषीय अनुशासन के कारण टिकाऊ वृहद आर्थिक माहौल प्रदान किया है। ये सभी कारक एक मजबूत बुनियाद मुहैया कराते हैं लेकिन शायद वे देश की वृद्धि दर को टिकाऊ ढंग से वांछित स्तर तक पहुंचाने में सक्षम नहीं रहे हैं। लेकिन फिर भी अमेरिका की व्यापार अनिश्चितताओं की वजह से संभावित संकट से निपटने में भारत कामयाब हुआ है। फिलहाल उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत और अमेरिका जल्दी ही परस्पर लाभदायक व्यापार समझौते तक पहुंच जायेंगे। लेकिन अमेरिकी झटकों से भारत को सबक लेना चाहिए।

# बंगाल: बड़े सियासी संग्राम की पृष्ठभूमि तैयार



मनोज बाजपेयी

**पं. बंगाल में ममता बनर्जी 14 साल से सत्ता में हैं। भाजपा को जिस तरह पिछले विधानसभा चुनाव में बंगाल में बड़ी सफलता मिली थी, उसको देखते हुए अब वह अपने मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य में भी कमल खिलाने का सपना देख रही है। सियासी हितों का ये टकराव एसआईआर 2.0 के बहाने बिहार से भी बड़े राजनीतिक घमासान और कानूनी विवाद की जमीन तैयार कर रहा है।**

चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। संविधान में चुनावों के संचालन, निर्देशन और नियंत्रण का संपूर्ण अधिकार चुनाव आयोग को दिया है और इस लिहाज से मतदाता सूची को चाक-चौबंद बनाने के लिए अगर चुनाव आयोग दो दशक बाद राष्ट्र व्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाकर मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चाहता है, तो यह उसका अधिकार भी है और सांविधानिक दायित्व भी। लेकिन यह पूरा मामला दरअसल इतना सीधा, सपाट और सरल नहीं है।

भाजपा जहां राष्ट्रव्यापी एसआईआर के जरिए मतदाता सूचियों से फर्जी नामों और घुसपैठियों को निकालने की बात करती है, तो विपक्ष इसी बहाने अपनी अल्पसंख्यक सियासत को धार देना चाहता है। बस यही बात सियासी संग्राम की पिच तैयार कर रही है। मतदाता सूची में अवैध घुसपैठियों को लेकर सबसे ज्यादा सवाल पश्चिम बंगाल, असोम, पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों, झारखंड और कुछ हद तक बिहार में उठते रहे हैं। चूंकि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2.0 का कार्यक्रम वर्ष 2026 और 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के मद्देनजर बनाया गया है और इस कारण पश्चिम बंगाल भी स्वाभाविक रूप से इसके दायरे में आ गया है। एसआईआर 2.0 की शुरूआत 4 नवम्बर से होगी और इसी दिन से पश्चिम बंगाल में सियासी घमासान भी शुरू हो रहा है। यह घमासान शायद बिहार से भी ज्यादा तीव्रता, विवादों से भरा और सियासी संग्राम वाला साबित हो। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी बीते 14 सालों से सत्ता में हैं। भाजपा को जिस तरह पिछले विधानसभा चुनाव में बंगाल में भारी सफलता मिली थी, उसको देखते हुए अब वह अपने मार्गदर्शक और संस्थापक डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य में भी कमल खिलाने का सपना देख रही है। सियासी हितों का यह विरोधाभास बिहार से भी बड़े राजनीतिक टकराव और कानूनी विवाद की जमीन तैयार कर चुका है। बंगाल की सियासत जिस तरह से रक्त रंजित रही है उसके मद्देनजर भी अनेक आशंकाएं हैं। बंगाल में राजनीतिक हिंसा आम है। ऐसे में अगर



पार्टियों के बीच राजनीतिक घमासान तेज होता है, तो बड़े पैमाने पर राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक टकराव की घटनाएं हो सकती हैं। इसलिए चुनाव आयोग को भी यहां पर विशेष सावधानी बरतनी होगी। अन्य राज्यों की तरह बंगाल में भी 4 नवंबर से मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण शुरू हो रहा है। इसी दिन तृणमूल कांग्रेस कोलकाता में जुलूस निकालेगी, जिसका नेतृत्व ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी करेंगे। यह जुलूस आंबेडकर प्रतिमा से ठाकुरबाड़ी तक जाएगा। वहीं, सुवेंदु अधिकारी उत्तर 24 परगना में घुसपैठियों को निकालने की मांग को लेकर जुलूस निकालेंगे। भाजपा और टीएमसी दोनों दल एसआईआर मुद्दा बनाकर अपने-अपने सियासी समीकरण दुरुस्त करना चाहते हैं और यही राज्य में सियासी संग्राम का कारण बन रहा है।

## एसआईआर-2.0

जहां तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की बात है तो अंतिम एसआईआर 2002-04 में किया गया था। लंबे 21 सालों के बाद यह अभियान छेड़ा गया है, जाहिर है कि मतदाताओं की संख्या, छंटनी, पात्रता आदि में व्यापक परिवर्तन आए होंगे! एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ से अधिक मतदाता शामिल होंगे। यह कवायद अंतिम सूची के साथ 7 फरवरी, 2026 को समाप्त होगी। भारत का संविधान अनुच्छेद 324 और 326 में चुनाव आयोग को विशेषाधिकार देता है कि वह निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र चुनाव कराए और समय-समय पर मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण करता रहे। एसआईआर का दूसरा चरण उप्र से शुरू होगा, क्योंकि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला यह देश का सबसे बड़ा राज्य है। उप्र में फरवरी-मार्च, 2027 में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, लेकिन आयोग की प्राथमिकता पर पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल राज्य और संघशासित क्षेत्र होंगे, जहां 2026 में चुनाव होने हैं। असम में भी 2026 में चुनाव होंगे, लेकिन उसे फिलहाल एसआईआर से अलग रखा गया है। असम के संदर्भ में एक विरोधाभास सामने आया है कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा एसआईआर के पक्षधर हैं, लेकिन चुनाव आयोग असम में नागरिकता की स्थिति भिन्न मानता है।

आयोग की दलील है चूंकि सर्वोच्च अदालत की देखरेख में असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पर अदालत का फैसला अभी आना है, लिहाजा असम पर बाद में एसआईआर का आदेश जारी किया जाएगा। हकीकत यह है कि असम में एनआरसी के तहत जिन 19 लाख से अधिक लोगों की गणना की गई थी, उसमें 7 लाख से ज्यादा ही मुसलमान पाए गये। शेष 12 लाख से ज्यादा गैर-मुस्लिम थे। एनआरसी की यह कवायद 2019 में ही पूरी हो चुकी है, लेकिन सर्वोच्च अदालत का फैसला शेष है। इसी तरह शीर्ष अदालत के आदेशानुसार महाराष्ट्र में 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय (बीएमसी) के चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस एसआईआर के पक्ष में हैं, लेकिन चुनाव आयोग तैयार नहीं है। केरल में भी स्थानीय निकाय के चुनावों की चर्चा जारी है, लेकिन अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में एसआईआर को टाल दिया है, लेकिन केरल में यह अभियान चलाया जाएगा। बेशक एसआईआर चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है और बिहार के संदर्भ में सर्वोच्च अदालत ने एसआईआर पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। अलबत्ता शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप से आधार कार्ड को मान्य दस्तावेज स्वीकार करना पड़ा। विरोधाभास यह भी है कि चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार में दावों, अपील या आपत्ति को लेकर उसे कोई आवेदन नहीं मिला, लिहाजा वह बिहार में अपने प्रयोग पर संतुष्ट है, लेकिन विपक्षी दल और चुनावी पंडितों की एक जमात बार-बार, लगातार पूछ रही है कि आयोग ने कितने घुसपैठिए पकड़े और कितने को मताधिकार के अयोग्य ठहराया? चुनाव आयोग इन सवालों पर चुप ही रहा है। लेकिन उसके सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि जिला चुनाव अधिकारियों ने ऐसी शिकायतें गृह मंत्रालय को भेज दी हैं। विदेशी अवैध प्रवासी या घुसपैठिए कितने हैं, उन पर क्या कार्रवाई की जाएगी, यह गृह मंत्रालय ही तय करेगा। यह उसी का विशेषाधिकार है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर का महत्व समझाते हुए कहा है कि पलायन, दो जगह नाम, मृत्यु, अवैध मतदाताओं से सूचियों में अशुद्धि आना स्वाभाविक है। दरअसल कोई पात्र और वैध मतदाता सूची में शामिल होने से न रह जाए और अवैध, अपात्र मतदाता सूची से बाहर किया जाना चाहिए, एसआईआर का बुनियादी मकसद यही है। विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों- तमिलनाडु और बंगाल- में खासकर इस अभियान का बड़ा विरोध हो रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता की पार्टी बंगाल में एसआईआर को विरोध का बड़ा मुद्दा बना रही है। तमिलनाडु में द्रमुक भी इसका विरोध कर रही है। द्रमुक और तृणमूल ने इस कवायद को वैध मतदाताओं का संवैधानिक अधिकार छीन लेने की साजिश करार दिया है। सियासी आरोप अपनी जगह लेकिन मतदाता सूची को दुरुस्त करना जरूरी है। इसका विरोध लोकतांत्रिक सोच नहीं है, क्योंकि 1951 से 2004 तक 8 बार एसआईआर कराया जा चुका है। यह 9वां अभियान है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

बहराइच के भरथापुर मिहींपुरवा में प्रभावित लोगों से आज भेंट कर उन्हें राहत सामग्री व 4, 4 लाख की सहायता की राशि प्रदान कर क्षेत्र का क्षेत्र हवाई सर्वे भी किया। सीएम योगी.



ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना देश के समुद्री व्यापार में कई गुना वृद्धि करेगी। पांच अरब डॉलर की परियोजना से देश की समुद्री कनेक्टिविटी मजबूत होगी। अमित शाह.



बिहार जाति-धर्म से उठकर अपने मुद्दों पर चुनाव लड़ रहा है, बिहार ने हमेशा देश को दिशा दिखाने का काम किया है। केवल कमाई दवाई, पढ़ाई ही बिहार के मुद्दे हैं। -तेजस्वी यादव.



## विचार

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।

-चाणक्य.

# ईश्वर को महसूस करें

## अंतर्दृष्टि

व्यक्तित्व के निर्माण में आध्यात्मिक ज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# राहत की पंजीरी तत्काल दें

## व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें।



पूरन सरमा

# दादा-दादी से लहराती संस्कारों की फसल



समाज/संबंध

नम्रता नदीम

पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। लेकिन जब उसे हॉस्टल में भेजने की तैयारी हो गई तो उसने अपने मम्मी पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जायेगा। क्योंकि हॉस्टल में उसे सबसे ज्यादा दादा-दादी की ही याद आती है। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर का अपनी पोती से भावनात्मक रिश्ता बहुत गहरा है। वह कहते हैं कि जब मैं एक दो महीने उनके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। उनके मुताबिक उनका बार बार यही मन होता है कि वह फिर से उसके पास चले जाएं। शायद यही वजह है कि रघुवीर हर सप्ताह अपनी पोती से फोन पर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती खुद ही फोन कर लेती है।

दरअसल हमारा घर दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता। क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन कामकाजी मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा या दाई-बाबा को बेटों के परिवार से दूर होना पड़ा है। लेकिन यह दूरी या अलगाव मात्र घरों का होता है, इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव वैसा ही बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बेटे-बहू और बच्चे दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। 60 वर्षीय रामकुमारी भावुक होते हुए कहती हैं कि भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे अलग रहते हैं; लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आयी है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे देखकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इस सबके चलते मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, मुझे पता ही नहीं चलता? जिन घरों में बच्चे दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां औसतन दादा-दादी बच्चों पर ही पूरा ध्यान देते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं। 12 साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं है। उसे अपने नाना-नानी के साथ बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती है, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि उन दिना वह मम्मी-पापा की डांट से वह बच जाती है। नानी उस पर अपना पूरा प्यार उस पर बरसाती हैं। नानी उसे कई उपहार भी देती हैं।

अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है। लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। 8 साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल कामकाजी माता-पिता के पास इतना समय कहां होता है कि वह अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें। ऐसे में घरो में बच्चों के लिए दादा-दादी एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं। मानसी के मम्मी-पापा दोनों जब काम पर चले जाते हैं, तो मानसी दिनभर अपने दादा-दादी के साथ रहती है। दिनभर दादा-दादी के साथ रहने वाले ये बच्चे उनके साथ भावनात्मक रूप से इतना ज्यादा जुड़ जाते हैं कि उन्हें अपने माता-पिता की परवाह नहीं होती। दादा-दादी किसी भी बच्चे के हों, वे बच्चों को सब कुछ देते हैं। अच्छे संस्कार, अच्छी शिक्षा, अच्छे उपहार तथा भावनात्मक संतुष्टि। यह सभी यदि माता-पिता न भी दे पाएं और घर में दादा-दादी हों, तो ये सब उनसे मिल जाते हैं। इसलिए कहा भी जाता है कि बहुत जरूरी है घर में दादा-दादी का होना।

## आप की बात

### महिलाओं की सुरक्षा जरूरी

महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कठोर कानून बने हैं लेकिन फिर भी अपराधी इससे डर नहीं रहे हैं। फांसी जैसी सजा का प्रावधान होने के बावजूद लगातार दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों पर गौर करें तो हर दिन सौ से अधिक महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं होती हैं। दहेज हत्या, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, एसिड अटैक जैसे अपराध आज इतने वीभत्स रूप में हमारे सामने आये हैं कि इनका जिक्र करने पर भी शर्मिंदगी महसूस होती है। कई बार रेप की घटना होने पर भी पुलिस न्याय के लिए दौड़ाती रहती है। कई बार तो मेधावी छात्राएं, खिलाड़ी तक इसकी शिकार हो चुकी हैं। जब राज्य का गौरव बढ़ाने वाली लड़कियां सुरक्षित नहीं होंगी तो सामान्य के साथ कैसा बर्ताव होता होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। झारखण्ड में एक स्कूल में ऐसा मामला एक साल पहले सामने आया जिसमें एक नाबालिग छात्रा के साथ स्कूल के प्रिंसीपल, शिक्षक के साथ दर्जन भर छात्रों ने भी दुराचार की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया। बिहार में आश्रय गृहों में रह रही बेटियों के साथ जो शर्मकांड हुआ उसको याद करने से ही मन सिहर जाता है। उत्तराखण्ड में एक स्कूल में नाबालिग छात्रा से स्कूल कर्मियों के साथ करीब एक दर्जन छात्रों ने भी गैंगरेप का शर्मनाक कृत्य किया। समझ में नहीं आता है कि ये आश्रयगृह, ये स्कूल शिक्षा एवं संरक्षण के आश्रय हैं या यातना एवं उत्पीड़न गृह। जिस तरह आज बेटियों के लिए, महिलाओं के लिए हर जगह खतरनाक होती जा रही है उसमें एक सभ्य परिवार के पुरुषों को अपने ही घर में, अपने ही मां, बहन व बेटियों के सामने शर्मसार होना पड़ता है। कुछ गुंडों, अपराधियों के कारण पूरा पुरुष समाज शर्मिंदगी का दंश झेलने के लिए अभिशप्त है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बेटियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? रेप पर फांसी की सजाएं भी दी जा रही हैं लेकिन अपराधी इतने डीठ हो गये हैं कि उनके मन में दहशत का भाव कभी आता ही नहीं है। हैदराबाद में एनकाउंटर कांड के बाद जिस तरह से देश में हर्ष का माहौल देखने को मिला वह दरअसल न्याय न मिलने की कुंठा ही थी। अन्यथा ऐसे न्याय को कौन बर्दाश्त करता। हाथरस, उन्नाव, अमेठी की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में अभी भी कानून का डर नहीं है।

**मदन मोहन श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सरकारी योजनाओं का लाभ

प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि बहुत सी खामियां सामने आयेंगी। अस्पताल अनेक गड़बड़ियां करेंगे। फर्जी बिल बाउचर से भुगतान लेने की घटनाएं सामने आयेंगी, जैसा कि सरकारी कामों में होता है। बहुत से पात्र योजना में छूट जायेंगे और अपात्र लाभान्वित होंगे। इन तमाम तथ्यों के बावजूद भी सरकार कोई सत्यापन करने के बजाय यों ही योजना लागू कर देती है इससे सही लोगों को लाभ नहीं मिल पाता।

**प्रमोद कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## बाइक सवार ने बच्चे को रौंदा, मौत

**बांदा।** बालू भरकर ले जा रहे बाइक सवार ने बच्चे को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गयी। बताते चलें कि कुलदीप 6 पुत्र दिलीप वर्मा निवासी शहीदनपुरवा अंश गोरेपुरवा नरैनी दोपहर बाद घर के दरवाजे पर बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी समय तेज गति से बालू की बोरियां लादकर ले जा रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे बच्चा बाइक के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे सीएचसी ले गये लेकिन चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के दादा सोना ने बताया कि बागै नदी के बरछा घाट से दिनभर मोटरसाइकिल में बालू भरी बोरियां लादकर युवक तेज रफ्तार से निकलते हैं। कहा कि पुलिस जानकर भी अनजान बनी रहती है और इन्हें कोई रोकने वाला नही है। बाइक सवार को परिजनों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**बांदा।** गांजा का अवैध व्यापार करने वाले आरोपी को नरैनी कोतवाली पुलिस ने 10 किलोग्राम सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी कस्बा नरैनी सहित जिले के अन्य इलाकों में अवैध गांजे की सप्लाई करता था। पुलिस अधीक्षक पलास बंसल के निर्देश और क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश से कस्बे में अवैध रूप से लाए जा रहे गांजे को पुलिस ने बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी संदीप तिवारी ने बताया कि जमवारा गांव के पास गश्त के दौरान रवि कुशवाहा पुत्र मंतू कुशवाहा निवासी कछयाना मुहाल अजयगढ़ जिला पन्ना मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 9 किलो 600 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर निकाली गयी प्रभातफेरी

**ललितपुर।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीगुरु सिंह सभा के तत्वाधान में गुरुनानक देवजी महाराज के प्रकाश पर्व की खुशी में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। इस दौरान संगत के रूप में महिलाएं बच्चे पुरुष शब्द कीर्तन करते हुए ढोलक मांझीरे चिमटे आदि बजाते हुए नानक आया नानक आया, कल तारण गुरु नानक आया। उच्चादर बाबे नानक दा आदि गुरबाणी शब्द कीर्तन गायन करते हुए चल रहे थे। साथ में गुरु घर के निशान साहिब सब से आगे चल रहे थे। प्रभात फेरी का समापन सादर कांटा स्थित सतीश अरोरा निवास पर हुआ, जहां पर लंगर व चाय नाश्ते का आयोजन कल श्रीअखंड पाठ साहिबजी का समापन होगा। उपरांत दूसरे श्रीअखंड पाठ साहिबजी की आरंभता हुयी। मौके पर अध्यक्ष ओंकारसिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, मंत्री मंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, सरदार ज्ञानी दलजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, चरणजीत सिंह, अवतार सिंह, कमलजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरमुख सिंह, जोगिंदर सिंह, जगजीत सिंह परमार, नीटू कालरा, अरविंद अरोड़ा, मनीष अरोड़ा, अरविंदर सिंह एड., विवेक चोपड़ा, बलदेव सिंह, बिंदु कालरा, जसविंदर कौर, डा.हरजीत कौर, मंजीत कौर आदि लोग उपस्थितरहे।

# साइबर अपराध का नया जालः एपीके फाइल व डिजिटल आमंत्रण बने ठगों का हथियार

**ललितपुर।** जिले में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अब ठगों ने लोगों को फंसाने के लिए नया तरीका खोज लिया है, शादी के डिजिटल कार्ड, बैंकिंग ऐप, गाड़ी चालान या इनाम के नाम पर भेजी जाने वाली एपीके फाइलें। व्हाट्सएप या एसएमएस के जरिए भेजी जा रही ये फाइलें मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल कर देती हैं, जिससे एक क्लिक में बैंक खातों से लाखों रुपये साफ हो रहे हैं।

● पूर्व में एक किसान से 2.90 लाख की ऑनलाइन ठगी एपीके फाइल के जरिए हो चुकी

अब सिर्फ फोन कॉल, कॉल मर्ज या लिंक शेयरिंग ही नहीं, बल्कि नकली बैंक ऐप की एपीके फाइल या शादी के डिजिटल कार्ड (एपीके) डाउनलोड कराकर स्कैमर आम जनता को फंसा रहे हैं। हाल ही में कई सरकारी कर्मचारी, व्यापारी और महिलाएं इस जाल में फंसीं। शादी का कार्ड खोलते ही मोबाइल हैक हो गया और खाते से पैसे उड़ गए। लोगों को लगता है कि व्हाट्सएप पर आया ई-इनविटेशन या बैंकिंग लिंक किसी परिचित या बैंक का है, जबकि असल में यह एक मालवेयर एपीके होती है। इंस्टॉल करते ही मोबाइल का पूरा नियंत्रण ठगों के पास चला जाता है, बैंक ओटीपी, पासवर्ड, गैलरी, कैमरा और माइक्रोफोन तक उनकी पहुंच बन जाती है। बानपुर के एक किसान से 2.90 लाख की ऑनलाइन ठगी एपीके फाइल के जरिए की गई, लेकिन साइबर पुलिस की तत्परता से पूरी राशि वापस कराई गई। शहर क्षेत्र में एक महिला से 19 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई, जिसमें साइबर पुलिस ने वित्तीय एजेंसियों की मदद से पीड़िता की रकम रिकवर कराई। ग्रामीण इलाकों में मुफ्त सिम, बैंक खाता अपडेट या शादी कार्ड के बहाने 150 से अधिक युवाओं के डेटा व बैंकिंग जानकारी चोरी कर ठगी करने के मामले सामने आए हैं। शादी का डिजिटल आमंत्रण (एपीके)- आकर्षक वीडियो या पीडीएफ रूप में भेजा गया शादी कार्ड डाउनलोड करते ही मोबाइल स्कैमर के नियंत्रण में चला जाता है। बैंकिंग ऐप, पासवर्ड व निजी डाटा चोरी हो जाता है। बैंकिंग या इनाम का एपीके ऐप- केवाईसी अपडेट, ई-चालान, ऑफर या फ्री गिफ्ट के नाम पर भेजे गए एपीके लिंक इंस्टॉल करते ही खाते से रकम उड़ जाती है। कॉल मर्ज स्कैम- स्कैमर दो कॉल मर्ज करवाकर दूसरे नंबर से पीड़ित की बैंकिंग जानकारी और ओटीपी हासिल कर लेते हैं। ललितपुर में डिजिटल ठगी के नए रूप, शादी के डिजिटल आमंत्रण और बैंक ऐप, गाड़ी चालान के नाम पर एपीके फाइल ने साइबर सुरक्षा की चुनौती बढ़ा दी है। सतर्कता, जागरूकता और समय रहते शिकायत करना ही इसका सबसे बड़ा इलाज है।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला घायल, भर्ती

**अयोध्या।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अचानक टायर फटने से एक कार अनियंत्रित होकर पलटने से कार सवार एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। घायल महिला को उसके देवर ने लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। नगर कोतवाली के मुगलपुरा निवासी खालिद रासिद ने बताया कि दो गाड़ियों से उनका और लखनऊ में रहने वाली बड़ी भाभी का परिवार पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते वाराणसी से वापस आ रहा था। इसी दौरान एक्सप्रेस वे के किमी 176 पर आगे चल रही जेन कार का अगला टायर अचानक दग गया और कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से रगड़ते हुए स्टॉपर से टकरा हवा में उछल गई और फिर नीचे गिरने के बाद पलट गई। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## दैलवारा का स्टेशन मोहल्ला, जहां आजादी के बाद से आज तक नहीं आई बिजली



**ललितपुर।** आजादी के बाद से अब तक ग्राम दैलवारा के मोहल्ला स्टेशन क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था न होने का आरोप लगाते हुये ग्रामीणों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को

● स्थानीय लोग सांसद से लेकर विधायक तक को दे चुके ज्ञापन, पर नहीं मिली बिजली

ज्ञापन भेजा है। ग्रामीणों ने डीएम को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी गांव के मोहल्ला स्टेशन में विद्युत व्यवस्था नहीं हुयी है। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर कई बार शिकायत की जा चुकी है और समाधान दिवस में भी इसके पहले शिकायती पत्र दे चुके हैं। इतना ही नहीं बताया कि एक बार तो विधायक व स्थानीय सांसद को भी प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है, लेकिन आज तक कार्यवाही नहीं हुयी। ग्रामीणों ने बताया कि वह अब इतने परेशान हो चुके हैं कि इस बार उन्होंने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार भी किया था, उस समय जिलाधिकारी ने तत्काल शाम 6 बजे सभी ग्रामीणों को बुलाकर आश्वास्त किया था कि चुनाव बाद लाइट व रोड डलवा देंगे, लेकिन इसके बाद भी ग्रामीणों ने डीएम को राजघाट रोड परिवर्तन कर अमरपुर से दैलवारा होते हुये का प्रार्थना पत्र दिया था। बताया कि 19 अक्टूबर 2024 को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से प्रकरण में जांच कर कार्यवाही की जाकर विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जयपाल सिंह, रामदयाल, मुन्नालाल, आशाराम, जगभान, रामश्किान, काजल, राजू, अशोक कुमार, पूर्व प्रधान संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, नन्दलाल, शिवप्रसाद, अनन्त कुमार आदि मौजूद रहे।

## गंगा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की जायेः जिलाधिकारी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आगामी गंगा स्नान मेले के दृष्टिगत बालावाली एवं नांगल सोती में आयोजित होने वाले गंगा स्नान कार्तिक मेले की सुरक्षा व्यवस्था एंव तैयारियों का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को मेले को सुव्यवस्थित सुरक्षित और सुविधाजनक रूप से संपन्न करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीते दिन गंगा स्नान मेले के परिक्षण के दौरान निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा सुरक्षा की दृष्टिगत भी व्यापक रूप से इंतजामात किए जाएं। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुलदार प्रभावित उसे क्षेत्र में वन सुरक्षा कर्मियों की नियमित एवं निरंतर रूप से पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए तथा कुछ स्थानों पर पिंजरे भी रखे जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर मोबाइल शौचालय तथा अस्थाई शौचालयों, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग स्थलों, स्वास्थ्य शिविरों और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा सहित पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रेमी जोड़े ने फंदा लगाकर जान दी

**बिजनौर।** प्रेम में असफल होने पर एक युवक व किशोरी ने आम के बाग में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा हत्या या आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर घटना की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर पुलिस को शनिवार देर शाम सूचना मिली कि चांदपुर मार्ग पर स्थित गांव लक्खीवाला के पास आम के बाग में एक पेड़ के नीचे एक युवक और एक युवती का शव पड़ा है। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर और दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। दोनो शवों की पहचान प्रेमी निखिल और नाबालिग प्रेमिका थाना कोतवाली शहर के दारानगर गंज के रुप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार दोनो का पिछले लगभग एक वर्ष से प्रेम प्रंसग चल रहा था। दोनो एक ही बिरादरी होने के बावजूद परिजन शादी करने को तैयार नही हुए थे जिस कारण दोनो यह कदम उठाने को मजबूर हुए होंगे। बीती 27 अक्टूबर को घर से भाग गए थे। परिजनों ने दोनो की गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने घटनास्थल पर पहुंचकर बताया कि मौके के हालात को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों के शव पेड़ पर लटके हुए होंगे। लेकिन रस्सी टूटने के कारण दोनों पेड़ के नीचे आ गिरे। दोनों ही शव कई दिन पुराने प्रतीत हो रहे हैं। उधर नीचे पड़े होने के कारण युवती के शव का कुछ हिस्सा किसी जंगली जानवर ने खा लिया है। फिलहाल दोनों ही शव की शिनाख्त करने के प्रयास किया जा रहे हैं। अनुमान है कि दोनों ने पेड़ से लटक कर आत्महत्या की होगी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि हत्या या आत्महत्या दोनों ही बिंदुओं पर जांच की जा रही है, जल्द ही घटना खुलासा कर दिया जायेगा।

## गबन के दोषी प्रधान, सचिव पर नहीं हुई कार्रवाई

**बांदा।** विकास खंड कमासिन की ग्राम पंचायत तिलौसा में प्रधान व सचिव के विरूद्ध जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई गयी जांच में दोष सिद्ध होने के बावजूद जिला पंचायत राज अधिकारी ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि डीपीआरओ ने मोटी रकम लेकर मामले को रफा-दफा कर दिया है। गांव के एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों और पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी को

● डीपीआरओ कर रहे मामले को रफा-दफा

बीते 26 मार्च को ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार की शपथ पत्र देकर शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया था। जांच अधिकारी ने 2 माह पूर्व जांच रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय को सौंप दी थी।

जांच में प्रधान व सचिव दोषी लाखों रुपए गबन के दोषी पाए गये थे। ग्रामीणों का आरोप है कि 6 माह बीत जाने के बाद भी अब तक प्रधान व सचिव के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई और न ही जांच रिपोर्ट के बारे में शिकायतकर्ताओं को कुछ बताया गया। शिकायतकर्ता गजराज सिंह ने कहा कि ग्रामीण 6 माह से जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के दर्जनों चक्कर लगा चुके हैं इसके बावजूद जांच रिपोर्ट के बारे में कुछ भी नहीं बताया जा रहा। शिकायतकर्ता गजराज ने बताया कि जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में तैनात बाबू ने जांच रिपोर्ट दिखाने से मना कर दिया। बताया कि सचिव धर्मेंद्र एडीओ पंचायत हैं और लगभग 6 ग्राम पंचायतों का चार्ज उनके पास है यही वजह है कि सचिव ने डीपीआरओ को बड़ी रकम देकर जांच दबवा दी है। कहा कि जांच में 7 लाख से अधिक का गबन भी पाया गया है इसके बावजूद सचिव पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

डीपीआरओ का कहना है कि जांच डीएम के पास है। गजराज ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नही हुई तो डीएम को पार्टी बनाकर अदालत की शरण लेंगे। डीपीआरओ राजेंद्र प्रसाद से जानकारी की गई तो उन्होंने कहा कि जांच हो गई है, मीटिंग चल रही थी इस कारण उनको जांच नहीं दी गई।

# दोपहिया वाहनों पर तीन से चार सवारी, नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा



**ललितपुर।** नगर की यातायात व्यवस्था बेपटरी नजर आ रही है। यह सिर्फ आज की बात नहीं है, बल्कि काफी समय से ऐसे हालात बने हुये हैं। हर साल यातायात माह मनाया जाता है, लेकिन सिर्फ औपचारिकता को निभाकर इतिश्री कर ली जाती है। नगर की सड़कों का यह हाल है कि अगर आप सुरक्षित अपने गंतव्य पर पहुंच गये तो भगवान की कृपा समझो। यातायात व्यवस्था का पालन कराने वाले एवं करने वाले दोनों ही अपने कर्तव्य नहीं निभाते दिख रहे हैं। नो इंट्री में हैवी वाहन घुस जाते हैं, तो वहीं यातायात नियमों को तोड़ने वाली बसों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। वहीं रसूखदार लोगों को भी अनदेखा कर दिया जाता है। यातायात माह शुरू

● यातायात माह नवम्बरः नहीं दिख रही जागरूकता

होने के दूसरे दिन रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने यातायात प्रभारी के नेतृत्व में सघन चैकिंग अभियान चलाया, लेकिन यातायात पुलिस कुछ खास नहीं कर पा रही है।

दोपहिया वाहनों के चालक ने हमेशा शिकार हो रहे हैं, जबकि चार पहिया वाहन जिनकी कारों पर काली फिल्म, हूटर एवं सायरन तक लगा है, उसे न तो यातायात पुलिस छेड़ पा रही है, और न ही प्रशासन। नगर में ऐसे दर्जनों वाहन हैं, जो राजनीतिक रसूख रखते हैं, और हूटर, सायरन, काली फिल्म उनके लिए आम बात हो गई है, इन सबके बीच केवल गरीब जनता ही पिस रही है, और चालान कराकर खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। यातायात माह नवम्बर के दूसरे दिन शहर भर में वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया गया, लेकिन यातायात पुलिस के आंखो के सामने ही नाबालिग जहां दोपहिया वाहन चलाते हुये निकल रहे हैं, तो वहीं नाबालिग ई-रिक्सा चलाते हुये दिख रहे हैं, जिन्हें न पुलिस का खौफ है, और न ही कार्यवाही का। वहीं ई-रिक्सा एवं ऑटो का प्रयोग माल ढोने में किया जा रहा है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। नगर के हर तिराहे एवं चौराहे पर पीआरडी, होमगार्ड एवं यातायात पुलिस कर्मी बैठते हैं, लेकिन उन्हें इससे कोई लेना देना नहीं है, मात्र वह इन जगहों पर बैठकर अपना समय पास करते हुये देखे जाते हैं।

## रोटी बैंक ने गरीबों को दिए कपड़े, किताबें और अन्य सामान



**बांदा।** रोटी बैंक टीम ने ग्राम गँछा में जरूरतमंदों को कपड़ा, किताबें, जूते-चप्पल, घड़ी, पर्स, खिलौने, बर्तन वितरित किए। सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा, सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता, सदस्य निहाल खान के नेतृत्व, प्रधान संजय त्रिपाठी की उपस्थिति में शहर के जागरूक लोगों ने ग्राम गंछा के लगभग 350 ग्रामीणों को जरूरत का सामान बांटा। इसके बाद सोसाइटी के संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष रिजवान अली और सचिव मोहम्मद इदरीश ने ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स, घड़ी, खिलौने पाकर ग्रामवासियों में खुशी दिखाई दी और उन्होने टीम को दुआएं और आशीर्वाद दिए। इस दौरान महामंत्री मोहम्मद अजहर, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा, शाखा प्रमुख बरईमानपुर पवन पाण्डेय, शाखा प्रमुख खाईपार इरफान खान चाँद, सदस्य शहाना खान, सदस्य व समाजसेवी मौजूद रहे।

# किसानों ने धान की तौल न होने से नाराज होकर किया हंगामा, तौल की उठाई मांग

**अफजलगढ़, बिजनौर।** धान की तौल न होने से नाराज किसानों जोरदार हंगामा किया। उन्होने कहा कि खेतों से मेहनत कर तैयार की गई फसल मंडियों में बिकने की राह देख रही है, मगर सरकारी खरीद केंद्रों पर तौल शुरू न होने से किसान परेशान और आक्रोशित हैं।



जानकारी के अनुसार अफजलगढ थाना क्षेत्र के ग्राम सुआवाला में धान की तौल न होने से ग्रामीण किसानों ने एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि सरकार किसानों की मेहनत का मजाक बना रही है। किसानों का कहना है कि दिन रात मेहनत करके उपज तैयार की गई, लेकिन अब तौल न होने से उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। धूप और नमी के कारण फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है, जिससे किसान चिंता में हैं। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर प्रशासन ने जल्द तौल शुरू नहीं कराई तो वह सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। किसानों का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर अपना हक लेने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने मांग की कि सरकार तुरंत खरीद केंद्रों पर तौल शुरू कराए, समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाए और किसानों को उनकी मेहनत का पूरा हक दिलाया जाए। किसानों ने एकजुट होकर कहा कि जब तक खेतों की हर बाल नाप-तौल कर खरीदी नहीं जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान किसान वकील अहमद, बेसन सिंह, मौ0 इमरान, बागेश कुमार, राकेश कुमार, राजवीर सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# स्वरूप बदलने से बयाना नाला का अस्तित्व खतरे में

**ललितपुर।** पुराना झांसी रोड स्थित बयाना नाला का स्वरूप दिन-प्रतिदिन बदलता जा रहा है। लोगों ने नाले में बहते हुये पानी की धार को मोड़कर यहां मिट्टी का पुराव कर भवन निर्माण कर लिये हैं। विभागीय लापरवाहियों का जीता जागता मुजस्समा यहां देखने को मिल सकता है। यहां नाले के स्वरूप बदलने से कई समस्याओं का सामना भविष्य में लोगों को करना पड़ सकता है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं बीच नाले में पानी की धार के बीचों-बीच नाले की जमीन किसने बेची, किसने खरीदी और कैसे हानिकारक साबित हो सकती है। यहां भारी पानी की आवक आने वाले नाले के बीचों-बीच मिट्टी का पुराव कर उस पर भवन निर्माण कर दिये गये हैं। करीब दो बड़ी-बड़ी बिल्डिंग्स निर्माण हो चुकी है, और तीसरे भवन का निर्माण कार्य लगातार जारी है। इस पुल से जिले के आलाधिकारी, जनप्रतिनिधि और मंत्री सभी गुजरते हैं, लेकिन यहां हो रहे भवनों के निर्माण कार्य की किसी ने स्थिति को संज्ञान नहीं लिया। नाले में बहने वाले पानी की धार का स्वरूप बदलकर किये जा रहे भवन निर्माण से निकट भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना



इतने बड़े पैमाने पर भवन निर्माण हो गये हैं, इसकी जांच हो तो तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी। गौरतलब है कि बारिश के मौसम में पानी की भारी आवक के

● नाले के भराव क्षेत्र में हो रहा भवनों का निर्माण
● सिंचाई विभाग व विनियमित प्राधिकरण की भूमिका संदेह के घेरे में

चलते बयाना नाला डूब जाया करता था, जिससे दोनों तरफ का आवागमन बाधित हो जाता था। इस समस्या के निस्तारण को लेकर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के अथक प्रयासों से बयाना नाला का पुल स्वीकृत हुआ और आला नेताओं की मौजूदगी में भूमिपूजन उपरान्त नाले पर एक बड़े पुल का निर्माण कार्य किया गया। नाला पर पुल निर्माण होने के बाद हुयी बारिश से आया भारी पानी का बहाव लोगों को परेशान नहीं कर सका। पुल निर्माण के बाद अब जो स्थिति देखने को मिल रही है, वह भविष्य के लिए काफी घटित हो सकती है, इस संभवना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। नाले के बहाव के स्वरूप में बदलाव कर बनाये जा रहे भवनों को जमीन किसने उपलब्ध करायी, किसने जमीन को खरीदा और उक्त जमीनों पर बनाये जा रहे भवनों का नक्शा (मानचित्र) किसने बनाया और कहां पास हुआ, यह सभी जांच के विषय हैं। अतिक्रमणकारियों द्वारा संक्रीर्ण किये गये नालों से भविष्य में बड़ी घटना घटित हो सकती है। नाले के आसपास के लोगों का कहना है कि सिंचाई विभाग और विनियमित प्राधिकरण ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। यदि सिंचाई विभाग अपनी दर्ज जमीन की नापजोख कराये तो पूरा सच सामने आ सकेगा। तो वहीं विनियमित प्राधिकरण को भी नाले का स्वरूप बदलकर किये जा रहे भवन निर्माण के मानचित्र की जांच करनी चाहिए, जिससे कि बनाये जा रहे भवन अवैध हैं या वैध इसकी पड़ताल हो सकेगी।

## ठगी के शिकार लोगों के वापस कराये 11.77 लाख रुपये




**बांदा।** साइबर क्राइम पुलिस टीम ने विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी, गलत ट्रांजेक्शन का शिकार हुए 8 पीड़ितों के 11.77 लाख रुपये वापस कराये। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल व क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध बबेरु सौरभ सिंह ने विभिन्न मामलों में साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्तियों की राशियों को वापस कराने के साइबर टीम को निर्देश दिए थे। बताते चलें कि संतोष कुमार साहू पुत्र बदलू प्रसाद निवासी तिन्दवारी रोड कस्बा बबेरु के साथ साइबर अपराधियों ने लोन दिलाने के नाम पर 8,07,183 रुपये, सुमित कुमार गुप्ता पुत्र हरिओम गुप्ता निवासी छोटी बाजार बन्योटा कोतवाली नगर के साथ साइबर अपराधियों ने ट्रेंडिंग के नाम पर 3,23,177 रुपये की ठगी की गई थी जबकि इस्लाहुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन निवासी छावनी थाना कोतवाली नगर ने 20,000, अमन कुमार गुप्ता पुत्र अशोक गुप्ता निवासी मढ़ियानाका थाना कोतवाली नगर ने 7140, हारुन रशीद पुत्र मोहम्मद शफी निवासी खाईपार थाना कोतवाली नगर ने 6000, सुशील कुमार निवासी कस्बा व थाना बिसंडा ने 5000, प्रद्युमन सिंह पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी तिन्दवारी थाना कोतवाली नगर ने 5000 व सौरभ तिवारी पुत्र रामराजा तिवारी निवासी गोखिया थाना अतर्रा ने 3000 रुपये का गलत ट्रांजेक्शन किया था। सभी ने थाने में शिकायती दर्ज कराई थी। लोगों की ठगी गयी धनराशि को वापस कराने में राजेश चन्द्र मिश्रा प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम, उप निरीक्षक आकाश शुक्ला, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार व महिला आरक्षी ज्योति उपाध्याय को पीड़ितों ने राशि वापस कराने के लिए आभार जताया।

# पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने परवेज आदिल को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना

**नगीना, बिजनौर।** राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की बैठक में संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने संयुक्त रूप से निर्णय लेते हुए परवेज आदिल माही को कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में चुन लिया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की जब तक संगठन के अध्यक्ष प्रदीप जैन स्वास्थ होकर कार्यालय की बागडोर नहीं संभालते तब तक परवेज आदिल कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे।



रविवार को राष्ट्रीय पत्रकार परिषद की अहम बैठक में संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने कार्यवाहक अध्यक्ष के चयन का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने परवेज आदिल के नाम पर अपनी सहमति की मुहर लगाते हुए नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष परवेज आदिल को फूल-मालाओं से उनका इस्तकबाल किया।

परवेज आदिल ने कहा कि वह संगठन की एकता पर बल देंगे, और पत्रकारो के हितों की रक्षा और उनके सम्मान को ठेस नहीं लगने देंगे। नौशाद अंसारी ने कहा कि पत्रकारों के समक्ष इस समय पत्रकारिता की विश्वसनीयता व गरिमा बनाएं रखने की चुनौती है, इस लिए निष्पक्ष पत्रकारिता करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को चाहिए कि वह निडरता के साथ अपनी कलम को चलाएं। खबर लिखते समय केवल सच्चाई को ध्यान में रखें, यह ना सोचे कि हम कलम किसके लिए चला रहे हैं। महासचिव गौरव गोयल, शेख मुनीर आलम ने भी संगठन की एकता को उसकी मजबूती पर जोर दिया। इस मौके पर परवेज आदिल, गौरव गोयल, नौशाद अंसारी, मुनीर आलम, मनीष राणा, यासीन सोनी, खालिद नोमानी, आफताब अंसारी, आलमगीर काजमी, अरशद प्रिंस, डॉ शेख नगीनवी, चिंतन राजपूत आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## औद्योगिक इकाइयों को नहीं मिल रही बिजली

**ललितपुर।** उद्योग बन्धु बैठक में दिये गये निदेर्शों के क्रम में विद्युत विभाग एवं उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया कि औद्योगिक आस्थान तालबेहट में लोहे के औजारों का निर्माण करने वाली औद्योगिक इकाईयां जो वर्तमान में कार्यरत हैं जो कि जनरेटर के द्वारा अपना कार्य कर रही हैं। इस हेतु तत्काल प्रभाव से विद्युत व्यवस्था प्रदान कराने के लिए और उनकी अन्य समस्या का निस्तारण करने के लिए औद्योगिक आस्थान, तालबेहट में ही मीटिंग की गई और विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि वह तत्काल प्रभाव से आगणन प्रस्तुत करें। जिससे तत्काल विद्युत व्यवस्था सुचारु करायी जा सके। इस दौरान उद्यमी अनन्तराम एवं अन्य उद्यमीगण उपस्थित रहे एवं उनके द्वारा अवगत कराया गया कि विद्युत व्यवस्था के बाद उत्पादन में वृद्धि होगी एवं वह मार्केट की प्रतिस्पधों का सामना कर सकने में सक्षम होंगें।

## हत्यारे पुलिस की गिरफ्त में




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना स्थानीय में पंजीकृत धारा 103(1)/192(2)/238 बीएनएस से सम्बन्धित 2 वांछित अभियुक्तों अर्जुन सिंह पुत्र गुलाब सिंह राजपूत उम्र करीब 27 वर्ष, पवन राजपूत पुत्र गुलाब सिंह राजपूत उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम कालीपहाड़ी थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को कालीपहाड़ी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

संक्षेप

## 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल

मेरठ। पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से अवैध पिस्टल, कारतूस और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि दौराला थाना पुलिस और स्वॉट टीम शुक्रवार रात संयुक्त रूप से काली नदी पुल के पास जांच कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर तेज रफ्तार से आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने का इशारा किया, तो उसने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की और पुलिस दल पर गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी गोलीबारी की, जिसमें एक गोली बदमाश के बाएं पैर में लगी। घायल बदमाश को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश की पहचान मुजम्मिल (25) पुत्र शकील निवासी अहमद नगर, थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक .32 बोर की अवैध पिस्टल, दो खोखा, एक कारतूस और बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिसका चैसिस नंबर घिसा हुआ पाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है।

## कृषि विभाग के गलत रिपोर्ट से किसान असंतुष्ट

शाहगंज/सोनभद्र। घोरावल तहसील क्षेत्र में चक्रवात मोंथा तूफान के असर और भारी बरसात से धान आदि की फसल बर्बाद हो गयी है। खेत तथा खलिहान में फसल सुरक्षित नहीं है। ज्यादातर धान की खड़ी फसलेंगिर जाने और खेत में बरसाती पानी भरने के कारण सड़ रही है। यां तककि पककर तैयार शेष खड़ी धान की फसलों में अब अंकुर भी आने लगे हैं। इससे किसानों में चिन्ता दिखने लगी है। इस सम्बन्ध में हुटेर गांव के प्रगतिशील किसान रघुनाथ प्रसाद सिंह ने शनिवार को बपनी पीड़ा बंया करते हुए बताया कि बेमौसम बरसात से फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसको लेकर किसानों में मायूसीदिख रही है। शासन के निर्देश पर कहीं-कहीं कृषि विभाग के कर्मचारी सर्वे कर क्षति का आकंलन केवल 15 फीसदी ही लगा रहे है। यह रिपोर्ट पूरी तरह गलत और झूठा है। जबकि हकीकम यह है कि तमाम जगहों पर सौ से लेर पचास फीसदी तक धान की फसल बर्बाद हुई है। इससे किसानों की कमर टूट गई है। ऐसे में कैसे चलेगी घर गृहस्थी और कैसे होगी कर्जा अदायगी। इस तरह की मौसम की मार पहली बार देखने को मिल रही है। ऐसी दशा में कृषकों ने इस ओर शासन-प्रशान का ध्यानाकृष्ट कराते हुए कृषि विभाग के पन्द्रह फीसदी फसल क्षति के रिपोर्ट को खारिज कर जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की निगरानी में सर्वे कराकर धान की नुकसान हुई फसल का उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की है। जिससे सम्बन्धित किसानों को कुछ राहत मिल सके। किसानों ने सूबे के मुख्यमंत्री से भी इस सम्बन्ध में गुहार लगाते हुय सहयोग की अपेक्षा की है।

# विधायक व एसपी ने किया यातायात माह का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। 01 नवम्बर 2025 को यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारम्भ रामलीला मैदान, रॉबर्ट्सगंज से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे को पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि यह हमारी संवेदनशीलता और अनुशासन का प्रतीक है। एक क्षण की लापरवाही किसी परिवार की ज़िंदगी बदल सकती है। अतः हर नागरिक को चाहिए कि सड़क पर स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखे तभी हमारा जनपद सुरक्षित यातायात की मिसाल बनेगा।सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत नागरिकों को जागरूक करते हुए यह अपील की गई कि वाहन चलाते समय नशे का सेवन न करें। तेज रफ्तार में वाहन न चलाएं और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। रॉन्ग साइड या ओवरटेकिंग से परहेज करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। नाबालिग बच्चों को वाहन न दें, यह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने को जागरूक किया श। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया। यह रैली रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गुजरी। रैली में विमला देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन व बैनर लेकर नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया।

## पर्यटकों के लिए फिर खुला दुधवा बाघ अभयारण्य

लखीमपुर खीरी। दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के दरवाजे शीतकालीन सत्र के तहत शनिवार को पर्यटकों के लिये खोलदिये गये। उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने इसकी शुरुआत की। आमतौर पर डीटीआर को शीतकालीन सत्र के तहत 15 नवंबर को खोला जाता था, लेकिन इस बार इसे एक नवंबर को ही खोल दिया गया है। मंत्री सक्सेना ने डीटीआर को जल्दी खोले जाने को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से पर्यटकों के लिए दीपावली का उपहार बताया। हालांकि इस बार पर्यटकों को डीटीआर में घूमने के लिए ज्यादा शुल्क देना होगा। दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन (डीटीसीएफ) के शासी निकाय ने शुक्रवार शाम को एक बैठक में शुल्क वृद्धि का फैसला लिया। डीटीआर में प्रति व्यक्ति प्रवेश शुल्क 200 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये कर दिया गया है। गैंडा विचरण क्षेत्र में भ्रमण शुल्क 150 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया गया है और कैमरा शुल्क 100 रुपये से दोगुना करके 200 रुपये कर दिया गया है।

## समाधान दिवस पर 77 शिकायतें आयीं

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्य पाटन स्थित जनसभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान कुल 77 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के बाद आए हुए फरियादियों की एक-एक समस्या सुनी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में स्थल निरीक्षण




आवश्यक है, उनमें संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।समाधान दिवस में विभागवार प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 53, विकास विभाग के 4, पुलिस विभाग के 14 तथा अन्य विभागों के 6 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार गणेश सिंह ,नायब तहसीलदार विजय रंजन, क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा, राजस्व लेखपाल, कानूनगो एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा को उमड़ी भीड़

अयोध्या। नंदीग्राम भरतकुंड में शनिवार को पांचवें दिन पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। इस दौरान जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल



भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के यज्ञाध्यक्ष भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज चल रहा है। आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी, राजेश तिवारी, रेवती तिवारी, रामपूजन मिश्र , योगेश तिवारी, कौशल तिवारी व निर्भय शुक्ला द्वारा पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कराया जा रहा है। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की।इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भिखारी बाबा ने बताया कि जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के संरक्षक एवं रसड़ा बलिया विधायक उमाशंकर सिंह ने मुहैया कराया है।इनके द्वारा वर्ष 2009 से हर यज्ञ कार्यक्रम में सहयोग किया जाता है। इसी प्रकार कई सहयोगी दान दाता हैं, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफल होता है। महंत परमात्मा दास जी महाराज, सम्पूणार्नंद जी, बजरंग दल अयोध्या के जिला संयोजक सूर्यकांत पांडेय, मुख्य यजमान चोपड़ा चेनराज, कमला शंकर पांडेय, पवन मिश्र, ओम नरायन पांडेय, अक्षत मिश्र, रमाकांत पांडेय,विनोद जायसवाल, पवन कुमार तिवारी, पवन मिश्र, राघवेंद्र पांडेय, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, रामखेलावन, खुशहाल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## मानस मेले के तृतीय दिवस की शुरुआत श्रीराम कथा से




सीतापुर। अखिल भारतीय श्रीरामचरित मानस समिति, सीतापुर के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय मानस मेला का आज तृतीय दिवस उत्साह, भक्ति और आध्यात्मिक माहौल के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शहीद पार्क, लालबाग, सीतापुर में किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सुबह यज्ञाचार्य श्री ब्रजेंद्राचार्य जी एवं सहयोगी आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ हवन प्रारंभ कराया गया। इसके बाद मंचीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने काव्यपाठ और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे वातावरण भक्तिमय बन गया। भागवताचार्य पंडित निर्देश मिश्र जी ने दोपहर में श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। मध्यान काल में श्री अयोध्या धाम से पधारी परम्विदुषी देवी अनुराधा सरस्वती जी ने श्रीरामकथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह 88 हजार ऋषियों की धरती है, यहाँ आना ही अपने आप में पुण्य प्राप्ति के समान है। श्रीरामचरित्र का वर्णन तब तक पूर्ण नहीं होता जब तक सीता जी के चरणों में बैठकर कथा न कही जाए। आज मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि मैं सीता जी की नगरी में भगवान श्रीराम की कथा कह रही हूँ।ह्व उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र मानव जीवन के आदर्श और आचरण की शिक्षा देता है, जिसे अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

### 5 नवम्बर तक चलेगा मानस मेला

कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष विश्वंभर तिवारी ने देवी अनुराधा सरस्वती जी का स्वागत करते हुए बताया कि मानस मेला 5 नवम्बर तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से यज्ञ-हवन एवं पूजन, दोपहर 12 बजे से श्रीमद्भागवत कथा, और अपराह्न 3 बजे से श्रीरामकथा का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संयोजक कन्हैया लाल शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, नगर अध्यक्ष पंकज पांडेय, कमलेश पांडेय, शिवगोपाल बाजपेयी, रामप्रकाश पांडेय, दिनेश मिश्र, सुषमा त्रिवेदी, आयुषी पांडेय, पूनम चतुवेर्दी, डॉ. वेदप्रकाश त्रिपाठी, महिपाल सिंह चैहान, विनीत त्रिवेदी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, भानु प्रकाश चतुवेर्दी और झनकार नाथ शुक्ल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारम्भ, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दिखाई हरी झण्डी

## कांग्रेस जनों ने सरदार पटेल, इन्दिरा गांधी व आचार्य नरेन्द्र देव को किया याद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार को पुर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि, पुर्व गृहमंत्री सरदार पटेल की 150वी जयंती एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद की अध्यक्षता में मनाई गई।

शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद एवं प्रदेश सचिव जितेंद्र कुमार पासवान ने इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया, इस दौरान इंदिरा जी एवं पटेल जी को नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम लोगो को इनके में आचरण को आत्मसात करने की आवश्यकता है, पुर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी एवं जिला उपाध्यक्ष हाजी नूर उद्दीन खां ने इंदिरा गांधी के कुशल नेतृत्व और निर्णयों की प्रसंशा करते हुए कहा कि इन्दिरा जी को आयरन लेडी कहा गया, उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिया। जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता कन्हैया लाल पाण्डेय एवं आर0 टी0 आई0 चेयरमैन कांत मिश्र ने सरदार पटेल के व्यक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पटेल जी 562 रियासतों को भारतीय संघ में मिलवाया और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल ने भारत के पहले गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया उनकी नेतृत्व क्षमता और कूटनीति ने देश को एकजुट करने में मदद की और उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा जाता है।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हमें उनके आदर्शों और विचारों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मंजू देवी,राबर्ट्सगंज ब्लाक अध्यक्ष अमरेश देव पाण्डेय शहर उपाध्यक्ष शंकर लाल भारती पुर्व अध्यक्ष चोपन स्वतन्त्र साहनी, अमिताभ सहीत बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी व अभिभावक सम्मेलन में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

सुलतानपुर (वीओएल)। सेंट जोसेफ ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, धम्मौर के प्रांगण में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी व अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रोजेक्ट और वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजर चंद्र भान यादव, प्रधानाचार्य गौरव यादव, अकाउंटेंट वैभव यादव, समस्त स्टाफ तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रेम नारायण, श्याम बहादुर, राजकुमार, अजय विक्रम सिंह, राम कलप, मोहम्मद असलम, डॉ. एफ्तेखार, निशा गुप्ता सहित सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। बच्चों द्वारा बनाए गए ऑटोमैटिक रोड लाइट, स्मार्ट सिटी विद ऑटोमैटिक सिस्टम, लेजर लाइट सिक्योरिटी सिस्टम, एयर प्यूरीफायर, हाइड्रोलिक ब्रिज जैसे तकनीकी मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अभिभावक अत्यंत प्रभावित दिखे। अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रतिभा देखकर गर्व महसूस किया और विद्यालय की ओर से ऐसे आयोजनों की सराहना की। विज्ञान प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों में विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही समस्या-समाधान कौशल, रचनात्मक सोच और संचार क्षमता को भी प्रोत्साहित किया। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## समाधान दिवस में 36 जनशिकायतें आयीं , 3 का हुआ निस्तारण

- शेष 33 मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश संबंधितों को दिए

जिला संवाददाता(vol)

दुद्धी, सोनभद्र। शनिवार को दुद्धी तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम वागिश शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस दौरान भूमि विवाद सहित अन्य मामलों के कुल 36 जनशिकायती पत्र आये जिसमें 2 मामले का निस्तारण मौके पर तथा 1 मामलें का निस्तारण टीम द्वारा किया गया। शेष 33 मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए। दोपहर करीब 12 बजे एडीएम तहसील समाधान दिवस से चले गए।

एसडीएम निखिल यादव ने कहा कि फरियादियों के शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही संबंधित विभाग के अधिकारी ना करे अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें।

इस मौके पर एडिशनल एसपी टी एन टी, सीओ राजेश कुमार राय, तहसीलदार अंजनी गुप्ता,नायब तहसीलदार ओपी सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार,बीडीओ दुद्धी राम विशाल चौरसिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में विजिलेंस वॉकथान का आयोजन

सोनभद्र। सतर्कता जागरूकता सप्ताह (टॉ) 2025 के अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा नगर परिसर में एक उत्साहपूर्ण श्विजिलेंस वॉकथॉनश का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एनटीपीसी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा सीआईएसएफ के जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वॉकथॉन का शुभारंभ सरवेश्वरी मंदिर से हुआ तथा इसका समापन उमंग भवन में हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी विषयवस्तु के अनुरूप भ्रष्टाचार-मुक्त भारत एवं देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।




इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के मुख्य महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा ने वरिष्ठ अधिकारियों ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा), देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) एवं राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) के साथ नेतृत्व करते हुए कर्मचारियों को ईमानदारी एवं पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने एक मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता एवं सत्यनिष्ठा के संकल्प का प्रदर्शन किया, जो यह संदेश देता है कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का निर्माण संभव है।

# भगवान का हृदय है भारत :स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती

जिला संवाददाता






- समाज के मन को बदलने का काम करता है संत : संजय विनायक जोशी
- जिसे कर्तव्य का बोध नहीं ,वही खतरे में : स्वामी सिद्धेश्वर आनंद गिरी
- लोटस कान्वेंट स्कूल में 104 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

उन्नाव। सुमेरपर छांछीराईखेड़ा स्थित लोटस कान्वेंट स्कूल में बैसवाड़ा ब्राह्मण उत्थान समिति के बैनर तले देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर चतुर्दश विश्व वैदिक सम्मेलन और सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें शास्त्रोक्त विधि से 104 बटुकों का उपनयन संस्कार किया गया और उन्हें गायत्री मंत्र की दीक्षा प्रदान की गई।

नागपुर, महाराष्ट्र से पधारे स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती ने यज्ञोपवीत धारण करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में उपवास,उपनयन और उपासना काबहुत महत्व है। भगवान के पास वास करना उपवास है जबकि भगवान की ओर दृष्टि ही उपनयन संस्कार है। भगवान के नजदीक बैठना उपासना है। अध्यात्म की यात्रा गत्वा अर्थात जाने से शुरू होती है। प्यासे को नदी के पास जाना होता है। शिष्य को गुरु के पास जाना होता है। गीता का पहला अध्याय ही विषाद योग है। बिना विषाद के जीवन में भगवान का प्रसाद नहीं मिलता। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने से सभी धर्मों को छोड़कर अपनी शरण में आने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सनातनधर्मी धर्म को धारण करता है। भारत धर्म की भूमि है। भगवान का हृदय है। भारत भूमि का गौरव है। गुरु विवेक दृष्टि देता है। उन्होंने बटुकों को उपदेश देते हुए कहा कि आपका उपनयन हो गया, अब आपके नयन ईश्वरोन्मुख होने चाहिए। उपनयन संस्कार ब्राह्मण को ब्राह्मण बनाने का उपक्रम है। धर्म के काम में शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए।भगवान भूपति है, भगवान श्रीपति है। ब्राह्मण में ब्रह्मबल का होना अति आवश्यक है। मानव शरीर जन्म जन्मांतर की तपस्या का परिणाम है। वैसे भी जाति, आयुष्य और भोग किसी के वश में नहीं है। ब्राह्मण का दायित्व विश्व कल्याण करना है। विश्व वसुधा को परिवार बनाए रखना है। इसलिए हमें ब्रह्म तेज को भी प्राप्त करने का सतत प्रयास करना चाहिए।

वरिष्ठ भाजपा नेता संजय विनायक जोशी ने कहा कि नेता और संतों में अंतर होता है। नेता सामाजिक और भौतिक समस्याओं का समाधान करता है लेकिन संत समाज के मन को बदलने का काम करता है।गायत्री साधना से हम सूर्य से ऊर्जा प्राप्त करते हैं।और अपने साथ ही समाज के उत्थान में सहायक होते हैं। समाज रचना में जो भी ज्ञान की साधना करते हैं, वे सभी ब्राह्मण हैं। इसलिए सभी को देश समाज के विकास की जिम्मेदारी लेनी होगी। यह दायित्व अकेले विप्रों पर छोड़ना ठीक नहीं है। इस अवसर पर राजधानी लखनऊ से पधारे जूना अखाड़ा के संत सिद्धेश्वर आनंद गिरी ने कहा कि आज की तिथि में जनेऊ केवल धागा बन गया है। इसे केवल सूत्र न मानें। अधिकांश लोग अक्सर कहते रहते हैं कि ब्राह्मण खतरे में है। हिन्दू खतरे में हैं। ऐसा नहीं है, जिसे अपने कर्तव्य का बोध नहीं है, वही खतरे में है। लोग 200 ग्राम का आभूषण धारण कर लेतें हैं लेकिन 2 ग्राम का यज्ञोपवीत धारण नहीं करते हैं। अगले साल क्षत्रियों और वैश्यों का भी उपनयन संस्कार कराने की भी उन्होंने सलाह दी। इस अवसर पर बैसवाड़ा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बटुक भारतीय संस्कारो के प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि इस साल 2000 बटुकों के उपनयन संस्कार का आंकड़ा पूरा हो जाएगा लेकिन कुछ बटुकों के मुंडन संस्कार न करने की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। कार्यक्रम में बालगोविंद द्विवेदी ,डॉ. प्रेम शंकर मिश्र, कमलाकांत त्रिवेदी को शिक्षारत्न सम्मान,स ंजय विनायक जोशी,के. के. शुक्ल और अम्बिका शुक्ल को ब्राह्मण गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर आशीष शुक्ला रिंकू, दिलीप वाजपेयी, गोविंद नारायण शुक्ल, एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल, अंकित परिहार, राहुल सिंह, योगेश वाजपेयी, संजय शुक्ला, विकास मिश्र, शीबू निगम, सियाराम पांडेय 'शांत', अशोक मिश्र, स्वामी ब्रह्मात्मानंद सरस्वती, विनोद त्रिपाठी, जयद वाजपेयी और मनोज पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल पटवध का किये औचक निरीक्षण

सोनभद्र।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल पटवध का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान स्कूल में अध्यनरत्न बच्चों से सीधा संवाद किये उन्होने इस दौरान कक्षा एक में अध्यनरत्न छात्रा-छात्राओं से क ख ग व ।ठब्क भी सुने जिसमें में से एक बच्चा। नहीं सुना पाया जिस पर जिलाधिकारी ने शिक्षक सत्यप्रकाश सहायक अध्यापक को निर्देशित किये कि बच्चों को शिक्षा बेहतर तरिके से दी जाये कुछ बच्चें स्कूल ड्रेस नहीं पहने थे जिस पर जिलाधिकारी ने अध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चे स्कूल में ड्रेस पहनकर आये।

उन्होनें विद्यालय में मीडे मील में बनाये जा रहे खाने की गुणवत्ता को भी देखे और अध्यापक को निर्देशित कियें कि निर्धारित मीनू के अनुसार ही विद्यालय में भोजन बनाया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में रंगाई-पोताई के कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली तो सहायक अध्यापक द्वारा बताया गया कि 23 हजार प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त हुआ, लेकिन




रंगाई-पोताई का कार्य नहीं कराया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नारजगी व्यक्त की और कहा कि विद्यालय में साफ-सफाई और रंगाई-पोताई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बरतने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में स्थित आंगनबाडी केन्द्र में ताला बन्द पाया गया। श्री सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द होने व आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यरत कार्यकत्री व सहायिका के अनुपस्थिति के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें और यह सुनिश्चित किया जाये कि जनपद में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से खुले, इसमें किसी प्रकार की शिथिलताा न बरती जाये, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह नियमित रूप से निर्धारित मानक के अनुरूप सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करें और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें।

संक्षेप

## सांप के काटने से महिला की मौत

बहराइच । जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित केशवापुर ग्राम में रहने वाली महिला घर में अपने छह माह के बेटे को दूध पिलाने के लिए बोतल ढूंढ रही थी तभी उसके हाथ में सांप ने काट लिया ।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया । इस दौरान उसकी मौत हो गई । केशवापुर ग्राम के रहने रक्षाराम नाम के ग्रामीण की पत्नी राजवंती शनिवार की देर रात अपने बच्चे को दूध पिलाने के लिए बोतल ढूंढ रही थी ।तभी घर में छिपे बैठे जहरीले सर्प ने उसे काट लिया ।जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई ।

परिजन आनन फानन में उसे इलाज के लिए फखरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया ।इस दौरान उसकी मौत हो गई ।मेडिकल कालेज पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।महिला की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है ।

# नाव हादसे के पीड़ित परिवारों से मिले सीएम, दी सहायता

## मुख्यमंत्री ने हर कदम पर साथ निभाने का दिया भरोसा, कहा एक माह में विस्थापित किये जायें भरथापुर के लोग

एसपी मिश्रा

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में नाव दुर्घटना में अपनों की जान गंवाने वाले पीड़ित परिवारों से रविवार को मुलाकात की।इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।साथ ही पीड़ित परिवारों को चार-

- कालोनी के लिए 21 करोड़ 55 लाख मंजूर, पीड़ित परिवारों को सौंपे राहत राशि के चेक
- मुख्यमंत्री ने हवाई सर्वे कर लिया हालात का जायजा, अधिकारियों से हासिल की हर जानकारी
- गांव के नाम पर कॉलोनी बनाने के दिये निर्देश, होंगी सारी सुविधाएं

चार लाख रुपये की राहत राशि की चेक सौंपी।सीएम ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सरकार और जनप्रतिनिधि उनके साथ खड़े हैं।इससे पहले सीएम योगी ने हवाई सर्वे कर हालात का बारीकी से जायजा लिया।सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक माह के अंदर भरथापुर के पीड़ित परिवारों को विस्थापित किया जाए। इसके लिए 21 करोड़ 55 लाख की राशि भी स्वीकृत कर दी गयी। इस दौरान अफसरों को निर्देश दिए कि सभी प्रभावित परिवारों को धनराशि, जमीन और आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने कहा कि भरथापुर के विस्थापित होने वाले सभी परिवारों को गांव के नाम से कॉलोनी बनाकर विस्थापित किया जाए।इसके अलावा बहराइच में भरथापुर जैसे अन्य गांव के लोगों को भी विस्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाए और विस्थापन के लिए जरूरी बजट को शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाए ताकि उन्हे भी जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जा सके। सीएम योगी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ है।



हमारी सरकार और जनप्रतिनिधि हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर सभी गांववासियों को उनके गांव के नाम पर कॉलोनी को विकसित कर विस्थापित किया जाएगा, जहां पर उन्हे हर सुविधा मुहैया कराई जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्होंने अपने परिजनों को खोया है, उनके दुख की इस घड़ी में सरकार संवेदना और सहयोग के साथ खड़ी है।इससे पहले सीएम योगी ने क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण भी किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से बारीकी से घटना की जानकारी हासिल की।इस दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पीड़ित परिवारों समेत गांववासियों के लिए कॉलोनी बनाकर एक माह में व्यवस्थित पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सभी आवश्यक सुविधाएं बिजली, पानी, सड़क और आवास सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस प्रक्रिया को एक महीने के अंदर पूरा कर लिया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों का पुनर्वास कार्य शीघ्र हो सके। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बहराइच में जो लोग घने जंगलों के बीच रहने के लिए मजबूर हैं, उन्हें तत्काल सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, आईजी अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे।

## पसमांदा महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन का किया गया भव्य स्वागत



**बाराबंकी।** व्यापारियों और पसमांदा समाज के मान सम्मान कोई कमी नहीं आने देंगे। पसमांदा मुसलमानों की राजनीतिक हिस्सेदारी हर हाल में दिला कर रहूँगा। उक्त उद्गार सब्जी मंडी में वाजिद शाह द्वारा आयोजित स्वागत समारोह मे मुख्य अतिथि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने व्यक्त किये। श्री राईन ने आगे कहा कि अब पसमांदा समाज के लोग जागरूक हो गए हैं।पसमांदा समाज के लोग उसी दल को वोट और सपोर्ट करेंगे जिस दल पार्टी से हिस्सेदारी मिलेगी योजनाओं का लाभ मिलेगा।इस अवसर पर फल सब्जी मंडी एसोसिएयन अध्यक्ष इकराम राईन, बाबू राईन, मुक्तार राईन, इस्माइल राईन, महमूद चैधरी, रिजवान राईन, अशफाक राईन, जावेद राईन, मकसूद राईन, इमरान राईन, निसार राईन, इखलाक राईन आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरो ने नगदी और आभूषणों पर किया हाथ साफ

**बाराबंकी।** थाना जहागीराबाद क्षेत्रान्तर्गत चोरो के आंतक से ग्रामीणो मे दहशत का माहौल है। रात्रि सेधमारी कर लाखो की नकदी व सोने-चांदी के आभूषणो पर हाथ साफ करने वाले चोरो का सुराग लगा पाने मे पुलिस नाकाम साबित हो रही है। थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बल्लापुर, अजगना निवासी राजकुमार यादव ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुये बताया है कि बीती 31 अक्टूबर व 1 नवम्बर की मध्य रात्रि अज्ञात चोरो द्वारा घर की दीवार मे सेधमारी कर घर मे रखे लगभग डेढ़ लाख रुपये व सोने-चांदी के आभूषणो पर हाथ साफ कर दिया है।

## सिक्ख समाज ने निकाली प्रभात फेरी



**बाराबंकी।** आगामी 5 नवम्बर को श्री गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व से पूर्व गुरुद्धारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान मे सिक्ख समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी मे साध-संगत द्वारा जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल का जयकार के साथ शब्द कीर्तन जसगायन किया गया। सुबह 5 बजे गुरुद्वारे से शुरू हुयी प्रभातफेरी नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुये गुरुद्धारे मे जाकर समाप्त हुई। जंहा कीर्तन और अरदास के बाद ब्रेड-छोला व चाय का प्रसाद वितरण किया गया।

## श्री लोधेश्वर महादेव कॉरिडोर बनने का रास्ता साफ, विधिक अड़चन समाप्त

**बाराबंकी।** श्री लोधेश्वर महादेव कारिडोर बनने के रास्ते मे लगी विधिक अड़चने को समाप्त कराने वाले प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित अवस्थी ने इसे धर्म की जीत

- पैरवी करने वाले प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता का जताया आभार

बताया है। अपर जिला न्यायाधीश कोर्ट संख्या 5 बाराबंकी द्वारा पुनरीक्षणकर्ता अजय कुमार तिवारी आदि व दीन मोहम्मद आदि द्वारा दाखिल किये गये रिवीजन को निरस्त करते हुये विचारण न्यायालय द्वारा किये गये आदेश को पुष्ट करते हुये प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता श्री अवस्थी की दलील पर अपना फैसला सुनाया है। जिसके बाद श्री लोधेश्वर महादेव कारिडोर बनने का रास्ता साफ हो गया है। न्यायालय द्वारा आदेश पारित करते ही ज्वाइंट मजिस्टेज्ट, तहसीलदार, क्षेत्राधिकारी



सहित पुलिस बल की टीम ने लोधेश्वर महादेव स्थित शिवार्चन जल हरि पर अवैध रुप से निर्मित व्यावसयिक व आवासीय भवनो को बुलडोजर से अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया। फैसला आते ही अधिवक्ताओ ने श्री अवस्थी को फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया है।

## आत्मनिर्भर भारत की राह पर आगे बढ़ रही हैं महिलाएंः रजनी तिवारी

**अयोध्या।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महिला महाविद्यालय गद्दोपुर, गोसाईगंज में ॠआत्मनिर्भर भारतॠ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (उच्च शिक्षा) रजनी तिवारी रहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार, नवाचार और सामाजिक नेतृत्व के हर क्षेत्र में अपनी भूमिका सशक्त रूप से निभा रही हैं।उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की क्रांति है। सरकार ने ॠस्टार्टअप इंडियाॠ, ॠस्टैंडअप इंडियाॠ और ॠमुद्रा योजनाॠ जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को



आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने, अपने परिवार और समाज की प्रेरणा बने।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एमएलसी हरिओम पाण्डेय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना आत्मनिर्भर भारत का निर्माण अधूरा है। भाजपा सरकार ने महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए जो कदम उठाए हैं, वे देश के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, वह राष्ट्र निर्माण की अग्रणी शक्ति बन चुकी है। अयोध्या पहुंचने पर सर्किट हाउस में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह की अगुवाई में उनका स्वागत किया गया।संगोष्ठी में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष साधना नेगी, जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, जायसवाल, प्रसून लता सिंह, सीमा सिंह, माधुरी, सरिता कसौंधन, सरिता पाण्डेय सहित बडी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रही।

## सूना रहा बलिदानी कारसेवकों का समाधि स्थल

**अयोध्या।** आखाड़ा परिसर स्थित बलिदानी कारसेवक समाधि स्थल पर 2 नवम्बर 1990 में बलिदान हुए कारसेवको को याद कर पुष्पांजली व भावभीनी श्रद्धांजली के साथ श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश जायसवाल एवं राजीव शुक्ला नेता द्वय ने संयुक्त रूप से कहा कि जिन राम-भक्तों ने प्रभु श्रीराम जन्म भूमि मुक्ति अंदोलन में अपने प्राणों की आहुतियां दी उनको याद करना हम सभी के लिए परम् सौभाग्य की बात है। उन महान आत्माओं के अथक संघर्षों का ही सुखद परिणाम है कि आज प्रभू श्रीराम जन्म भूमि पर मन्दिर अपने भव्य स्वरूप में स्थापित हो चुका है। वहीं एक बात व्यथित करने वाली है, कि अयोध्या तो आज करोड़ों श्रद्धालुओं की जय श्रीराम उद्घोस के साथ गुंजायमान हो रही है।

## 6 दिसम्बर को शुरू होगा 2 दिवसीय क्रिकेट कार्निवाल




**बाराबंकी।** टीएएफसीए द्वारा आगामी 6-7 दिसम्बर को 2 दिवसीय क्रिकेट कार्निवाल आयोजित करेगा। जिसमे 8 टीमो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। विजयी टीमो सहित सामाजिक कार्यो मे प्रतिभाग करने वाले हस्तियो को सम्मानित किया जायेगा। शहर के प्रतिष्ठित होटल मे सम्पन्न हुये कार्यक्रम मे टेज्वेल एजेन्ट फन क्लब एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष फैसल मोबिन ने बताया कि आगामी 2 दिवसीय क्रिकेट कार्निवाल मे 8 टीमे प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम के दौरान ए0एच अल्वी, अवीक गोष, सुनील सत्यवक्ता, मिर्जा हलीम को यू0पी प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया गया। तथा स्वः रिजवान वारसी व स्वः मोहम्मद शुयेब के परिजनो को उनके दिवंगत होने के बाद यू0पी प्राइड अवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर अध्यक्ष गगन गुरनानी, फरहान वारसी, आमिर नजर आदि मौजूद रहे।

## शहीद अशफाक उल्ला खां के जीवन का किया सजीव चित्रण

**अयोध्या।** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष पर शहीद अशफाक उल्ला खां के जीवन पर आधारित दस्तानगोई का आयोजन किया। नारायण दास खत्री अध्ययन केंद्र रीडगंज में आयोजित कार्यक्रम में

- शहीद शोध संस्थान ने काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष पर किया आयोजन





इप्टा लखनऊ के दास्तानगो शहजाद रिजवी तथा फरजाना मेंहदी ने शानदार प्रस्तुति किया। उन्होंने शहीद नगरी शाहजहांपुर से शुरूआत करते हुए 1857के शहीद मौलवी अहमद उल्ला शाह की शहादत और गद्दारों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरूआत शहीद अशफाक उल्ला खां की तस्वीर पर माल्यार्पण से की गई। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने आयोजन का उद्देश्य तथा किस्सागोई के लेखक और किस्सागो का परिचय दिया। उन्होंने काकोरी एक्शन पर विस्तृत विचार भी व्यक्त किया। दोनों किस्सागो ने अशफाक के जीवन पर आधारित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से अभिनय सहित प्रकाश डाला। सभी श्रोताओं ने उनकी प्रस्तुति की मुक्तकंठ से प्रशंसा किया। किस्सागो द्वय ने काकोरी एक्शन में उनके योगदान और उनके संगठन के उद्देश्यों की सजीव चित्रण किया। श्रोताओं की आंखें नम हो गई। पूरे प्रस्तुतीकरण के दौरान उपस्थित लोगों में अभूतपूर्व शांति बनी रहीं।

इस प्रकार से देश के क्रांतिकारी इतिहास को संजोए रखने का यह अनूठा प्रयोग कामयाब रहा। इस तरह का नगर में पहला आयोजन था। इस अवसर पर स्वप्निल श्रीवास्तव, रघुवंश मणि, आर डी आनन्द, कृष्ण प्रताप सिंह, सुमन गुप्ता अयोध्या प्रसाद तिवारी, अतीक अहमद, ओमप्रकाश यादव, सत्यभान सिंह, उमेश सिंह, सुदीप गीता, जमशेद फैजाबादी, आशाराम जागरथ, विश्व प्रताप सिंह अंशू, विकास सोनकर, अब्दुल रहमान भोलू सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार, पत्रकार, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भाकपा के जिला सचिव अशोक तिवारी ने नारायण दास खत्री अध्ययन केंद्र के आर के खत्री सहित सभी लोगों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। संस्थान का अगला आयोजन 26 नवंबर को काकोरी एक्शन के दस्तावेजों की प्रर्दशनी का है।

## भाजपा ने शुरू की विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तैयारी

**अयोध्या।** भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने तय किया है कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर नागरिकों को नए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और विलोपन के लिए जागरूक करेंगे। इसके लिए बूथ स्तर पर विशेष टोलियां बनाई जा रही हैं, जो मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आवश्यक प्रपत्र भरवाने में सहयोग करेंगी।

इस अभियान की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की संयुक्त अध्यक्षता में योजना बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल और बूथ स्तर पर जिम्मेदारियां तय करने पर चर्चा हुई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में अब 1200 मतदाताओं पर एक बूथ बनाया जाएगा, जबकि पहले यह संख्या 1500 मतदाताओं पर थी। बूथों की संख्या बढ़ने से संगठन को और अधिक प्रभावी ढंग से मतदाताओं तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि हर घर सम्पर्क अभियान के लिए मंडल व बूथ पदाधिकारियों तथा बीएलए-2 की बैठक 8 नवम्बर को आयोजित की जाएगी, जिसमें अभियान को लेकर पदाधिकारियों की भूमिकाएं तय की जाएंगी। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि ॠभारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में हर कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए।

## 251 कुण्डीय महायज्ञ का भूमि पूजन संपन्न



**बाराबंकी।** युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे शक्ति संवर्धन 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी आगामी 26 से 29 नवम्बर तक पल्हरी चैराहा स्थित जेब्रा पार्क में भूमि पूजन के साथ सम्पन्न हुई। भूमि पूजन समारोह में ॠचाओं के उच्चारण के साथ शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे टोली नायक एवं प्रखर प्रज्ञा पुराण वक्ता श्याम बिहारी दुबे के नेतृत्व में 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ला, एमएलसी अंगद सिंह, उप जिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर किया। इस अवसर पर देशबंधु तिवारी, अरविंद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, ईओ संजय शुक्ला, जिला समन्वयक ए0पी शर्मा, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, दिनेश दीक्षित, रामकरण सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, हरिशंकर शुक्ला, सतीश अग्निहोत्री सहित गायत्री परिवार मौजूद रहे।

## प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भाजपा विधायक ने जीता कांस्य पदक

जिला संवाददाता

**बहराइच।** जनपद बहराइच के महसी विधानसभा से बीजेपी विधायक सुरेश्वर सिंह ने प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर लगातार पदकों की हैट्रिक लगाकर इतिहास रच दिया है।



राजनीति में जीत की हैट्रिक लगा चुके श्री सिंह इससे पहले प्री स्टेट व स्टेट चैंपियनशिप में पदक हासिल कर चुके हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा त्रिशूल शूटिंग स्टेडियम देहरादून में 27 अक्टूबर से चल रही 44 वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने 50 मीटर प्रोन.22 राइफल सीनियर कैटेगरी में 529 अंक प्राप्त करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है।

श्री सिंह ने इससे पहले विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं जिले के युवा निशानेबाज भूपेंद्र प्रताप सिंह ने 10 मी एअर राइफल में 373 अंक हासिल करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व भूपेंद्र प्रताप सिंह 50 मी प्रोन.22 राइफल स्पर्धा के लिए नेशनल क्वालीफाई कर चुके हैं।

खेल प्रेमियों और जनपदवासियों में हर्ष *विधायक की इस उपलब्धि से महसी क्षेत्र सहित पूरे जनपद के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, संभ्रांतजनों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों व विभिन्न सामाजिक वर्गों में खुशी की लहर दौड़ गई है। समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मासूम को उठा ले गया जंगली जानवर ग्रामीण व वन विभाग की टीम तलाश में

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज तहसील के फखरपुर ब्लॉक में स्थित कंदौली ग्राम में रविवार सुबह घर में अपनी मां के साथ सो रही एक डेढ़ साल की मासूम को भेड़िया उठा ले गया ।चीख सुनकर परिजन व ग्रामीण उसके पीछे दौड़े लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका ।सूचना पर वन विभाग की टीम व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच मासूम की तलाश में जुटी हुई है ।वही घटना स्थल से कुछ दूरी पर खून व मांस के टुकड़े मिले हैं । फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदौली के मजरा गोरछहन पुरवा के रहने वाले राकेश की डेढ़ साल की बेटी शानवी को आज सुबह करीब पांच बजे भेड़िया घर के आंगन से उठा ले गया । चीख सुनकर परिजन व ग्रामीण लाठी डंडों के साथ शोर मचाते उसके पीछे दौड़े ।लेकिन उसका कोई पता नहीं चला ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग व फखरपुर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच बच्ची की तलाश कर रही है लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है । आपको बता दे इसी इलाके में भेड़िए के हमले में सितंबर माह में चार बच्चों समेत छह लोगों की मौत हुई थी ।उसके बाद वन विभाग ने अभियान चलाकर दो भेड़ियों को मार दिया था ।एक बार फिर से हुए हमले से ग्रामीण में भय का माहौल है । वही मासूम के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।ग्राम प्रधान मेही लाल यादव ने बताया कि सुबह पांच बजे बरामदे में लेटी डेढ़ साल की मासूम को भेड़िया उठा ले गया है ।उसकी तलाश की जा रही है ।लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है ।पड़ोस में रहने वाली महिला श्रीदेवी ने बताया कि बच्ची को जंगली जानवर उठा ले गया है ।कौन सा जानवर है पता नहीं चल सका है ।राकेश के भतीजे पंकज यादव ने बताया कि दो जगहों पर खून व मांस का टुकड़ा मिला है ।लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका है ।वन विभाग की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है ।

### शूटर ने भेड़िए को मारी गोली, मौत

**बहराइच ।** जिले के कैसरगंज तहसील के मंझारा तौकली के बभनन पुरवा में वन विभाग को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है ।वन विभाग के शूटर ने गन्ने के खेत में छिपे मादा भेड़िए को गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई ।कैसरगंज तहसील में स्थित कंदौली ग्राम में रविवार की सुबह एक भेड़िया घर में सो रही डेढ़ साल की मासूम को उठा ले गया था ।वन विभाग की टीम व ग्रामीण लगातार उसकी तलाश में लगे हुए थे लेकिन उसका कोई पता नहीं चला ।इसी दौरान घटनास्थल से करीब चार किलोमीटर दूर ग्रामीणों ने भेड़िए को देखा जिसके बाद सभी ने वन विभाग को सूचना दी ।जानकारी मिलते ही उप जिलाधारकी अखिलेश सिंह व रेंजर ओंकार यादव शूटर आरिश के साथ मौके पर पहुंचे ।इस दौरान ड्रोन से भेड़िए की लोकेशन मिलते ही शूटर ने उसे गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई ।



## सुरेन्द्र प्रताप सिंह बने उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री की संस्तुति पर युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह को अयोध्या जनपद उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है, श्री जायसवाल ने अपेक्षा की है। सुरेंद्र प्रताप सिंह उद्योग व्यापार संगठन से ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को जोड़कर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाते हुए श्री राहुल गांधी के नेतृत्व को बल प्रदान करेंगे।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने सुरेंद्र प्रताप सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए बधाई दी इस मौके पर कांग्रेस की जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ,महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, रामदास वर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ,जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पांडे, कविंद्र साहनी, बधाई देते हुए उम्मीद जताई को संगठन को मजबूत करेंगे।

## खाद की कालाबाजारी के साथ असमय बरसात से किसान परेशानः रणधीर




**बाराबंकी।** असमय बरसात के कारण किसानों की धान की फसल बर्बाद हो गई है। बोई हुई आलू व सरसों की फसले नष्ट हो गयी है। योगी सरकार बिहार चुनाव में व्यस्त है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सरकार से मांग करती है कि अविलम्ब किसानों के कर्ज माफ कर विशेष पैकेज की घोषणा सरकार करे। उक्त विचार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कौसिल की बैठक को संबोधित करते हुए राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कही। उन्होने आगे कहा कि खाद की कालाबाजारी किसी से छुपी नही है। जिला सचिव वृजमोहन वर्मा ने कहा कि धान खरीद केन्द्र मे व्यापारी कम दामो पर धान खरीद रहे है।

प्रशासन अविलम्ब व्यापारियों की चेकिंग कर न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों पर खरीद करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्यवाही करें। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि पार्टी आगामी 10 नवम्बर से जिलाधिकारी कार्यालय पर पार्टी धरना प्रदर्शन प्रारम्भ करेगी। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर जनपद में जगह-जगह अभियान चलाया जायेगा। संचालन किसान सभा अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने किया। अध्यक्षता प्रेम चन्द्र वर्मा ने की। बैठक में रामनरेश वर्मा, दीपक वर्मा, मुनेश्वर प्रसाद, महेन्द्र यादव, योगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, संदीप तिवारी, दीपक शर्मा, सच्चिदानन्द सिंह आदि प्रमुख मौजूद थे।

संक्षेप

## डेढ़ साल में भी नहीं बन पाया विद्यालय भवन

**रायबरेली।** डीह विकासखंड के डीह कस्बे में स्थित प्राथमिक विद्यालय डीह द्वितीय विद्यालय का मूल भवन डेढ़ साल में भी पूर्ण नहीं हो पाया है। निर्माण प्रभारी की लापरवाही के कारण बच्चे मंदिर के एक भवन में शिक्षा पाने के लिए मजबूर हैं। उल्लेखनीय है कि डीह विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय डीह द्वितीय विद्यालय का संचालन गलथरेश्वर महादेव मंदिर के एक कमरे के भवन में बीते कई वर्षों से संचालित हो रहा है। करीब 104 बच्चों वाले विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था दयनीय स्थिति में है। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देश पर डेढ़ वर्ष पूर्व डीह विकासखंड के शिक्षक अरुण सिंह को निर्माण करने की जिम्मेदारी सौंप गई थी। निर्माण प्रभारी ने मूल भवन के स्ट्रक्चर तो खड़ा कर दिए लेकिन छोटी-छोटी कर्मियों का निवारण अभी तक नहीं कर पाए। बार-बार डीह द्वितीय के शिक्षकों द्वारा कहने के बावजूद निर्माण प्रभारी ने शौचालय, ब्लैक बोर्ड, दरवाजों के पल्ले, खिड़कियां व रैम्प ठीक से नहीं बना पाए। यहां तक की विद्यालय का प्लास्टर भी अधोमानक हुआ है। अभी तक विद्यालय भवन हस्तांतरित नहीं हुआ और वह पुराना लगने लगा है। एक तरफ जहां निर्माण प्रभारी विद्यालय भवन को पूर्ण करने में नाकाम हैं वहीं ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी बार-बार विद्यालय स्टाफ को नए भवन में शिक्षण कार्य संचालित करने का दबाव बना रहे हैं। जबकि विद्यालय भवन के लिए 11 लाख रुपए से अधिक की धनराषि प्रयुक्त हो चुकी है। निर्माण के संबंध में जब निर्माण प्रभारी अरुण सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शौचालय का कार्य भी अपूर्ण है बाकी कार्य पूर्ण कर दिया गया है जबकि विद्यालय का रैम्प टूटा हुआ है रंगाई पुताई नहीं हो गई है ब्लैक बोर्ड नहीं लगे हैं शौचालय भी अपूर्ण है।

## गुरुपूर्णिमा पर चौरासी बाबा का भंडारा 5 को

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैरासी बाबा आश्रम बेलहरी मे 5 नवम्बर दिन बुधवार को गुरु नानक जयंती (पूर्णिमा) पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा। शिवेन्द्र प्रताप चंचल सिंह ने बताया आश्रम पर गुरु भगवान चैरासी महराज का प्रतीकात्मक दर्शन का लाभ श्रद्धालुओं को मिलेगा। उन्होंने लोगों से भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## रायबरेली के असीम को दिल्ली के उप राज्यपाल ने किया सम्मानित

**रायबरेली।** बदलते परिवेश में तनाव और बढ़ते अवसाद को नियंत्रित करने और एआई की मदद से मानसिक स्वास्थ्य विषय पर उत्कृष्ट शोध करने के लिए असीम श्रीवास्तव को एक भव्य दीक्षांत समारोह में दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा सम्मानित किया गया। ट्रिपल आई. टी. दिल्ली के सभागार में संपन्न हुए भव्य समारोह में राइजिंग चाइल्ड स्कूल, रायबरेली के प्रबंधक अरविंद एवं निदेशक सीमा श्रीवास्तव के पुत्र असीम श्रीवास्तव के द्वारा प्रस्तुत अपने प्रभावशाली शोध पत्रों की उपराज्यपाल ने सराहना भी की। इस रिसर्च में ए. आई. पर आधारित प्रणालियों के माध्यम से ऑनलाइन थेरेपी को अधिक सहज, व्यक्तिगत और सुलभ बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। सम्मान समारोह में उपराज्यपाल ने कहा युवा शोधकर्ताओं की ऐसी पहल भारत को डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य लाभ के आविष्कार में अग्रणी बना रही हैं। उप राज्यपाल द्वारा दिए गए अवार्ड के साथ असीम श्रीवास्तव को मुख्य अतिथि पर्सेस्टेंट सिस्टम कंपनी के सीईओ आनंद देशपांडे, ट्रिपल आई. टी. के निदेशक प्रोफेसर रंजन बोस और चेयरमैन प्रो. राजेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से रिसर्च उपाधि भी प्रदान किया।

## टिकरी गांव में हुआ विशाल भंडारा संपन्न

**अमेठी।** बीते सप्ताह से टिकरी गांव के मां दुर्गा देवी धाम पर चल रही रासलीला व प्रवचन संकीर्तन के उपरान्त रविवार शाम बाल भोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। बाल भोज में आसपास के गांवों के बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक कमलेश सिंह, दिनेश सिंह, नरेन्द्र सिंह के साथ तमाम लोगों ने बताया इस आयोजन से लोगों में आपसी सद्भाव, प्रेम, सहकार की भावना बढ़ी है। बताया कि आने वाले समय में भी इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा। इस मौके पर क्षेत्र के दिलवंत सिंह, साधु सिंह, पप्पू भदौरिया, मनोज सिंह, बृजलाल के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग किया।

# अदिति सिंह ने 35 गंभीर रोगियों को दी 30.62 लाख की सहायता

- सहायता सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई या अस्पतालों को भुगतान किया गया



हरीशा नन्द मिश्र

मा० अदिति सिंह जी की संस्तुति से माह अक्टूबर 2025 में गम्भीर रोगों के इलाज हेतु प्रदत्त धनराशि

| क्रम | सन्दर्भ स | लाभार्थी का नाम | पता | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 14158250028739 | पूनम | पूरे तुमनदार मजरे पोस्ट गोदवारा | 50000 |
| 2 | 14615825001519 | कमला साहित्या | फिरोज गाँधी कॉलोनी, रायबरेली | 75000 |
| 3 | 14615825001590 | उमंग कुमार | भदोखर, रायबरेली | 50000 |
| 4 | 14615825001591 | बेबी ऑफ़ ममता यादव | दरवापुर मजरे रुस्तमपुर | 50000 |
| 5 | 14615825001599 | बाल कृष्ण | मोहगवां, रायबरेली | 50000 |
| 6 | 14615825001600 | शारदा प्रसाद | पूरे दूती मजरे बेलाभेला | 150000 |
| 7 | 14615825001602 | राम लखन | परिगवां पो० , हरदासपुर | 200000 |
| 8 | 14615825001607 | कृष्ण कुमार | बावन बुजुर्ग बल्ला, महराजगंज | 200000 |
| 9 | 14615825001608 | दिव्यांश | पूरे दूती मजरे बेलाभेला | 26182 |
| 10 | 14615825001613 | रमेश चन्द्र सिंह | न्यू मलिकमऊ कॉलोनी, रायबरेली | 32000 |
| 11 | 14615825001632 | दर्श श्रीवास्तव | शक्ति नगर, रायबरेली | 50000 |
| 12 | 14615825001634 | पूजा | पुलवांस, रायबरेली | 15000 |
| 13 | 14615825001638 | अंजनी कुमार | हेबतमऊ, पो० राही | 50000 |
| 14 | 14615825001639 | विजय | जाकिर हुसैन नगर, महराजगंज | 50000 |
| 15 | 14615825001641 | प्रेम कुमार | पूरे जियालाल मजरे रूपामऊ, रायबरेली | 200000 |
| 16 | 14615825001642 | वीरेन्द्र कुमार पाठक | झाकरासी, पो० , कुचारिया | 100000 |
| 17 | 14615825001643 | अरशद | चिड़ियाखाना, छोटी बाजार | 50000 |
| 18 | 14615825001650 | रामश्री | महापतगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला | 50000 |
| 19 | 14615825001656 | सतीश कुमार मौर्या | अखिलेशपुरम, रायबरेली | 200000 |
| 20 | 14615825001657 | अहम | संदीराम पो० , संदीनागिन | 18750 |
| 21 | 14615825001658 | सुरेश | पूरे केशरी मजरे झकरासी | 100000 |
| 22 | 14615825001673 | पूजा सोनी | सनही, रायबरेली | 50000 |
| 23 | 14615825001675 | शिवम | बनी पो०, रुस्तमपुर | 75000 |
| 24 | 14615825001690 | सिमरन यादव | रघुनाथपुर कटेली, पो०, भदोखर | 100000 |
| 25 | 14615825001694 | प्रतिमा मौर्या | सकरा मजरे रतसीपुर | 200000 |
| 26 | 14615825001707 | मो० जब्बार | पहाड़पुर, पो०, लोधवामऊ | 100000 |
| 27 | 14615825001715 | रवि | मंचितपुर, पो०, बुढ़नपुर | 50000 |
| 28 | 14615825001732 | अमिता अवस्थी | नया पुरवा, रायबरेली | 50000 |
| 29 | 14615825001735 | मो० शकील | हरदासपुर, रायबरेली | 20700 |
| 30 | 14615825001737 | शहाना | अहमद नगर, रायबरेली | 50000 |
| 31 | 14615825001738 | शुभम सिंह | देवानन्दपुर, रायबरेली | 50000 |
| 32 | 14615825001740 | सुशील कुमार | जहानपुर कोडर, पो० , मुंशीगंज | 100000 |
| 33 | 14615825001741 | शरीफ | दाउद नगर, पो० , संदीनागिन | 100000 |
| 34 | 14615825001743 | निगहत खानम | अबुल हसन नदवी कॉलोनी, रायबरेली | 200000 |
| 35 | 14615825001759 | फूलमती | पूरे ठकुराईन मजरे अमावां | 150000 |
| | | | कुल धनराशि | 306263 |

**रायबरेली।** सदर विधान सभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने अक्टूबर माह में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 35 निर्धन लाभार्थियों को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल 30 से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह राशि विभिन्न गंभीर रोगों जैसे कैंसर, हृदय रोग, किडनी फेल्योर और अन्य जानलेवा बीमारियों के इलाज के लिए दी गई, जिससे इन गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

विधायक अदिति सिंह ने इस पहल को सीएम के नेतृत्व वाली सरकार की संवेदनशील शासन व्यवस्था का जीता-जागता उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस जनकल्याण पर है और गरीबों की हर संभव मदद की जा रही है। मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से हम उन लोगों तक पहुंच रहे हैं जो जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे हैं। यह सहायता न केवल इलाज में मदद करेगी, बल्कि इन परिवारों को नई उम्मीद देगी। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि सहायता वितरण की प्रक्रिया और लाभार्थी सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई या अस्पतालों को भुगतान किया गया। सदर विधायक ने बताया कि कार्यालय के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद मुख्यमंत्री राहत कोष से 30,62,632 की मंजूरी मिली है। यह पहल रायबरेली सदर क्षेत्र में चल रही विभिन्न जनकल्याण योजनाओं का हिस्सा है। अदिति सिंह ने पिछले महीनों में भी कई गरीब मरीजों को सहायता प्रदान की है, जिससे क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता बढ़ी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी योजनाएं सरकार की अंत्योदय की भावना को साकार कर रही हैं। योगी की सरकार ने राहत कोष को और मजबूत किया है, जिससे प्रदेश भर में हजारों गरीब मरीजों को समय पर इलाज मिल रहा है। यह कदम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। विधायक अदिति सिंह ने सभी लाभार्थियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आगे भी ऐसी सहायता जारी रखने का आश्वासन दिया। क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना की है और इसे जनता की सरकार का प्रमाण बताया है।

## धर्म की रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार

**तिलोई, अमेठी।** डॉ प्रताप नारायण मिश्र स्मारक इण्टर कालेज में चल रही सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक आचार्य योगेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महराज ने श्रद्धालुओं को भक्त ध्रुव और भक्त प्रहलाद, भरत एंव अजामिल की कथा के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं समेत अन्य कई प्रसंगों की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। कथा सुनाते हुए कहा कि धरती पर धर्म की स्थापना और भक्तों की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि माता का स्थान देवताओं से भी उच्च है सभी पुत्रों को अपने माता का आदर करना चाहिए। वह माता धन्य है जिसका पुत्र सुयोग्य, धर्म पारायण और दानी होता है। पुत्रवती माता वही कहलाती है जिसका पुत्र भगवान के चरणों का अनुरागी हो। लक्षण की कथा सुनाते हुए कहा कि माता सुमित्रा ने भगवान श्रीराम की वन में सेवा के लिए बिना संकोच किए अपने पुत्र लक्ष्मण को भेज दिया।

## विजेथुआ धाम में रामलीला के मंचन से दर्शक रोमांचित



**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** श्रीराम भक्त रामलीला समिति के तत्वावधान में विजेथुआ धाम में चल रही भव्य रामलीला में शुक्रवार की रात सीता स्वयंवर, रावण-बाणासुर संवाद तथा परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मनमोहक मंचन किया गया। कलाकारों के सजीव अभिनय से पूरा पंडाल भक्तिरस और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीराम की आरती से हुई। इसके बाद मंच पर राजा जनक द्वारा अपनी पुत्री सीता के स्वयंवर की घोषणा की गई। उन्होंने शर्त रखी कि जो राजा भगवान शिव के धनुष को उठाकर तोड़ देगा, वही सीता से विवाह करेगा। दूर-दूर से आए राजाओं ने धनुष उठाने का प्रयास किया, पर कोई सफल नहीं हो सका। इसी दौरान लंका नरेश रावण और पाताल लोक के राजा बाणासुर के बीच हुए संवाद ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दोनों पात्रों के तीखे संवादों पर दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह जताते रहे। जब कोई भी राजा धनुष भंग न कर सका, तो राजा जनक ने कहा कि वीर विहीन मही मैं जानी। यह सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठे, पर प्रभु श्रीराम ने उन्हें शांत कराते हुए गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से शिव धनुष को तोड़ दिया। धनुष भंग होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस दौरान कलाकारों के अभिनय की खूब सराहना हुई। रावण की भूमिका में कमल पाण्डेय, लक्ष्मण की भूमिका में कन्हैया पाण्डेय, भगवान राम के रूप में तूफानी पाण्डेय, परशुराम के रूप में आनन्द तिवारी और बाणासुर की भूमिका में सोनू मोदनवाल ने दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला का संयोजन समाजसेवी विवेक तिवारी द्वारा किया गया। मंचन के दौरान वीरु मिश्र, बुद्धू पाण्डेय, हौशिला पाण्डेय, पुष्प कान्त मोदनवाल, इन्द्रजीत वर्मा, उदय प्रताप सिंह, राम गुलाब मोदनवाल, अरविन्द पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## ओवरटेक के दौरान हादसे में मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल



**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के छतोह-गांधीनगर मार्ग पर रविवार की सुबह करीब नौ बजे हुए सड़क हादसे में मां और बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया। नसीराबाद थाना क्षेत्र के छोटी ओलीपुर मजरे संण्डहा गांव निवासी नीलेश कुमार 14 वर्ष अपने पिता शेषपाल बर्मा और मां निर्मला देवी वर्मा के साथ बेटे निलेश का इलाज कराने रायबरेली जा रहे थे। सुबह करीब नौ बजे छतोह-गांधीनगर मार्ग पूरे राजा गढा जानकी देवी पब्लिक स्कूल के पास छतोह की ओर जा रही कंबाइन मशीन को ओवरटेक करने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर मशीन से जा टकराई। हादसे में 14 वर्षीय नीलेश कुमार बर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचाया। जहाँ सी एच सी मे मौजूद डॉक्टर गुलाम यजदानी ने दोनों को घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान 35 वर्षीय माँ निर्मला देवी ने भी दम तोड़ दिया। जबकि पिता शेषपाल वर्मा जिला अस्पताल में मौत और जिंदगी से संघर्ष कर रहा है दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कंबाइन मशीन चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पकड़ लिया गया है।

## धूमधाम से मना खाटू श्याम का जन्मोत्सव

जिला संवाददाता (vol)



**हरचंदपु, रायबरेली।** प्यारा सा मुखड़ा घुंघराले केश, कलयुग का राजा खाटू नरेश, मेरे खाटू वाले का जन्मदिन आया है। भक्ति भाव भरे कीर्तन और खाटू नरेश की दिव्य भव्य झांकी ने श्रद्धा भक्ति का नजारा प्रस्तुत किया। मौका था श्री श्याम सेवा समिति द्वारा आयोजित खाटू नरेश श्याम प्रभु के जन्मोत्सव का। प्रसिद्ध कीर्तन गायक कुक्की अरोरा बरेली और लखनऊ की सोनल शुक्ला ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। वातावरण बाबा के गगनभेदी उद्घोष से गुंजायमान रहा।

कस्बा के जनपद इंटर कॉलेज में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार हुआ। यजमान सपत्नीक पंकज गुप्ता, रचना गुप्ता ने गौरी गणेश, कलश, हनुमान जी, श्याम प्रभु का पूजन किया। आचार्य अशोक चंद्र त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। भजन संध्या में लखनऊ से आई कीर्तनकार सोनल शुक्ला ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई - मेरे खाटू वाले का जन्मदिन आया हैं, खाटू बुला रहा है..।

प्रख्यात कीर्तनकार कुक्की अरोरा ने खाटू नरेश श्याम प्रभु की अद्वितीय महिमा से ओत-प्रोत कर्ण प्रिय भजन पेश किये कलयुग का राजा खाटू नरेश, हारे का सहारा हैं मेरा श्याम हरि। भक्ति भाव भरे गीतों पर नाचें श्रद्धालुओ को श्रद्धा - भक्ति का सुखद स्पर्श कराया। देर रात चले भंडारा में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक राकेश सिंह, डीडीसी राघवेंद्र प्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनजीत सिंह, पूर्व प्राचार्य राकेश बाबू, विजय वैश्य, प्रधान प्रतिनिधि छोटे चैधरी, गंगेश चैरसिया, मानस वक्ता संजय सिंह, विक्रम चैरसिया, दिनेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, संजय शुक्ल, मनीष अग्रवाल, आकाश गुप्ता, हर्षित बाजपेई, अंकित चैरसिया, सूरज सोनी, दीपक अग्रवाल, ललित गुप्ता, शिवम चैरसिया, लाला चैरसिया, सौरभ अवस्थी, दिलीप साहू, रतन चैरसिया, सोनू सोनी, महेश गुप्ता, शैलेंद्र सिंह, संगीत लोधी आदि तमाम लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## महिला स्वास्थ्य कर्मी ने पूर्व चिकित्सा अधीक्षक पर दर्ज कराया छेड़खानी का मुकदमा

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** पूर्व चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अस्पताल में तैनात दलित महिला स्वास्थ्य कर्मी से कुछ दिन पूर्व अश्लील बातचीत करने का ऑडियो वायरल होने के मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ दलित उत्पीड़न एवं छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। उधर सीएमओ डॉ भारत भूषण ने बताया कि पूर्व चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ अभी विभागीय कार्रवाई लंबित है, जांच चल रही है, जांच के बाद ही कोई कार्रवाई कर पाना संभव होगा। लंभुआ तहसील मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अनिल सिंह का कुछ दिन पहले एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ अश्लील बातचीत करने का ऑडियो वायरल हुआ था। ऑडियो वायरल होते ही स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया था और सीएमओ ने जांच के आदेश दे दिए थे। ऑडियो वायरल होने के बाद पीड़ित महिला स्वास्थ्य कर्मी ने पूर्व चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ छेड़खानी एवं दलित उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी संदीप राय ने बताया कि पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अनिल सिंह के खिलाफ पीड़ित महिला स्वास्थ्य कर्मी की तहरीर पर छेड़खानी एवं दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## अनियंत्रित होकर पलटा टेलर, बाल-बाल बचे लोग

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर कस्बे में रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दोस्तपुर-सूरापुर मार्ग पर अंबेडकर पार्क के पास मोरंग खाली कर रहा एक टेलर अचानक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। इसी दौरान वहां खड़ी एक बाइक भी टेलर की चपेट में आ गई। तेज आवाज सुनकर आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना स्थल के ठीक सामने कम्प्यूटर साइंस एंड कोचिंग क्लासेस डिजिटल सेवाएं नामक कोचिंग संस्थान स्थित है, जहां सामान्य दिनों में बड़ी संख्या में छात्र आते हैं। रविवार होने के कारण कोचिंग बंद थी, जिससे संभावित जनहानि टल गई। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और इसे एक बड़ा सौभाग्य बताया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि यह हादसा किसी कार्यदिवस पर होता तो कोचिंग में मौजूद छात्रों और आसपास चलने वाले लोगों की जान को गंभीर खतरा हो सकता था। क्षेत्र भीड़भाड़ वाला है, और सड़क संकरी होने से बड़े वाहनों के गुजरने पर अक्सर खतरा बना रहता है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और टेलर हटाने की कार्रवाई शुरू कराई। कुछ समय के लिए मार्ग पर जाम की स्थिति भी बन गई। ग्रामीणों और जेसीबी की सहायता से मलबे के नीचे दबा मोटरसाइकिल निकाला गया। राहत की बात है कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर कड़ा नियंत्रण रखने एवं नियमित निगरानी की मांग की है। लोगों का कहना है कि आस-पास कई शिक्षण संस्थान होने के कारण इस सड़क पर अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम जरूरी हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन श्रोता मंत्रमुग्ध



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कस्बे के मीरा मानिकपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शनिवार की देर रात तक कथा की अमृत धारा बहती रही। कथा व्यास पंडित उदय भानाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का बड़े ही रोचक और भावनात्मक वर्णन किया। उनके मुखारविंद से निकली मधुर वाणी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस में डुबो दिया।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का मंचन भी किया गया, जिसेदेखकर सैकड़ों भक्त भाव-विभोर हो उठे। मंचन के समय पूरा कथा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालु भगवान के विवाह प्रसंग पर झूमते, नाचते और भजन-कीर्तन में शामिल होकर भक्ति में लीन हो गए। देर रात तक चले इस आयोजन में भक्तों ने दिव्य आनंद का अनुभव किया। कार्यक्रम में लाल बहादुर सिंह, सुषमा सिंह प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह, ग्राम प्रधान उमा कुमारी सिंह संदीप सिंह, शुभम सिंह, शिव शंकर पांडेय, बृजेश मिश्रा, रमेश कसौधन, गुलाब अग्रहरि, प्रकाश अनंत बहादुर सिंह, बब्बन प्रसाद तिवारी, श्याम बहादुर वर्मा, सुनील वर्मा, विनोद तिवारी, हरिविलास सिंह, मनोज अग्रहरि, राम नयन वर्मा सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे। सभी ने कथा व्यास के प्रवचन को श्रद्धा से सुना और धार्मिक वातावरण में खुद को सराबोर किया। वहीं हनुमानगढ़ी के पीछे मुख्य यजमान अमन व उनकी पत्नी अनीता के निज निवास पर चल रही भागवत कथा में भी रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास आचार्य पंडित महेश त्रिपाठी ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से परिचित कराते हुए भक्ति और धर्म की महिमा बताई इस कथा में चमन, शुभम, आकाश, सतीश, कूरेभार की प्रधान गीता देवी के प्रतिनिधि सुरेश कुमार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीतीश अग्रहरि, हनुमानगढ़ी के पुजारी सोनू बाबा, सुशील कुमार, सिधांशु, किशन शर्मा, सचिन, और पूर्व प्रधान मो. असलम खान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। दोनों स्थलों पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ने कूरेभार कस्बे को भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग दिया। भक्तों ने इसे दिव्य और अविस्मरणीय अनुभव बताया।

## भगवान की कृपा से बंधन स्वतः खुल जाते हैं : पं.घनश्याम द्विवेदी



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** गौरा गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा व्यास पं घनश्याम द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओ को भाव-विभोर कर दिया। भगवान का जन्म पर संगीत की धुन पर भजनों की मधुर गूंज पर पांडाल मे महिलाएं थिरकती रही। इस दौरान श्रीकृष्ण की झांकी भक्तों के आकर्षण का केंद्र रही।

शनिवार को शाम की कथा मे कथा व्यास पं. घनश्याम महाराज ने भगवान के जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म आधी रात को कारागार में हुआ, तो पहरेदार सो गए, माता देवकी और वासुदेव की बेड़ियां स्वतः खुल गईं। वासुदेव जब नवजात श्रीकृष्ण को टोकरी में लेकर गोकुल जाने के लिए यमुना पार कर रहे थे, तब यमुना का जलस्तर बढ़ गया, लेकिन भगवान के चरण स्पर्श करते ही घट गया। उन्होंने कहा कि जब भगवान की कृपा होती है, तो सभी बंधन स्वतः समाप्त हो जाते हैं और जीवन में शुभ परिवर्तन आता है। कथा के अन्त मे यजमान सूर्यनाथ त्रिपाठी सपत्नीक व्यास पीठ की आरती उतारी। कथा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ओपी चैधरी, अभयराज यादव एडवोकेट, विजय पाल, बैजनाथ तिवारी, मायाराम तिवारी, प्रशांत तिवारी, रामजी सिंह, गांधी तिवारी, आदि रहे।

## अभाविप कादीपुर तहसील व नगर इकाई गठित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कादीपुर की तहसील और नगर इकाई का गठन सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड कादीपुर में हुआ। चुनाव अधिकारी के रूप में एबीवीपी के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ संतोष सिंह अंश ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा किया। नगर अध्यक्ष डॉ. शनि कुमार शुक्ल, नगर उपाध्यक्ष डॉ विकास कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, पवन यादव, सह संयोजक तनु सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक सत्यम राव, खेलो भारत प्रमुख नीरज तिवारी, खेलो भारत संयोजक सौरभ, सह संयोजक अर्चित दूबे, नगर सोशल मीडिया संयोजक सुमित पाण्डेय, सह संयोजक अमित प्रजापति, नगर कार्यकारणी सदस्य नीरज यादव, युवराज सिंह, चंदन यादव, हिमांशु सिंह, सौरभ यादव तहसील प्रमुख डॉ. संतोष विश्वकर्मा, जिला संयोजक तेजस्व पाण्डेय ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के इतिहास और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# मर्यादा में रहकर माता-पिता की सेवा की सीख देती है रामलीला

**रायबरेली।** खीरों ब्लॉक क्षेत्र की श्री दीपमालिके रामलीला कमेटी पाहो द्वारा आयोजित रामलीला के 9 वें दिन विभीषण शरणागति और लक्ष्मण शक्ति लीला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतांव के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व प्रमुख समाजसेवी उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि रामलीला का मंच हमें मयार्दा में रहना और माता-पिता की सेवा करना सिखाता है। जिस तरह भगवान राम ने मयार्दा की स्थापना करने के लिए राज्यों को छोड़ पिता के कहने पर 14 वर्ष बनवास में व्यतीत किए। उसी तरह हमें भी भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए मयार्दा में रहकर माता-पिता की सेवा कर जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने कहा रामलीला मंचन का उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को अपने धार्मिक ग्रंथों की जानकारी देना है। सनातन धर्म में रामलीला का बड़ा ही महत्व है। हमें राम के चरित्र से सीख लेनी चाहिए।

रामलीला कमेटी की ओर से मुख्य अतीत उमेश प्रताप सिंह का भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का छायाचित्र देकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने रामलीला कमेटी को 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इस घोषणा के बाद पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। पंडाल में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित महिलाओं और पुरुषों में खड़े होकर श्री सिंह का स्वागत किया और कमेटी के कलाकारों ने पुष्प वर्षा की। उमेश प्रताप सिंह ने पाहो गांव से अपना पारिवारिक रिश्ता बताते हुए कहा कि ष इस गांव के कार्यक्रम में आने पर मैं खुद को गौरवान्वित महसूस करता हूं। इस गांव से हर क्षेत्र में नई पहल होती है। चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो या फिर सामाजिक, यह विशेष भूमिका अदा करता है। मुख्य अतिथि ने आश्वस्त किया कि वह रामलीला कमेटी को अपना सहयोग देते रहेंगे। लीला में



भगवान राम, सुग्रीव, जामवंत के साथ बैठकर मंत्रणा करते हैं। इसके बाद वानर सेना को लंका पर चढ़ाई करने का आदेश देते हैं। रावण के दूतों ने जानकारी दी कि वानर सेना लंका के द्वार पर आ गई है। तब रावण ने अपने पुत्र मेघनाद से अपनी सेना के साथ वानर सेना पर आक्रमण करने का आदेश दिया। राक्षस सेना को आया दे देख रामादल में हलचल मच गई। मेघनाद वानरों को मारते हुए आगे बढ़ रहा था। यह देख राम का आदेश पाकर लक्ष्मण युद्ध करने पहुंचे। मेघनाद और लक्ष्मण में भीषण युद्ध हुआ। जब मेघनाद के सारे अस्त्र असफल हो गए तो उसने अमोघ शक्ति लक्ष्मण के ऊपर छोड़ दी। शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़े। यह देख हनुमान जी लक्ष्मण को लेकर रामादल में पहुंचे। लक्ष्मण को मूर्छित देख भगवान राम विलाप करने लगे। तब विभीषण ने उन्हें बताया कि मेघनाथ ने शक्तिबाण का प्रयोग किया है। इसका उपचार लंका में रहने वाले सुषेण वैद्य ही कर सकते हैं। हनुमान सुषेण वैद्य को लंका से लेकर आते हैं। सुषेण वैद्य से कहते हैं कि मैं वैद्य दशानन के घर का किस तरह आपका काम करूं, अनुचित होगा यदि लंकापति के बैरी को आराम करूं। कहते हैं जिस धर्म हेतु निज राज्य छूटा श्री पितृ देव का मरण हुआ, जिस धर्म में हेतु प्रिय भारत छूटा कुटिया से सीता हरण हुआ, उस धर्म हेतु यदि लक्ष्मण भी मर जाए तो मर जाए, आवाज यही होगी मेरी पर धर्म न जाने पाए। सुषेण वैद्य की सलाह पर हनुमान द्रोणागिरी पर्वत से संजीवनी बूटी लेकर आए और लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई। सुषेण वैद्य का अभिनय अशोक शर्मा, राम का लालू पाल, लक्ष्मण का शिवम त्रिवेदी, मेघनाथ का बाबूलाल गुप्ता, विभीषण का मुन्नूलाल सविता, अंगद का नरेश पाल, सुग्रीव का प्रेम शंकर जायसवाल ने किया। इस दौरान लाले शर्मा, रामू सिंह, अवनीश भदौरिया, अभिषेक सिंह, कमलेश, राजू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत, दो घायल

**अमेठी।** गौरीगंज-मुसाफिरखाना मार्ग पर राजगढ़ के पास शनिवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज एम्स रायबरेली में चल रहा है। मृतकों की पहचान विशुनदासपुर निवासी 28 वर्षीय उदय गुप्ता और कौहार गांव निवासी 30 वर्षीय संदीप अग्रहरी के रूप में हुई है। उदय गुप्ता गौरीगंज में किराना दुकान चलाते थे और हादसे के समय दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। दूसरी ओर, संदीप अग्रहरी अपने गांव कौहार से बाइक से लौट रहे थे। राजगढ़ गांव के पास दोनों बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में 16 वर्षीय अभिषेक पुत्र शिवप्रसाद और 18 वर्षीय अनुराग पुत्र सुशील भी घायल हुए हैं, जो संदीप के साथ बाइक पर सवार थे। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने संदीप अग्रहरी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत में उदय गुप्ता, अभिषेक और अनुराग को एम्स रायबरेली रेफर किया गया। इलाज के दौरान उदय गुप्ता ने भी दम तोड़ दिया। घ्सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

संक्षेप

## एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**टूंडला।** एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में रविवार को यातायात माह जागरूकता अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा रामसिंह कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी नगला सिकंदर फिरोजाबाद में राष्ट्रीय कैडेट कोर 6 उप्र बटालियन एनसीसी फिरोजाबाद के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया। यातायात पुलिस द्वारा कैडेटों को 199 अ व134 अ के बारे में बताया तथा यह कहा कि विना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए बिना दोपहिया एवं चार पहिया वाहन न चलाएं। जीवन बहुमूल्य है,इसे व्यर्थ न गवाएं।इसके पश्चात्एन सी सी ज्ञानेश चन्द त्रिपाठी ने कैडेटों को बदले हुए पाठ् ?यक्रम एवं नवीन परीक्षा पैटर्न के बारे में व्याख्यान दिया।सूबेदार सन्तोष कुमार की देख-रेख में एनसीसी कैडेटों ने 0.22 राइफल से फायरिंग का अभ्यास किया। शाम के समय अल्फा एवं डेल्टा कम्पनियों के बीच बॉलीबॉल प्रतियोगिता हुई जिसमें अल्फा कम्पनी विजेता तथा डेल्टा कम्पनी उपविजेता घोषित हुई। इस अवसर पर कैम्प कमाण्डेन्ट कर्नल के.के.सिंह,डिप्टी कैम्प कमांडेंट कर्नल अजय कुमार, मेजर ज्ञानेश चन्द्र त्रिपाही ले.गोपाल कृष्ण ले.शिवम चौहान रीना शर्मा केयर टेकर सीपी सिंह,सूबेदार मेजर अवतार सिंह सूबेदार उपेंद्र सिंह, सूबेदार सन्तोष कुमार, बीएच एम शक्ति सिंह, हवलदार दार रणधीर सिंह हवलदार रक्षपाल आदि मौजूद रहे।

## 10 साल की दलित बच्ची के साथ रेप

**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र अंतर्गत जंगली गांव में शनिवार की देरसायं 10 साल की दलित बच्ची के साथ तीन नकाबपोश युवकों ने हैवानियत की। बच्ची को उठाकर मंदिर के पास ले गए। वहां बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंसा, फिर दरिंदगी की। राहगीरों को देखकर आरोपी डर गए और मौके से भाग गए। बच्ची किसी तरह से घर पहुंची। उसने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने तुरंत थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बच्ची जिला अस्पताल में भर्ती है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। मगोर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मजदूर की दो बेटियां गांव के बाहर कुएं पर कपड़े धो रही थीं। बड़ी बेटी ने बताया, ह्लमैं कपड़े लेकर घर लौट आई, जबकि छोटी बहन अकेली रह गई। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर दो नकाबपोश युवक वहां पहुंचे। युवकों ने कुएं के पास बाइक खड़ी की। बहन के पास जाकर उससे पानी मांगा। वो पानी दे रही थी। इसी दौरान युवकों ने उसे पकड़ लिया। फिर उस जबरन पास के एक मंदिर के पास में ले गए। बहन चिल्लाने लगी तो दरिंदों ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। लड़की के पिता ने बताया- बाइक सवार दो युवकों ने छोटी बेटी के साथ दरिंदगी की। घटना के दौरान कुछ मजदूर साइकिल से लौट रहे। उन्हें देखते ही आरोपी भाग गए। डरी-सहमी बच्ची किसी तरह बाहर आई और पूरी घटना बताई। एसपी-सीओ ने मौके पर पहुंचकर ली जानकारी घटना की सूचना मिलते ही एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा और सीओ अनिल सिंह मौके पर पहुंचे। घटना की बारीकी से जांच की। एसपी बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए छह टीमें गठित की गई हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर हुआ तुलसी-शालिग्राम विवाह



**मथुरा।** सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पर्व कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवोत्थान एकादशी) महोत्सव का आयोजन रविवार श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर शास्त्री मयार्दाओं एवं पौराणिक महोत्सव के अनुरूप किया गया।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी को देव-शयन होने के चतुर्मास उपरान्त भावानुरूप भगवान विष्णु को योगनिद्रा से जगाने के लिए घण्टे, घड़ियाल, ढोल, मृदंग, झांझ, मजीरे, उद्दाम संर्कीतन श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर किया गया। मान्यताओं, पदम पुराण के उत्तर काण्ड में वर्णित एकादश महात्तम के अनुार श्रीकृष्ण हरि प्रबोधनी (देवोत्थान) एकादशी का व्रत करने से एक हजार अश्वमेघ यज्ञ तथा राजसूय यज्ञ का फल मिलता है। इस अलौकिक परम पुण्यप्रद एकादशी के व्रत से समस्त पाप नष्ट होकर व्रती, मरणोपरान्त भगवत धाम को प्राप्त करता है। देश-विदेश से पधारे लाखों श्रद्धालुओं ने आज श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर आयोजित देवोत्थान एकादशी महोत्सव में शामिल होकर आनन्द प्राप्त किया। देवोत्थान एकादशी पर श्रीतुलसी जी एवं भगवान सालिग्राम के विवाह के साथ ही सभी मांगलिक कार्य प्रारम्भ हो जाते हैं। अतः इस दिन श्रीतुलसी सालिग्राम विवाह का विशेष महत्व है। विशिष्ट श्रंगार में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे भगवान श्रीकेशवदेवजी महाराज के मंदिर में प्रातः भव्य तुलसी एवं शालिग्राम पूजन किया गया। सांयकाल 5 बजे श्रीभागवत भवन से उद्दाम संकीर्तन एवं मंगल ध्वनि के मध्य भगवान सालिग्राम जी बारात रूप में जन्मस्थान परिसर में स्थित श्रीतुलसी वाटिका में पधारे, जहाँ भव्य पुष्प मण्डप में विराजमान माँ तुलसी एवं भगवान सालिग्राम का विवाह शास्त्रीय विधि-विधान से सपन्न हुआ। बहुत बड़ी संख्या में ब्रजवासी एवं अमेरिका आदि देशों से पधारे श्रद्धालु भी श्रीतुलसी-सालिग्राम विवाह में कन्यादान-उपहार भेंट कर इस अलौकिक आयोजन के साक्षी बनें। इस अवसर पर संस्थान की प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, उप प्रबन्धक अनुराग पाठक, ओएसडी नारायण राय, अरूण सिंह, पूजाचार्य विन्ध्येश्वरी प्रसाद अवस्थी, श्रीब्रह्मानन्द मिश्र, सनातन पण्डा एवं प्रशान्त कुमार सतपथी आदि का विशेष योगदान रहा।

## तुलसी-शालिग्राम का विवाह में श्रद्धालुओं का उमड़ा हुजूम

**मथुरा।** देवोत्थान एकादशी के अवसर पर निकटवर्ती गांव शेषसाई स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर क्षीरसागर में तुलसी-शालिग्राम विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।इस दिन से सभी शुभ और मांगलिक कार्यों का पुनः आरंभ हो गया है।श्रद्धालुओं ने श्री हरि विष्णु भगवान और मां लक्ष्मी जी की शेषनाग पर शयन करती प्रतिमा का जलाभिषेक किया और परिक्रमा लगाई। मंदिर परिसर जय जयकार के उद्घोषों से गूंज उठा। लोगों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद वितरण किया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया। हिंदू धर्म में देवोत्थान एकादशी का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं, जिसके साथ ही चातुर्मास का समापन होता है। यह दिन जीवन में नई शुरूआत और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर श्री श्री 1008 श्री महंत सुरेश दास जी महाराज ने बताया कि आज से सभी मंगल कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। श्री महंत जी ने देवोत्थान एकादशी व्रत कथा पर प्रकाश डाला और इसके महत्व को समझाया। देवउठनी एकादशी के बाद से विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे सभी शुभ कार्य शुरू हो जाते हैं। इसी के साथ शादी-विवाह का सीजन भी प्रारंभ हो गया है, और अब जगह-जगह शहनाइयां बजने लगेंगी।

## हाइवे स्थित ढाबे पर देह व्यापार पकड़ा

**मथुरा।** छाता थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पंजाबी ढाबे पर देर रात पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार का पदार्फाश किया। कार्रवाई में पुलिस ने आपत्तिजनक हालत में दो महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि केडी चौकी क्षेत्र के सेमरी गांव के पास बने ढाबे पर लंबे समय से अनैतिक गतिविधियां चल रही हैं। सूचना के आधार पर केडी चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक रोहित उज्ज्वल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात छापेमारी की। मौके से पकड़े गए युवक पर आरोप है वह ढाबे का संचालन करता था और ग्राहकों व महिलाओं की व्यवस्था करता था। प्रारंभिक पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर इस धंधे में शामिल किया गया। पुलिस ने ढाबे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। एसपी (ग्रामीण) ने बताया मामले की गहन जांच चल रही है और इसमें शामिल अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। छाता कोतवाली प्रभारी कमलेश सिंह ने संस्कृति यूनिवर्सटी के पास एनएच 19 किनारे पंजाबी ढाबा से जाहिद उर्फ मोनू पुत्र जुम्मा निवासी तेलीपाडा को गिरफ्तार किया गया।

## पीएम केंद्रीय विद्यालय बाद मथुरा में संकुल स्तरीय लघु खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**मथुरा।** पीएम केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा में संकुल स्तरीय लघु खेल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में पीएम केन्द्रीय विद्यालय अलीगढ़ पीएम केन्द्रीय विद्यालय मथुरा कैंट पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा पीएम केन्द्रीय विद्यालय हाथरस पीएम केन्द्रीय विद्यालय एम.आर.एन.मथुरा तथा पीएम केन्द्रीय विद्यालय बुलंदशहर शिफ्ट.वन एवं शिफ्ट टू सम्मिलित थे। प्राचार्य पीएम केंद्रीय विद्यालय बाद, मथुरा ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं में 60 मीटर दौड़ 100 मीटर दौड़ए 140 मीटर दौड़ लंबी कूद टेनिस बॉल थ्रो तथा रिले दौड़ ;200 मीटर एवं 400 मीटर जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। बच्चों ने खेल भावना अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य पीएम केन्द्रीय विद्यालय बाद मथुरा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। यह आयोजन छात्रों में खेलों के प्रति रुचि अनुशासन और टीम भावना को बढ़ाने वाला सफल आयोजन सिद्ध हुआ।

## आगरा में पीछे से ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो तीन लोग घायल, हाईवे जाम

**आगरा।** एत्मादपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसा चालक को झपकी लगने के कारण हुआ, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार के साथ यह हादसा हुआ। आगरा। एत्मादपुर थाना क्षेत्र में छलेसर चौकी के पास आज सुबह एक सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रही एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर से स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान जितेंद्र पुत्र भगवान स्वरूप निवासी टूंडला, मनोज शर्मा निवासी बिहार और सुषमा सारस्वत पत्नी अनुराग सारस्वत निवासी हरीपर्वत आगरा के रूप में हुई है। तीनों किसी शादी समारोह में शामिल होने टूंडला गए थे और लौटते समय चालक को अचानक झपकी लग गई। इसी दौरान स्कॉर्पियो हाईवे पर चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी कपिल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार तीनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। टक्कर के बाद हाईवे पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे हटवाया और यातायात सुचारु कराया। हादसे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

## लेखपाल पर दबंगों का हमला, सरकारी दस्तावेज फाड़े, केस दर्ज

आगरा। पिनाहट के बसई अरेला क्षेत्र के गांव सवोरा के पास चकमार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत एक महिला की ओर से की गई थी। आईजीआरएस संदर्भ की शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल आशीष कुमार जांच के लिए मौके पर गए थे। सीमांकन और जांच के दौरान अन्य ग्रामीणों को भी मौके पर आ गए। आरोप है कि तभी मौके पर कुछ दबंग लोग आ गए और उन्होंने मोबाइल छीन लिया गया। शोर मचाने पर मोबाइल को तोड़ दिया। फावड़ा से जानलेवा हमला करने का प्रयास किया। गालीगलौज करते हुए सरकारी दस्तावेज अभिलेख छीनकर फाड़ दिए। पैमाइश करने फीता भी फेंक दिया गया। किसी तरह लेखपाल ने दबंगों से बचकर भाग कर जान बचाई। पीड़ित लेखपाल की ओर से मामले की जानकारी पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई थी, जिस पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली के तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**आगरा।** कागारौल थाना क्षेत्र के गांव बघा में खेत जोतने गए किसान की शनिवार सुबह खेत में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजन ने विद्युत विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। नवल किशोर उर्फ जीतो निवासी बघा शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे खेत जोतने निकला था। करीब दस बजे घर लौटते समय एक खेत से गुजरते वक्त ट्रैक्टर में 11 हजार वोल्टेज की लाइन का करंट दौड़ गया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत की मेड़ से टकरा गया और टायर आग लगने से फट गए। पुलिस ने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद करवाई और किसान को गंभीर हालत में एसएन मेडिकल कॉलेज आगरा भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया व पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। मृतक किसान के पास दो बीघा जमीन थी और वह परिवार का एकमात्र सहारा था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नवल किशोर के पिता का पहले ही देहांत हो चुका था।

## दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग के परिवार से मिले सपाई, प्रशासन से की कार्रवाई की मांग



**मथुरा।** शनिवार देरसायं गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के थाना मगोर्रा के गांव जंगली मैं दलित परिवार की नाबालिक बेटी के साथ हुई घटना को लेकर रविवार सुबह जिला महिला चिकित्सालय पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की।

विदित रहे कि दलित परिवार की नाबालिक बेटी गांव के पास ही कुए पर कपड़े धो रही थी तभी दो लड़के मोटरसाइकिल पर आए और लड़की को जबरन मंदिर में उठा लेंगे और उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिक बेटी के हालात सीरियस है उसको लेकर सपा के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और परिवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिला पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि ऐसे दरिंदों को जल्द से जल्द पड़कर कठोर कार्रवाई करें जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके अन्यथा की स्थिति में समाजवादी पार्टी पीड़ित को न्याय दिलाने हेतु संघर्ष करने के लिए बाध्य होगी। जिस तरीके से आज प्रदेश के हालात है मां बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है खासकर दलित पर जो अत्याचार हो रहे हैं बहन बटिया की अत्याचार हो रहे हैं उसमें प्रदेश नंबर वन है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बिहार चुनाव में जाकर लगातार कानून व्यवस्था की दुआई दे रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश के हालात बाद से बदतर होते जा रहे हैं आए दिन लूट डकैती बलात्कार दलितों पर अत्याचार लगता है। अब आम बात हो गई है जिस तरह की घटना कल दलित परिवार की बेटी के साथ गठित हुई है वह बहुत ही शर्मिंदगी पूर्ण प घटना है। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज ना हो करके लगता है अपराधी और बलात्कारी का राज हो गया हो लेकिन सीएम दूसरे प्रदेशों में ऐसे बताते हैं जैसे उत्तर प्रदेश में कोई घटना ही नहीं होती हो और राम राज्य स्थापित हो। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता प्रदीप चैधरी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह यादव जी जिला उपाध्यक्ष चंद हाशमी की महेंद्र चैधरी सहित तमाम समाजवादी साथी मौजूद रहे।

## मोबाइल चोर गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना जीआरपी पुलिस ने चैकिंग के दौरान चोरी के मोबाइल के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। रविवार को थानाध्यक्ष जीआरपी मोनू कुमार आर्य उनि सतेन्द्र कुमार मय हमराह हे0का0 कृष्णप्रताप सिंह व का. विपिन कुमार व का० मनोज कुमार के साथ स्टेशन परिसर में चेकिंग कर रहे थे,तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक चोर जो पहले बैण्डरी करता था,वह आज भी मौके की फिराक मे स्टेशन पर घूम रहा है,जिसके पास पूर्व चोरी का मोबाइल भी है, जिसे वह बेचने व मौका मिलने पर किसी अन्य चोरी की फिराक में प्लेटफॉर्म नं. एक के पूर्वी छोर पर बैठा है, मुखबिर की सूचना पर थाना जीआरपी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा जिसने अपना नाम चंदन सिंह पुत्र लाखन सिंह निवासी गाँव-रूदऊ मुस्तकिल थाना-ट्रंण्डला जनपद फिरोजाबाद बताया जिसकी जामातलाशी से पहने पेन्ट की दाहिनी जेब से एक मोबाइल बरामद हुआ।जिसे उसने सियालदाह अजमेर एक्सप्रेस से चोरी किया था।

## हाईवे पर गर्भवती को लोडर वाहन ने रौंदा, इलाज के दौरान हुई मौत

**आगरा।** हाईवे किनारे खड़ी गर्भवती महिला को लोडर वाहन ने रौंद दिया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना से परिवार में चीखपुकार मच गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। पति के साथ सिरसागंज से आगरा आ रही गर्भवती की शुक्रवार को लंगड़े की चौकी के पास तबीयत खराब हो गई। पति ने बाइक को हाईवे किनारे रोक दिया। उसी समय पीछे से आए लोडर वाहन ने महिला को टक्कर मारी दी। एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है। फिरोजाबाद के सिरसागंज के नराला निवासी सीटू ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार दोपहर गर्भवती पत्नी किरन को साथ लेकर आगरा आ रहे थे। लंगड़े की चौकी फुट ओवरब्रिज के पास पत्नी ने तबीयत खराब होना बताया। उन्होंने बाइक को किनारे रोक दिया। पत्नी बाइक का सहारा लेकर खड़ी हो गई। वह पानी लेने के लिए बाइक से थोड़ी दूर जाकर आसपास देख रहे थे। उसी समय पीछे से तेज रफ्तार लोडर वाहन आया और पत्नी को चपेट में ले लिया। आसपास मौजूद लोग आ गए। उन्होंने पुलिस का सूचना देकर बुलाया। इसके बाद पत्नी को इलाज के लिए एसएन इमरजेंसी ले गए लेकिन जान नहीं बची। हरीपर्वत थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाहन को सीज कर दिया गया है।

# सीएम सामूहिक विवाह समारोह में 351 जोड़ों का विवाह संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

> सामूहिक विवाह समारोह में पर्यटन व संस्कृति मंत्री ने विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया

**फिरोजाबाद।** शहनाइयों के गुंजन और कुरान की आयतों के साथ 351 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह विकास भवन के पीछे उद्यान विभाग के प्रांगण में संपन्न हुआ मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री के साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन,मेयर कामिनी राठौर, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर,भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने परिणय सूत्र में बंध रहे 9 दंपतियों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वचन दिया, इस अवसर पर बोलते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार ने समदृष्टि अपनाते हुए प्रत्येक वर्ग की गरीब बेटियों के वैवाहिक कार्य को संपन्न करने का जो पुनीत कार्य किया है,उससे गरीब परिवारों की बेटीयों के विवाह की चिंता से निजात मिली है,2024-25 में वधू के परिवार की अधिकतम आय सीमा जो रु0 2 लाख थी, उसे बढ़ाकर वर्ष 2025-26 में 3 लाख कर दिया गया है, साथ ही 2024-25 में जो वधू के खाते में रुपए 35000 की राशि अंतरित की जाती थी,उसे बढ़ाकर 2025-26 में रुपए 60000 रुपए कर दिया गया है, जो हमारी सरकार की गरीबों की प्रति चिंता को दशार्ता है,हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल भाव पर चलती है, इसका उदाहरण यहां भी देखने को मिल रहा है जहां हिंदू गरीब बेटियों के साथ-साथ 80 गरीब मुस्लिम बेटियों का विवाह भी पूरी रीती रिवाज से कराया जा रहा है,सबसे बड़ी बात इस वैवाहिक समारोह में फर्जी वाडा ना हो इसके लिए वर वधु की उपस्थिति का बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन कराया जा रहा है, इस सामूहिक विवाह समारोह में बहुत सारी योजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया गया,जिसमें माध्यमिक विद्यालयों में 47.46 लाख की लागत से 4 मल्टीपर्पज हॉल तथा दो अतिरिक्त कक्षो का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 8573.38 लाख की लागत से ग्रामीण संपर्क मार्ग खेल मैदानो तथा पार्क निर्माण के कार्य का शुभारंभ, इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज नसीरपुर में 65.32 लाख की लागत से अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के कार्य का उद्घाटन भी किया गया,इस अवसर पर मेयर कामिनी राठौर विधायक टूंडला प्रेम पाल धनगर और भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी वरबधुओं को शुभ आशीर्वचन देते हुए सरकार की इस लोक हितेषी कार्य को गरीबों के लिए हितकारी उत्सवर्धन बताया। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री के हाथों विभिन्न योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया,जिसमें जय देवी को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चाबी वितरित की गई,जबकि शिखा,ममता, सूरज कुशवाहा को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चाबी प्रदान की गई, जबकि प्रशांत कुमार और सोनू कुमार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत चेक वितरित किया गया,जबकि शांति देवी, डोली देवी,आरती देवी जो स्वयं सहायता समूह से संबंधित है, उनको चेक और प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए और अवधेश यादव और गहरी सिंह को कृषि उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ अपर जिलाधिकारी विशु राजा अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट,परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

## नौका विहार के साथ हुआ चंद्रोदय मंदिर के त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का भव्य समापन



**मथुरा।** वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में चल रहे त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का समापन रविवार को नौका विहार महोत्सव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के श्रीविग्रह को पालकी शोभायात्रा के माध्यम से मंदिर प्रांगण स्थित कल्याणी तक लाया गया, जहाँ उन्हें नौका रूपी कुंज महल में विराजमान कर नौका विहार कराया गया। ठाकुरजी के इस अलौकिक एवं मनोहर नौका विहार दर्शन का दृश्य देखते ही बनता था। भक्तों ने नौका, कल्याणी तथा मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के पुष्पों से भव्य रूप से सजाया। पुष्पों से सुसज्जित नौका पर विराजमान श्री राधा वृन्दावन चंद्र के दर्शन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। हर ओर ह्लराधा वृन्दावन चंद्र की जय !ह्ल के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायमान रहा। शयन आरती के दौरान भक्तों ने दामोदर अष्टकम का सामूहिक गान किया तथा दीपदान कर ठाकुरजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर इस्कॉन बैंगलोर के विभिन्न केंद्रों से आए भक्तगणों सहित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और अन्य राज्यों से भी सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश की प्रमुख रेल परियोजनाओं को पूर्ण कराने की सीएम से की मांग

**टूंडला।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर आग्रह किया है कि उत्तर प्रदेश में चल रही महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए, ताकि प्रदेश की जनता को सुविधा मिले और क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में उल्लेख किया है कि चोपन चुनार रेलमार्ग दोहरीकरण लंबाई 102 किमी परियोजना अगस्त 2022 में 1424 करोड़ की लागत से स्वीकृत हुई थी। इसमें सोनभद्र जनपद स्थित सोन नदी पर 1128 मीटर लंबे पुल का निर्माण लागत 230.30 करोड़ भी सम्मिलित है। यह परियोजना लगभग 25 लाख की आबादी को सीधा लाभ पहुँचाएगी। लक्ष्य वर्ष 2027 तक निर्धारित है, परंतु निर्माण कार्य की गति को और तेज किए जाने की आवश्यकता है। एटाझकासगंज नई रेल लाइन लंबाई 29 किमी परियोजना के लिए 389 करोड़ की धनराशि 19 फरवरी 2024 को स्वीकृत की गई है तथा भूमि अधिग्रहण हेतु 105 करोड़ का आवंटन भी हो चुका है। भूमि अधिग्रहण की धीमी प्रगति के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। यह लाइन पूर्ण होने पर टूंडला एटा कासगंज सोरों शूकरक्षेत्र उझानी बरेली सिटी पीलीभीत टनकपुर उत्तराखंड के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित करेगी। आगरा फोर्ट बांदीकुई रेल लाइन दोहरीकरण लंबाई 150 किमी परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 फरवरी 2024 को किया था। 1389 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना निमार्णाधीन है,किंतु इसे समयबद्ध रूप से पूर्ण कराना आवश्यक है। श्री गौतम ने कहा कि ये तीनों रेल परियोजनाएँ प्रदेश के औद्योगिक धार्मिक एवं पर्यटन विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

# देवोत्थानी एकादशी पर परिक्रमा मार्ग में बनी अटूट श्रृंखला

> तीन वन और पंचकोसीय परिक्रमा के लिए परिक्रमार्थियों की भीड़ उमड़ी



**मथुरा।** देवोत्थान एकादशी पर धर्म नगरी वृंदावन में मध्यरात्रि से ही तीन वन और पंचकोसीय परिक्रमा के लिए परिक्रमार्थियों की भीड़ उमड़ परिक्रमा मार्ग में दिखने लगी थी। भोर के समय हल्की ठंड के बीच परिक्रमा मार्ग में अटूट मानव श्रंखला दिख रही थी। माना जाता है कि द्वापर युग में कंस वध के बाद भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने तीन वन यानि मथुरा, वृंदावन और गरुड गोविंद की परिक्रमा लगाई थी। उनके साथ ब्रजवासियों ने भी परिक्रमा लगाई थी। तभी से इस परम्परा का निर्वहन भक्तों द्वारा किया जाता है।

ऐसी मान्यता है कि तीन वन परिक्रमा करने से मक्त के सारे काट दूर हो जाते हैं और मनोकामना पूर्ण होती है। देवोत्थान एकादशी को रात्रि में देव उठान की पूजा में गन्ना और सिंघाड़ों का प्रयोग किया जाता है। इसी के चलते परिक्रमा मार्ग में गन्ना और सिंघाड़ों की खूब बिक्री हुई। परिक्रमा मार्ग राधे राधे के जयकारों से गुंजायमान रहा। मार्ग देवोत्थान एकादशी पर चतुर्वेदी समाज के लोगों ने कंस वध की प्रतीकात्मक लीला के बाद मध्य रात्रि से ही तीन वन की परिक्रमा शुरू कर दी। वहीं वृंदावन नगर के लोगों ने यहां की पंचकोसी परिक्रमा कर पुण्य लाभकमाया। परिक्रमा का यह क्रम देर सायं तक चलता रहा। पूरा परिक्रमा मार्ग राधे राधे के जयकारों से गुंजायमान हो रहा था। नगर निगम ने परिक्रमा मार्ग में चाक चैबंद व्यवस्था की थीं। चप्पे चप्पे पर सफाई कर्मचारी तैनात नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए चप्पे चप्पे पर सफाई कर्मचारी तैनात किए गए। वहीं पुलिस प्रशासन भी परिक्रमा पर पैनी नजर रखे हुए था। परिक्रमा मार्ग में जगह-जगह परिक्रमार्थियों की सुविधा के लिए कहीं हलवा पूड़ी, साग पूडी, खीर फल, चाय और फलाहार आदि का वितरण किया गया। वहीं कई जगह प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर लगाकर निशुल्क उपचार किया गया। देवोत्थान एकादशी पूजा के लिए परिक्रमा मार्ग में जगह जगह पूजा सामग्री और गन्ना की बिक्री हो रही थी। लोग शाम के समय पूजा के लिए पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे थे। पंचकोसीय परिक्रमा में सुबह से ही मानव श्रृंखला बन गई। जो देर शाम नहीं टूटी थी। विदेशी भक्त भी भजन कीर्तन करते परिक्रमा में लगा रहे थे। इस्कोन मंदिर और अटल्ला चुंगी कट पर तैनात पुलिसकर्मी कमी परिक्रमार्थियों रोकते तो कभी वाहनों को। स्मणरेती बिहार घाट, सूरज घाट, श्रृंगारवट घाट, केशीघाट पर श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा। खुले पैसे न होने से चाट पकोड़ी के ठेलों पर भीड़ कम रही। आज ज बांकेबिहारी मंदिर के दर्शन करने के लिए भी लोग बड़ी तादाद में पहुंचे।

## निर्माण कार्यों की होगी जांच, खराब गुणवत्ता पर फंसेंगे ठेकेदार, निगम दर्ज करायेगा रिपोर्ट

**आगरा।** निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की अब मुश्किल बढ़ने वाली है। गुणवत्ता खराब मिलने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के साथ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध में नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। आगरा में नगर निगम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की रैंडम जांच होगी। जांच के दौरान गुणवत्ता खराब मिलने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। साथ ही संबंधित ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज होगी। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने शनिवार को समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों और अभियंताओं को यह निर्देश दिए हैं। सभी अफसरों को लगातार जांच करने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अभियंताओं को निर्देशित किया कि सीएम ग्रिड से संबंधित कार्यों की ड्राइंग शीघ्र उपलब्ध कराई जाए ताकि कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। जिन योजनाओं के टेंडर जारी हो चुके हैं, उनके वर्क ऑर्डर में अनावश्यक देरी न की जाए। शहर की सड़कों की स्थिति पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़कों पर बने मेनहोल और गड्ढों की मरम्मत तत्काल कराकर रिपोर्ट उन्हें सौंपी जाए। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान उत्पन्न होने वाले सीएनडी वेस्ट (निर्माण मलबे) का समय पर उठान सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में नगर निगम के सभी निर्माण अभियंता और निर्माण विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।




# दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत ने जीता वर्ल्ड कप

## क्रिकेट : शेफाली की 87 रन की आक्रामक पारी, दीप्ति शर्मा 58 गेंद में 58 रन व जेमिमा 37 गेंद में 24 रन बनाये

एजेंसी

नवी मुंबई। भारत की लड़कियों ने आखिरकार 47 साल के लंबे इंतजार के बाद इतिहास रच ही दिया। इंडिया विमेंस ने रविवार को फाइनल में साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। पाटील स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट





खो कर 298 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58, स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने 3 विकेट लिए। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने शतक लगाया, लेकिन टीम को जिता नहीं सकीं। दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लिए।

चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में आयी शेफाली वर्मा (78 गेंद में 87 रन) और दीप्ति शर्मा (58 गेंद में 58 रन) की अर्धशतकीय पारियों के साथ रिचा घोष की तेज तर्रार बल्लेबाजी (24 गेंद में 34 रन) के बूते भारत ने रविवार को यहां आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में सात विकेट पर 298 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर शेफाली ने स्मृति मंधाना (58 गेंद में 45 रन) के साथ पहले विकेट के लिए शतकीय (106 गेंद में 104 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (37 गेंद में 24 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 62 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने धीमी होती पिच पर बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी से भारत को 300 रन से अंदर रोक दिया। इससे पहले चार जुलाई 2022 को श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 71 रन की पारी खेलने वाली शेफाली ने 21वें ओवर में सुने लुस की गेंद पर ऐनेक बॉश से मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए वनडे की अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी के दौरान सात चौके और दो छक्के लगाये। भारतीय टीम 26वें ओवर के बाद लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही जिससे टीम



शानदार शुरूआत के बावजूद रन गति को तेज करने में नाकाम रही। दीप्ति शर्मा इस दौरान वनडे विश्व कप में 15 विकेट और 200 रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनी। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया जबकि रिचा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तीन चौके और दो छक्के जड़े। दक्षिण अफ्रीका के लिए आयोबोंगा खाका सबसे सफल गेंदबाज रही। उन्होंने 58 रन देकर तीन विकेट लिये। शेफाली और मंधाना ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। स्मृति ने मारिजान काप के पहले ओवर में खेल परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने की कोशिश की तो वहीं शेफाली ने दूसरे ओवर में अपनी पारी का आगाज आयोबोंगा खाका की गेंद पर चौके साथ किया। मंधाना ने काप की गेंद पर प्वाइंट क्षेत्र में कट कर शानदार चौका लगाया। शफाली ने काप तो वहीं मंधाना ने खाका के खिलाफ छठे ओवर में लगातार दो कलात्मक चौके लगाकर अपनी शानदार लय को जारी रखा। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट ने तेज गेंदबाजों के असरहीन दिखने के बाद आठवें ओवर में स्पिन का सहारा लेते हुए नोनकुलुलेको म्लाबा (47 रन पर एक विकेट) को गेंद थमाई लेकिन शेफाली ने उनका स्वागत भी चौके से किया। भारत ने शुरुआती 10 ओवर में बिना किसी नुकसान के 64 रन के साथ इस विश्व कप में पावरप्ले का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। पावरप्ले के बाद भारत की रनगति पर थोड़ा अंकुश लगा लेकिन नादिन डि क्लार्क (52 रन पर एक विकेट) की गेंद पर शेफाली ने अपनी पारी का पहला छक्का जड़ दबाव कम किया।

संक्षेप

### विश्व स्नूकर में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे आडवाणी

बेंगलुरु। तीन बार के चैंपियन पंकज आडवाणी सोमवार से दोहा में शुरू हो रही आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगे। पुरुषों की प्रतियोगिता दो चरण (तीन से छह नवंबर और सात से 13 नवंबर) में होगी जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सीधे दूसरे चरण में जाएंगे। पारस गुप्ता, ध्वज हारिया, मलकीत सिंह और मोहम्मद हुसैन अंतिम चरण में आडवाणी और बृजेश दमानी के साथ शामिल होने की कोशिश करेंगे। शुक्रवार से शुरू होने वाली महिलाओं की प्रतियोगिता में मौजूदा राष्ट्रीय 6 रेड चैंपियन कीर्तना पांडियन और नताशा चेतन सहित छह भारतीय खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी।

### सिनर व ऑगर में होगा खिताबी मुकाबला

पेरिस। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को आसानी से 6-0, 6-1 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया और फिर से नंबर एक रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाये। इटली के चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर यदि फाइनल में नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को हरा देते हैं तो वह छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ की जगह फिर से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। ऑगर अलियासिमे ने इससे पहले ला डिफेंस एरिना में सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-6 (3), 6-4 से हराया। सिनर ने इनडोर टूर्नामेंट में अपने जीत के सिलसिले को 25 मैचों तक बढ़ा दिया है। उन्होंने गत विजेता ज्वेरेव को लगातार चौथी बार हराकर उन पर 5-4 की बढ़त बना ली है।

### उन्नति हुड्डा बाहर, हाइलो में भारतीय चुनौती समाप्त

सारब्रूकेन (जर्मनी)। उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को यहां 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन के महिला एकल सेमीफाइनल में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय पुत्री कुसुमा वर्दानी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। रोहतक की 18 वर्षीय खिलाड़ी उन्नति ने इस सप्ताह प्रभावशाली प्रदर्शन किया, लेकिन वह वर्दानी की गति और सटीकता की बराबरी नहीं कर सकी और शनिवार रात 35 मिनट तक चले मुकाबले में 7-21, 13-21 से हार गई।

## पंत ने भारत ए को रोमंचक जीत, श्रृंखला 1-0 से आगे

एजेंसी

बेंगलुरू। कप्तान ऋषभ पंत की 90 रन की शानदार पारी और निचले क्रम के बल्लेबाजों की दमदार पारियों की बदौलत भारत ए ने रविवार को यहां पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। भारत ए अब दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

दूसरा मैच अगले गुरुवार से बीसीसीआई सीओई मैदान पर ही खेला जाएगा। भारत ए ने मैच के चौथे और अंतिम दिन सुबह अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 119 रन से आगे बढ़ाई। पंत (90 रन, 113 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और आयुष बडोनी (34 रन, 47 गेंद) ने सुबह अच्छी शुरुआत की और 12 ओवर में 63 रन जोड़े। भारत को 275 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम दिन 166 रन की जरूरत थी। पंत और बडोनी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। पंत ने दिन की दूसरी ही गेंद पर तेज़ गेंदबाज़ ओकुहले सेले पर छक्का जड़ा और उसके बाद एक हाथ से शॉट लगाकर थर्ड मैन क्षेत्र में दो चौके लगाए। सेले ने दिन के पहले ओवर में 14 रन दिए। पंत हालांकि अपना शतक



पूरा नहीं कर पाए। उन्हें तियान वान वुरेन की गेंद पर पुल करने का समय नहीं मिला और गेंद हवा में लहरा गई। लेसेगो सेनोक्वाने ने दूसरी स्लिप से दौड़ते हुए कैच लपका। सेनोक्वाने के लिए यह बड़ी राहत की बात थी क्योंकि उन्होंने प्रेनेलन सुब्रायन की गेंद पर फॉरवर्ड शॉर्ट लेग पर पंत का कैच छोड़ा था। पंत तब 80 रन पर खेल रहे थे।

लेकिन जिस तरह से पंत ने दूसरी पारी में बल्लेबाजी की और मैच में 139.3 ओवर तक विकेटकीपिंग की, वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए सीनियर टीम की घोषणा करने से पहले चयनकर्ताओं के लिए एक सुखद संकेत हो सकता है। बडोनी भी वान वुरेन की अच्छी दिशा में डाली गई बाउंसर पर पुल नहीं कर सके और डीप फाइन लेग पर कैच आउट हो गए।

### जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने कश्मीर मैराथन को दिखई हरी झंडी हिस्सा लिया

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को यहां कश्मीर मैराथन के दूसरे सत्र को हरी झंडी दिखाई जिसमें विदेश और देश के अलग-अलग हिस्सों से 1500 धावकों ने हिस्सा लिया। मैराथन को हरी झंडी दिखाए जाने के कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी भी मौजूद थे जबकि उमर अब्दुल्ला ने पिछले साल की तरह इस साल भी हाफ मैराथन में हिस्सा लिया। उमर अब्दुल्ला ने अपने निजी एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, अभी-अभी कश्मीर हाफ मैराथन पूरी की। मैंने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन पिछले साल के मुकाबले अपने प्रदर्शन में सुधार किया। पूर्ण मैराथन और हाफ मैराथन पूरी करने वाले सभी धावकों को बधाई। बहुत बढ़िया। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक हैंडल से भी एक संदेश पोस्ट किया। उन्होंने कहा श्रीनगर में हजारों उत्साही धावकों के बीच मुख्यमंत्री ने आज सुबह कश्मीर मैराथन-2025 को हरी झंडी दिखाई जो जम्मू-कश्मीर की फिटनेस, जज्बे और कभी नहीं रुकने वाली भावना का जश्न है। संवाददाताओं से बात करते हुए सुनील शेट्टी ने कहा कि पहलगाम में हुए जानलेवा आतंकी हमले के बाद कश्मीर में चीजें सामान्य होने लगी हैं।

## प्रमोद-सुकांत, नितेश व मनीषा ने जीता स्वर्ण पदक



एजेंसी

जकार्ता। भारत के पैरा-बैडमिंटन दल ने इंडोनेशिया पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें प्रमोद भगत और सुकांत कदम की जोड़ी के अलावा चार अन्य खिलाड़ियों ने अलग अलग वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद ने सुकांत के साथ मिलकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 के फाइनल में इंडोनेशिया के द्वियोको और सेटियावान को सीधे गेम में 21-16, 21-12 से हराकर स्वर्ण

❍ इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन

पदक जीता। भारत का दबदबा एसएल3 और एसएल4 पुरुष एकल वर्ग में भी रहा जिसमें नितेश कुमार और शिवकुमार पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बने। महिला एकल एसयू5 में मनीषा रामदास ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया जबकि एसएच6 में सुमति सिवन ने शानदार जीत से भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा। प्रमोद ने मिश्रित युगल में भी कांस्य पदक जीता जबकि तोक्यो पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने पुरुष एकल एसएच6 में कांस्य और मिश्रित युगल एसएच6 में रजत पदक जीता। कृष्णा और उनकी जोड़ीदार सुमति सिवन को फाइनल में इंडोनेशिया की सुभान और मर्लिना की जोड़ी से 13-21, 9-21 से हार मिली। अन्य खिलाड़ियों में सोलाईमलाई (एसएच6 पुरुष), एस कुमार (डब्ल्यूएच।पुरुष), प्रेम कुमार और अल्फिना जेम्स (मिश्रित युगल डब्ल्यूएच 1-डब्ल्यूएच2) और अबू हुबैदा और प्रेम कुमार (पुरुष युगल डब्ल्यूएच 1-डब्ल्यूएच2) ने भी देश के लिए पदक जीते।

### केन विलियमसन ने लिया संन्यास

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला शुरू होने से कुछ दिन पहले रविवार को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। न्यूजीलैंड के लिए 93 टी-20 मैच खेलने वाले विलियमसन को हाल ही में 2026 के सत्र के लिए आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊसुपर जायंट्स का रणनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। संन्यास लेने की घोषणा करने के कारण इस 35 वर्षीय बल्लेबाज को बुधवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के लिए 14 सदस्यीय टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया। विलियमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2575 रन बनाए लेकिन वह एक भी शतक नहीं लगा पाए। वह कैरेबियाई टीम के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की तैयारी के सिलसिले में आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में भी नहीं खेलेंगे।

## लखनऊ व अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी सेमीफाइनल में

लखनऊ। मेजबान लखनऊ मंडल सहित अयोध्या, गोरखपुर व वाराणसी ने राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के समन्वय से क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल मे

❍ राज्य स्तरीय समन्वय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता

किया जा रहा है। लखनऊ की खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और आजमगढ़ के खिलाफ 14-12 के अंतर से जीत दर्ज की।

लखनऊ की जीत में ऋतु पाल ने कमाल दिखाया जिन्होंने सर्वाधिक 8 गोल दागे। शाम के सत्र में पहले क्वार्टर फाइनल में अयोध्या मंडल ने बस्ती को शानदार अंदाज में 14-6 से पराजित किया।

## गोरखपुर में सीएम कप : हैंडबॉल व खो-खो 21 से 23 नवंबर तक

लखनऊ। बाबा गोरखनाथ की नगरी गोरखपुर इस माह एक बड़े खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रही है। यहां स्थित वीर बहादुर सिंह गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज में सीएम कप उत्तर प्रदेश स्टेट सीनियर पुरुष हैंडबॉल एवं खो-खो प्रतियोगिता 21 से 23 नवंबर 2025 तक आयोजित होगी।




इस प्रतियोगिता के ब्रांड एम्बेसडर गोरखपुर के सांसद रवि किशन होंगे। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन और खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में लीग कम नॉक आउट प्रणाली पर खेली जाएगी। इसकी रूपरेखा उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के कार्यकारी महासचिव अमित पाण्डेय एवं पंकज पाण्डेय महासचिव उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव ने तैयार की है। अमित पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत हैंडबॉल की स्पर्धा कॉलेज के बहुउद्देश्यीय हाल में होगी, जब कि खो-खो की भिड़ंत कॉलेज के खेल मैदान पर देखने को मिलेगी। हैंडबॉल में 18 मंडलों व यूपी पुलिस, एसएसबी, अमेठी हास्टल व साई सैफई, एनइ रेलवे सहित कुल 23 टीमें भाग लेंगी। दूसरी ओर खो-खो की प्रतियोगिता में 16 मंडलों व यूपी पुलिस, एसएसबी की टीमें प्रतिभाग करेंगी। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने इस आयोजन के बारे में कहा कि सीएम कप न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि प्रदेश के खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और क्षमता को परखने का अवसर भी है। गोरखपुर जैसे ऊर्जावान शहर में इन खेलों का आयोजन युवाओं के उत्साह को नई दिशा देगा। उत्तर प्रदेश खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव पंकज पाण्डेय ने बताया कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश के हर मंडल से उभरते खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएं।

❍ सांसद रवि किशन होंगे ब्रांड एम्बेसडर, खेल प्रतिभाओं को करेंगे प्रोत्साहित

## टी-20 : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया

एजेंसी

होबार्ट। अर्शदीप सिंह की उम्दा गेंदबाजी के बाद वाशिंगटन सुंदर की तूफानी पारी से भारत ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। ऑस्ट्रेलिया के 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने वाशिंगटन की 23 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 49 रन की पारी और जितेश शर्मा (13 गेंद में नाबाद 22) के साथ उनकी छठे विकेट की 25 गेंद में 43 रन की अटूट

❍ श्रृंखला 1-1 से बराबर

साझेदारी की बदौलत 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर जीत दर्ज की। तिलक वर्मा (29), अभिषेक शर्मा (25) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (24) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। वाशिंगटन को इस मैच में गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्ले से एकादश में अपने चयन को सही साबित किया।



ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। अर्शदीप (35 रन पर तीन विकेट) और वरुण चक्रवर्ती (33 रन पर दो विकेट) ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 74 रन कर दिया था लेकिन टिम डेविड (74) और मार्कस स्टोइनिस (64) ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़कर मेजबान टीम का स्कोर छह विकेट पर 186 रन तक पहुंचाया। डेविड ने 38 गेंद का सामना करते हुए पांच छक्के और आठ चौके मारे जबकि स्टोइनिस ने 39 गेंद की पारी में दो छक्के और आठ चौके जड़े।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पावर प्ले में 64 रन जोड़े लेकिन फॉर्म में चल रहे अभिषेक और शुभमन गिल (15) के विकेट गंवा दिए। अभिषेक ने बार्टलेट पर छक्के से खाता खोला और फिर सीन एबट की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा।

वह हालांकि एलिस की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर जोश इंग्लिस को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (24) ने आते ही एलिस और एबट पर छक्के मारे लेकिन एलिस ने गिल को पगबाधा कर दिया। सूर्यकुमार भी स्टोइनिस की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर पर एलिस को आसान कैच दे बैठे। तिलक और अक्षर पटेल ने इसके बाद पारी को संभाला। दोनों ने 10वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। एलिस की गेंद पर बार्टलेट ने अक्षर का शानदार कैच लपककर भारत को चौथा झटका दिया। वाशिंगटन ने इसके बाद मोर्चा संभाला। उन्होंने एलिस पर छक्के के साथ शुरुआत की और फिर एबट की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे। तिलक ने बार्टलेट की गेंद को विकेट के पीछे खेलने की कोशिश में इंग्लिस को आसान कैच थमाया जिससे भारत का स्कोर पांच विकेट पर 145 रन हो गया।

भारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 35 रन की दरकार थी और वाशिंगटन ने जितेश के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। जितेश ने बार्टलेट और एलिस पर चौके मारे जबकि वाशिंगटन ने मैथ्यू कुहनेमन की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। जितेश ने इसके बाद एबट पर चौके के साथ भारत की जीत सुनिश्चित की। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद अर्शदीप ने दो ओवर में दो विकेट चटकाकर मेहमान टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। श्रृंखला का अपना पहला मैच खेल रहे इस प्रारूप के भारत के सबसे सफल गेंदबाज अर्शदीप ने ट्रेविस हेड (06) और जोश इंग्लिस (01) को अपने लगातार ओवरों में पवेलियन भेजकर तीसरे ओवर में ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 14 रन पर दो विकेट किया।

अर्शदीप की शॉर्ट गेंद पर कड़ा प्रहार करने की कोशिश में हेड गेंद को हवा में लहरा गए और सूर्यकुमार ने मिड ऑफ पर आसान कैच लपका। अर्शदीप के अगले ओवर में इंग्लिस भी फाइन लेग पर अक्षर पटेल के हाथों लपके गए। डेविड ने इसके बाद तूफानी बल्लेबाजी का नजारा पेश किया और भारत के सभी गेंदबाजों को निशाने पर रखा। उन्होंने अपने पांच में से चार छक्के सीधे मारे जबकि अक्षर की गेंद को कवर्स के ऊपर से छह रन के लिए भेजा।

# यूक्रेन के ओडेसा पर ड्रोन हमले में दो की मौत

## जपोरिज्जिया क्षेत्र पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले के बाद अनेक निवासियों को बिजली के बिना रहना पड़ा

एजेंसी

कीव। यूक्रेन के दक्षिण-पश्चिमी ओडेसा क्षेत्र में ड्रोन हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही रूस ने देश की ऊर्जा अवसंरचना पर भी हमला करना जारी रखा। देश के आपातकालीन सेवा विभाग के अनुसार, रविवार तड़के यूक्रेन के काला सागर तट पर ओडेसा क्षेत्र में एक कार पार्किंग पर रूसी ड्रोन ने हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई।

ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने बताया कि इस हमले में तीन अन्य लोग घायल हो गए। रूस द्वारा जपोरिज्जिया क्षेत्र पर ड्रोन और मिसाइल से हमले किए जाने के बाद अनेक निवासियों को बिजली के बिना रहना पड़ा। क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि हमलों में लगभग 60,000 लोगों को बिजली आपूर्ति के बाधित होने का सामना करना पड़ा और दो लोग घायल हुए। उन्होंने टेलीग्राम पर मलबे में बदली इमारतों की तस्वीरें पोस्ट कीं। यूक्रेन के राष्ट्रीय ऊर्जा ऑपरेटर, उक्रेनेर्गो ने कहा कि यूक्रेन की विद्युत ग्रिड पर हमलों के परिणामस्वरूप, रविवार को कई क्षेत्रों में बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। हमलों का उद्देश्य यूक्रेन के मनोबल को कमजोर करना तथा हथियार निर्माण और अन्य युद्ध-संबंधी गतिविधियों को



बाधित करना है, जो रूस द्वारा अपने पड़ोसी देश पर पूर्ण आक्रमण के लगभग चार वर्ष बाद हुआ है। विश्लेषकों और अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष रूस ने अपनी रणनीति बदल दी है और विशिष्ट क्षेत्रों तथा गैस अवसंरचना को निशाना बनाया है।

इस बीच क्षेत्रीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यूक्रेनी ड्रोन हमले में रूस के तुआप्से बंदरगाह पर एक तेल टैंकर और बुनियादी ढांचे में आग लग गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में काला सागर बंदरगाह पर टर्मिनल संरचनाओं और एक टैंकर में आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। एसोसिएटेड प्रेस स्वतंत्र रूप से इन तस्वीरों की पुष्टि नहीं कर सका। तुआप्से में एक प्रमुख तेल निर्यात टर्मिनल और सरकारी स्वामित्व वाली रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट की एक रिफाइनरी स्थित है।

### कनाडा और फिलीपीन ने युद्ध अभ्यास बढ़ाने, चीन की आक्रामकता रोकने के लिए रक्षा समझौता किया

मनीला (फिलीपीन)। विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता के कटु आलोचक कनाडा और फिलीपीन ने रविवार को एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य उनकी सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास करना और आक्रामकता को रोकना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कनाडा एवं अन्य पश्चिमी देश कानून के शासन को बढ़ावा देने और क्षेत्र में व्यापार व निवेश बढ़ाने में मदद करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर अन्य देशों के साथ रक्षा संबंध स्थापित करने के प्रयास कर रहे हैं, ताकि उनके देश की सेना को विवादित जल क्षेत्र में सैन्य रूप से अपेक्षाकृत मजबूत चीन का सामना करने में मदद मिल

# पीएम विज्ञान व प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन का आज करेंगे उद्घाटन



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन नवंबर को पहले उभरते विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025 का उद्घाटन करेंगे और देश में निजी क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) को प्रोत्साहित करने के लिए एक मेगा फंड की शुरुआत करेंगे। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। ईएसटीआईसी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया गया है, जिसे हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, उद्योग और सरकार की ओर से 3,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके अलावा नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रमुख वैज्ञानिक, नवोन्मेषक और नीति निर्माता भी भाग लेंगे। देश के आरएंडडी पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना निधि की शुरुआत करेंगे। बयान में कहा गया है कि इस योजना का उद्देश्य देश में निजी क्षेत्र आधारित अनुसंधान एवं विकास व्यवस्था को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में उन्नत सामग्री एवं विनिर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव विनिर्माण, नीली (महासागरीय) अर्थव्यवस्था, डिजिटल संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और अर्धचालक विनिर्माण, उभरती कृषि प्रौद्योगिकियां, ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु, स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकियां, क्वांटम साइंस एंड टेक्नोलॉजी तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियां समेत 11 विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## संक्षेप

### बिहार चुनाव : कांग्रेस ने पीएम से प्रश्नपत्र व रोजगार पर पूछे सवाल

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के शासन में जंगलराज होने के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आरोपों पर पलटवार करते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्य में प्रश्नपत्र लीक, रोजगार की तलाश में परिवारों के पलायन और जघन्य अपराधों में कथित वृद्धि के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधते हुए राज्य में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि का हवाला दिया और प्रधानमंत्री से पूछा कि क्या यह उनकी ट्रबल इंजन सरकार का तथाकथित मंगल राज है? राजग बिहार में मतदाताओं को यह कहते हुए आगाह कर रहा है कि सत्ता में महागठबंधन की वापसी से पूर्ववर्ती राजद शासन में व्याप्त जंगल राज का युग वापस आ जाएगा, जहां अपराधी दंड के भय से मुक्त होकर काम करते थे। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना की उन्हीं सड़कों पर जहां नौकरी और निष्पक्ष भर्ती परीक्षा की मांग को लेकर युवाओं पर लगभग हर महीने लाठीचार्ज किया जाता था, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री वोट के लिए रोड शो कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री ने वैष्णव से मुलाकात कर रेलवे संपर्क पर की चर्चा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और पर्यटन स्थल उमरंगसो तक नयी रेल लाइन बिछाने सहित राज्य में रेलवे संपर्क संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने कोकराझार जिले से होकर भूटान के साथ प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय लाइन पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा आज सुबह माननीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी के साथ बहुत ही उपयोगी बैठक हुई। हमने असम में रेलवे के विस्तार और लोगों के लिए समग्र संपर्क बढ़ाने के प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन मुद्दों पर उन्होंने चर्चा की गई उनमें होजई जिले के उमरांगसो शहर से लंका तक एक नयी रेलवे लाइन, कोकराझार से भूटान के गेलेफू तक नयी रेलवे लाइन के काम में तेजी लाना, असम के लिए तीन नयी अमृत भारत ट्रेन और राज्य से गुजरने वाली सभी प्रमुख रेलगाड़ियों के राज्य में अधिक ठहराव शामिल है।

# नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या घटी

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत में नक्सल हिंसा से प्रभावित जिलों के वर्गीकरण की ताजा समीक्षा में पाया गया कि अप्रैल में नौ राज्यों में इनकी संख्या 46 थी, जो अब घटकर 38 रह गई है और चिंताजनक जिलों की श्रेणी में केवल चार तथा सबसे अधिक प्रभावित जिलों की श्रेणी में महज तीन जिले रह गए हैं। यह समीक्षा वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से निपटने के लिए राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना 2015 के एक हिस्से के रूप में की गई, जिसके तहत केंद्र और राज्य सरकारें इस खतरे का मुकाबला करने के लिए मिलकर काम करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 15 अक्टूबर को ताजा वर्गीकरण अधिसूचित किया था। सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है, लिहाजा सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) के अंतर्गत आने वाले जिलों की संख्या एक अप्रैल को 46 से घटकर अब 38 रह गई है। आधिकारिक रिकॉर्ड भी इस बात की पुष्टि करते हैं। एसआरई एक शीर्ष स्तरीय एलडब्ल्यूई नीति योजना है, जिसके तहत केंद्र वामपंथी उग्रवाद से लड़ने के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

एसआरई जिलों को आगे वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों और विरासत एवं प्रबल जिलों में वर्गीकृत किया जाता है। सूत्रों के अनुसार, मार्च 2026 तक नक्सलवाद का खात्मा करने की केंद्र सरकार की घोषणा के तहत सुरक्षा बलों की आक्रामक कार्वाई के बाद, इन सभी श्रेणियों में नक्सली हिंसा और प्रभाव के स्तर में गिरावट देखी गई है।

# बिहार चुनाव के कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में खरगे, राहुल व प्रियंका शामिल





एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी के वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा, कन्हैया कुमार एवं निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए पार्टी के 40 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

बिहार के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश राम, कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, भूपेश बघेल, सचिन पायलट, रणदीप सुरजेवाला और सैयद नसीर हुसैन के साथ-साथ वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत, तारिक अनवर, गौरव गोगोई, मोहम्मद जावेद और अखिलेश प्रसाद सिंह भी इस सूची में शामिल हैं। बिहार में छह और 11 नवंबर को दो चरण में मतदान होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और वामपंथी दलों के इंडिया गठबंधन ने बृहस्पतिवार को राजद नेता तेजस्वी यादव को बिहार चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, अधीर रंजन चौधरी, मीरा कुमार, प्रमोद तिवारी, अजय राय, इमरान प्रतापगढ़ी, पवन खेड़ा, शकील अहमद, रंजीत रंजन, राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, जिग्नेश मेवाणी, अनिल जयहिंद और राजेंद्र पाल गौतम भी पार्टी द्वारा जारी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं।

# वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तत्काल कदम उठायें सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या को उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से हस्तक्षेप की रविवार को अपील की। प्रियंका ने कहा कि केरल के वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली लौटकर सांस लेना वास्तव में चौंकाने वाला अनुभव है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा, अब समय आ गया है कि हम सभी अपने राजनीतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर एकजुट हों और इसके खिलाफ कुछ ठोस कदम उठाएं। केंद्र और राज्य सरकारों को तुरंत कार्वाई करनी चाहिए। हम सब किसी भी ऐसे कदम का समर्थन और सहयोग करेंगे जो इस भयावह स्थिति से निपटने में मददगार साबित हो। प्रियंका गांधी ने कहा कि दिल्लीवासी हर



साल इस जहरीली हवा को झेलने पर मजबूर होते हैं और उनके पास कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने कहा, सांस से जुड़ी बीमारियों से ग्रस्त लोगों, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों, सभी को तत्काल राहत की आवश्यकता है। हमें इस प्रदूषण से निपटने के लिए तुरंत कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, पर्यावरण मंत्री यादव तथा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार को हवा की धीमी गति के कारण प्रदूषक तत्व कम तितर-बितर हुए और दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में बनी रही। राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शनिवार के 303 से बढ़कर रविवार सुबह 386 दर्ज किया गया। दिल्ली के वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (एक्यूईडब्ल्यूएस) ने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली हवाओं की गति शाम और रात के दौरान आठ किलोमीटर प्रति घंटा से कम हो गई।

### मुख्यमंत्री विजयन के खिलाफ आईयूएमएल नेता की टिप्पणी अत्यंत निंदनीय : केरल मंत्री

तिरुवनंतपुरम। केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने रविवार को इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी. एम. ए. सलाम की मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और इसे निंदनीय करार दिया। सलाम ने यह टिप्पणी केरल सरकार द्वारा पीएम श्री योजना से संबंधित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को लेकर की थी। यह समझौता बाद में राज्य सरकार द्वारा स्थगित कर दिया गया था।

## इंटरटेनमेंट...

# 'महा मुंज्या' में बदल गयी लीड एक्ट्रेस की कहानी

**मुंबई।** फिल्म 'महा मुंज्या' को लेकर हाल ही में अफवाहें उड़ रही थीं कि शरवरी वाघ की जगह प्रतिभा रांटा को फिल्म में लिया गया है। लेकिन डायरेक्टर आदित्य आदित्य सरपोतदार ने इस बात को पूरी तरह से गलत बताया है। उन्होंने दिए इंटरव्यू में साफ कहा कि यह खबर सिर्फ अफवाह है और ऐसी कोई भी चीज सच नहीं है। आदित्य आदित्य

> ❍ डायरेक्टर बोले- प्रतिभा रांटा नहीं, शरवरी वाघ फिल्म में लीड रोल में ही बनी रहेंगी




सरपोतदार ने बताया कि शरवरी वाघ और अभय वर्मा फिल्म की कोर टीम में शामिल हैं और शरवरी 'मुंज्या' परिवार का एक अहम हिस्सा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभा रांटा की एंट्री जैसे कोई भी नया कास्टिंग इश्यू सही समय पर फिल्म की टीम की तरफ से घोषित किया जाएगा। इसलिए फिलहाल शरवरी वाघ फिल्म में लीड रोल में ही बनी रहेंगी।

फिल्म 'मुंज्या' डायरेक्टर आदित्य आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी थी, जिसमें शरवरी वाघ के साथ अभय वर्मा, मोना सिंह, सत्यराज और अन्य कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का सीक्वल 'महा मुंज्या' को लेकर भी दर्शकों के बीच उत्साह बहुत है, लेकिन शरवरी के हटाए जाने और प्रतिभा रांटा के आने की खबरें बेबुनियाद साबित हो गई हैं।

# ईशा देओल की बर्थडे पर इमोशनल पोस्ट

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा देओल आज 44 साल की हो चुकी हैं। बर्थडे के खास मौके पर उन्होंने पेरेंट्स धर्मेंद्र और हेमा मालिनी के साथ बचपन की अनदेखी तस्वीर शेयर करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है।

ईशा देओल ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वो धर्मेंद्र और हेमा मालिनी को थामे हुए एक तस्वीर के लिए पोज करती नजर आई हैं। वहीं पेरेंट्स बेहद खूबसूरती से उनकी ओर देख रहे हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'मैं हूं तो सिर्फ आपकी वजह से। मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं पापा और मम्मा।' ईशा देओल ने पोस्ट में फैंस को भी सभी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया अदा



किया है। उन्होंने लिखा, 'आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद इतने प्यारे जन्मदिन की शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए। आप सभी से बहुत प्यार है। खुश रहें, स्वस्थ रहें और मजबूत बनें।' ईशा की पोस्ट पर एक्ट्रेस मनीषा कोइराला ने भी कमेंट करते हुए इसे एडोरेबल कहा है। इसके अलावा भी कई सेलेब्स फोटो की तारीफ करते हुए एक्ट्रेस को बर्थडे विश दे रहे हैं।

### 5 करोड़ एलुमनी लेने की खबर पर भड़कीं माही विज

मुंबई। टेलीविजन इंडस्ट्री के पावरकपल जय भानुशाली और माही विज इन दिनों तलाक की खबरों से सुर्खियों में बने हुए हैं। रिपोर्ट्स रहीं कि दोनों ने तलाक के पेपर्स साइन कर दिए हैं और माही विज ने जय भानुशाली से 5 करोड़ रुपए की एलुमनी मांगी है। अब माही विज ने इन खबरों पर भड़कते हुए इनका खंडन किया है। उन्होंने साफ कहा है कि वो तलाक नहीं ले रहे हैं। एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि जब तक वो खुद किसी खबर की पुष्टि न करें, किसी भी खबर पर यकीन न किया जाए। माही विज ने अपने यूट्यूब चैनल से हाल ही में एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्होंने तलाक की खबर पर कहा, 'तीन-चार दिन से एक न्यूज फीड में बहुत आ रही है।

# शाहरुख की फिल्म 'किंग' का टाइटल रिवील

**मुंबई।** शाहरुख खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा मिला है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने शाहरुख के बर्थडे के खास मौके पर मोस्ट अवेटेड फिल्म किंग का टाइटल रिवील किया है। साथ ही उन्होंने फिल्म से शाहरुख की पहली झलक भी दिखाई है।

> ❍ नए अवतार में दिखे बादशाह, कितने खून किए याद नहीं, डर नहीं दहशत हूं, 2026 में होगी रिलीज

ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान के बाद ये सिद्धार्थ-शाहरुख की दूसरी फिल्म है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और सिद्धार्थ आनंद ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म किंग का ग्रैंड टाइटल रिवील किया और



शाहरुख का फर्स्ट लुक दिखाया। '100 देशों में बदनाम, दुनिया ने दिया सिर्फ एक ही नाम- किंग। किंग टाइटल रिवील। ये शो टाइम है। 2026 में सिनेमाघरों में।' कितने खून किए, याद नहीं। अच्छे लोग थे या बुरे, कभी पूछा नहीं। बस उनकी आंखों में एहसास था कि ये उनकी आखिरी सांस है और मैं उसकी वजह। हजार जुर्म, 100 देशों में बदनाम, दुनिया ने दिया सिर्फ एक ही नाम। डर नहीं दहशत हूं। इट्स शो टाइम। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज होगी। फिल्म में शाहरुख खान नेवर सीन बिफोर लुक देखने मिलने वाला है, जिसकी पहली झलक सामने आ चुकी है।

'किंग' का टाइटल रिवील शाहरुख खान की शानदार पहचान का जश्न है, डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद की तरफ से फैंस के लिए एक तोहफा। इसे शाहरुख के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज में।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com